e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 10, अंक 282

रविवार

15.10.2023

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

खुशनसीब है वो हाथ जो किसी के मुश्किल के वक्त सहारा बन जाये !

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**पहला शैलपुत्री**



नव दुर्गा का पहला रूप शैलपुत्री देवी का है। ये माता पार्वती का ही एक रूप हैं हिमालयराज की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री भी कहा जाता है। नवरात्रि के पहले दिन मां के शैलपुत्री रूप का पूजन होता है।

**शहीद देवेंद्र माझी के 29वें शहादत दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में सम्मिलित हुए सीएम, शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर उनकी शहादत को किया नमन**

# झारखंड के सभी वीर-शहीद अमर रहें : हेमंत

**सीएम हेमंत सोरेन ने कहा**

* जल-जंगल-जमीन आंदोलन के प्रणेता के रूप में शहीद देवेंद्र मांझी जी के योगदान को राज्य कभी भुला नहीं सकता
* अन्याय और शोषण के खिलाफ संघर्ष में झारखंड के हजारों वीरों ने अपना सर्वस्व न्योछावर किया
* झारखंड का नव निर्माण ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि
* लोगों को पूरे मान-सम्मान के साथ दे रहे हैं उनका हक और अधिकार
* शिक्षा से ही बेहतर समाज और राज्य का निर्माण संभव
* गरीबों और जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा देना विशेष प्राथमिकता

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चक्रधरपुर :** झारखंड हमेशा से वीरों और शहीदों की धरती रही है। यहां के अनेकों वीरों ने अन्याय और शोषण के खिलाफ लंबी लड़ाई लड़ी। इस लड़ाई में कई ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इन्हीं शहीदों में एक नाम है -देवेंद्र मांझी। इन्होंने जल, जंगल,जमीन की रक्षा के लिए अपनी शहादत दे दी। जल-जंगल-जमीन के प्रणेता के रूप में उनके योगदान को हम कभी भुला नहीं सकते। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोईलकेरा में शहीद देवेंद्र माझी जी के 29 वें शहादत दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर झारखंड की माटी के वीर सपूत शहीद देवेंद्र मांझी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

**शहीदों के सपनों के अनुरूप झारखंड का कर रहे नवनिर्माण**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे वीरों ने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन और आदिवासी-मूलवासी तथा जल जंगल जमीन की रक्षा के लिए लंबा संघर्ष किया। अब हमारा दायित्व बनता है कि इन शहीदों के सपनों के अनुरूप झारखंड का संवारे। यहां के लोगों को पूरे मान- सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार दें। हमारी सरकार इसके लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड का नव निर्माण ही शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### बेहतर और गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने पर विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने कहा शिक्षा के माध्यम से ही बेहतर समाज और राज्य का निर्माण संभव है। ऐसे में हमारी सरकार का शिक्षा की बेहतरी पर विशेष जोर है। बच्चियां पढ़ाई नहीं छोड़े, इसके लिए उन्हें सावित्रीबाई फुले समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी से लेकर मेडिकल इंजीनियरिंग और अन्य कोर्सेज की पढ़ाई के लिए सरकार आर्थिक मदद कर रही है। यहां के बच्चे विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करें, इसके लिए उन्हें शत प्रतिशत स्कॉलरशिप दी जा रही है। उत्कृष्ट विद्यालयों में बच्चों को निजी विद्यालयों की तर्ज पर शिक्षा दी जा रही है।

### सामाजिक सुरक्षा देना सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के गरीबों और जरूरतमंदों को सामाजिक सुरक्षा देना सरकार की विशेष प्राथमिकता है। इसी कड़ी में हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम के माध्यम से सभी बुजुर्गों, दिव्यांगों और विधवाओं को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा की कोई भी बुजुर्ग पेंशन से वंचित न रहे इसके लिए अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं।

### छात्रावासों का हो रहा जीर्णोद्धार

मुख्यमंत्री ने कहा कि अब सरकारी छात्रावास में रहने वाले छात्र छात्राओं को सिर्फ अपने पढ़ाई पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्हें घर से दाल-चावल ले जाने की जरूरत नहीं है। सरकार छात्रावास में खाद्य सामग्रियों के साथ रसोईया और सिक्योरिटी गार्ड की भी व्यवस्था करेगी। राज्य में जितने भी छात्रावास हैं उन सभी का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जल्द और नए छात्रावास भी बनाये जाएंगे।



### हर वर्ग और हर तबके लिए है योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के हर वर्ग और तबके की जरूरत और कल्याण को ध्यान में रखकर सरकार योजनाएं बना रही हैं। हर योजना लोगों को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है । मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, फूलो झानो आशीर्वाद योजना, सोना -सोबरन धोती साड़ी योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना और नीलांबर पीतांबर जल समृद्धि जैसी कई योजनाओं के माध्यम से राज्य और राज्यवासियों का विकास हो रहा है। आप इन योजनाओं की जानकारी लें और खुद को अपने पैरों पर खड़ा करने के साथ राज्य को मजबूती प्रदान करके में सहयोग करें।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर श्रीमति मंत्री जोबा मांझी, विधायक निरल पूर्ति,दीपक बिरुवा,सुखराम उरांव, सविता महतो, श्री दशरथ गगराई के अलावा पश्चिमी सिंहभूम जिले के उपायुक्त अन्नय मित्तल एवं वरीय पुलिस अधीक्षक समेत जिला प्रशासन के कई अधिकारी मौजूद रहे।

## मारा गया इजरायल में कत्लेआम मचाने वाला अली काची

**नयी दिल्ली :** इज़राइली वायु सेना की एक्स पोस्ट से मिली जानकारी के मुताबिक, शिन बेट और अम्मान के खुफिया मार्गदर्शन में वायु सेना के विमानों ने आतंकवादी संगठन हमास के नजाबा बल के एक कमांडर अली काची को मार गिराया. अली काची ही वह आतंकी है, जिसने पिछले शनिवार गाजा के आसपास की बस्तियों में आतंकवादी हमले का नेतृत्व किया था. 2005 में अली को इजरायलियों के अपहरण और हत्या के बाद गिरफ्तार किया गया था और गिलाद शालित सौदे के हिस्से के रूप में वापस कर दिया गया था.इज़राइल रक्षा बल ने इस बाबत एक्स पर जानकारी दी है कि,अली काची ने 7 अक्टूबर को इज़राइल में नागरिकों के अमानवीय व बर्बर नरसंहार का नेतृत्व किया था. आईडीएफ ने कहा कि, हमने उसे मार गिराया है.कहा कि हमास के सभी आतंकवादियों का यही हश्र होगा.अबू मुराद ने पिछले हफ्ते इजरायल में हमास के हमले के दौरान आतंकवादियों को निर्देशित करने में एक बड़ी भूमिका निभाई थी,जिसमें हमास के लड़ाके हैंग ग्लाइडर्स के जरिए इजरायल में प्रवेश किए थे. आईडीएफ ने कहा कि उसने शनिवार को रात भर अलग-अलग हमलों में हमास के कमांडो बलों से संबंधित दर्जनों ठिकानों को निशाना बनाया, जिन्होंने 7 अक्टूबर को इजरायल में घुसपैठ की थी.उधर, इजरायल के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने युद्ध के एक हफ्ते बीतने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने एक्स पर लिखा, ये इज़राइल राज्य के लिए दुखद दिन हैं. 1300 से अधिक लोगों की हत्या कर दी गई,100 से अधिक लोगों का हमास आतंकवादियों द्वारा अपहरण कर लिया गया.

## क्विक न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया में होने वाली देरी पर चिंता जताई

**नई दिल्ली :** टेंपल ऑफ हीलिंग एनजीओ ने अदालत को बताया कि देशभर में 30 मिलियन से अधिक अनाथ बच्चे हैं, जबकि लोग हर साल केवल 4,000 बच्चे ही गोद लेते हैं. इस पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया में होने वाली देरी पर चिंता जताई और केंद्र से पूछा कि इस प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कोई कदम क्यों नहीं उठाया जा रहा है.सुप्रीम कोर्ट ने बच्चों को गोद लेना एक मानवीय चीज करार दिया और कहा कि अनाथालय में रहने वाले बच्चे बेहतर जीवन की उम्मीद में यह इंतजार करते हैं कि कोई उन्हें गोद लेगा. भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा,बच्चों को गोद लेने में देरी हो रही है.लोगों को तीन से चार साल तक इंतजार करना पड़ता है. बच्चों को गोद लेने में देरी क्यों हो रही है? सेंट्रल एडॉप्शन रिसोर्स अथॉरिटी इस बारे में कुछ क्यों नहीं कर रही है?

### यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सहित तीन बैंकों पर आरबीआई ने लगाया जुर्माना

**मुंबई.** बजाज फाइनेंस, आरबीएल बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को बड़ा झटका लगा है. दरअसल, भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि बजाज फाइनेंस, आरबीएल बैंक और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने निर्देशों का पालन नहीं करने के कारण इन पर जुर्माना लगाया गया है. केंद्रीय बैंक के अनुसार आरबीआई ने बजाज फाइनेंस पर 8.50 लाख रुपये, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर 1 करोड़ रुपये और आरबीएल बैंक पर 64 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है.

### 23 अगस्त को मनाया जाएगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस,केंद्र सरकार ने किया ऐलान

**नई दिल्ली :** भारत सरकार ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की है. इस संबंध में सरकार ने शनिवार को नोटिफिकेशन जारी किया है. इसमें कहा गया है कि 23 अगस्त 2023 को विक्रम लैंडर की लैंडिंग और प्रज्ञान रोवर की तैनाती के साथ मिशन की सफलता की याद में देशभर में हर साल 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा.अधिसूचना में सरकार ने कहा कि 23 अगस्त स्पेस मिशन में देश की प्रगति में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है. यह युवा पीढ़ी की साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ की रुचि बढ़ाने के लिए प्रेरित करता है और स्पेस सेक्टर को एक प्रमुख प्रोत्साहन प्रदान करता है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

**मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने के लिए अधिकारियों को दिया निर्देश**

## प्रधानमंत्री मोदी का उत्तराखण्ड से है विशेष लगाव : सीएम धामी



एजेंसी

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिथौरागढ़ जिले के भ्रमण के दौरान दिए गए विजन को साकार करने के लिए शासन के उच्चाधिकारियों को निर्देश दिये है। शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में अधिकारियों की बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सीमावर्ती क्षेत्रों में चलाए जा रहे विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।।राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा सीमान्त क्षेत्रों के विकास के लिये संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये समेकित प्रयासों की भी मुख्यमंत्री ने जरूरत बतायी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का समूचे उत्तराखण्ड के प्रति विशेष लगाव रहा है। यह समय समय पर उनके उत्तराखण्ड भ्रमण के दौरान स्पष्ट नजर भी आता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में डबल इंजन सरकार उत्तराखण्ड को वर्ष 2025 तक देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए कटिबद्ध है। हम सबको इस दिशा में प्राण प्रण में जुटना होगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूडी, सचिव मुख्यमंत्री आर. मीनाक्षी सुन्दरम, शैलेश बगोली,विनय शंकर पाण्डेय,महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## इजराइल से सुरक्षित लौटी रांची की विनीता

**महुआ मांझी का जताया आभार**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची रातू रोड आर्यपुरी के रहने वाले विश्वजीत घोष की सुपुत्री विनीता घोष पीएचडी की पढ़ाई करने के लिए तेल अबीब विश्वविद्यालय गई हुई थी। हमास और इजराइल के बीच जंग शुरू हो गई। खबरों को देखकर परिवार इतने बेचैन हो उठे कि उन्हें यह समझ में नहीं आ रहा था कि अब क्या करें। उसकी बेटी कैसे रांची वापस लौटे। परिजन राज्यसभा सांसद और झारखंड मुक्ति मोर्चा की महिला अध्यक्ष डा. महुआ माजी से संपर्क किया। महुआ मांझी ने तुरंत दूतावास में ई मेल कर पूरी विस्तार से जानकारी दी। तब वहां से मदद मिली और फिर विश्वजीत की सुपुत्री विनीता सकुशल इसराइल से दिल्ली एयरपोर्ट और दिल्ली एयरपोर्ट से शनिवार को शाम रांची पहुंची। विनीता को देखते ही माता पिता और बस्ती के लोगों ने गले लग लिया। विनीता ने पत्रकारों को बताया कि जिस इजरायल की एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। उस एयरपोर्ट में भी बमबारी की गई। इतना ही नहीं भारत सरकार द्वारा अजय भारत के तहत इजराइल से कई छात्राओं को वापस सब कुशल देश लाया गया। जिस फ्लाइट में 222 लोग सवार थे। उसी मैं भी थी। हमारा पूरा परिवार डॉक्टर महुआ मांझी का आभारी है। डॉक्टर महुआ माजी ने बताया कि हमारे रांची से या हमारे झारखंड से बहुत से छात्र छात्राएं विदेश में पढ़ाई के लिए या नौकरी के लिए जाते हैं। हम राज्य सरकार से केंद्र सरकार से मांग करते हैं कि ऐसी व्यवस्था की जाए युवाओं को उसके ही राज्य में नौकरी मिल सके।

## विश्व कप : भारत ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया




एजेंसी

**अहमदाबाद :** वनडे विश्व कप 2023 में टीम इंडिया ने अपने तीसरे मुकाबले में पाकिस्तान को सात विकेट से हरा दिया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और भारतीय गेंदबाजों ने पाकिस्तान की टीम को 191 रन पर समेट दिया। इसके बाद रोहित और श्रेयस की शानदार पारियों के चलते टीम इंडिया ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। पाकिस्तान के लिए बाबर आजम ने 50 और रिजवान ने 49 रन बनाए। भारत के पांच गेंदबाजों ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, भारत के लिए रोहित ने 86 रन की पारी खेली।

पाकिस्तान के लिए शाहीन ने दो विकेट लिए। इस मैच में पाकिस्तान ने अच्छी शुरुआत की थी। एक समय पाकिस्तान का स्कोर दो विकेट पर 155 रन हो चुका था। इसके बाद सिराज ने बाबर को आउट कर साझेदारी तोड़ी और कुलदीप यादव ने एक ही ओवर में दो विकेट लेकर भारत की वापसी कराई। मोहम्मद सिराज ने शुरुआत में रन लुटाने के बाद बेहतरीन वापसी करते हुए दो विकेट लिए। उन्होंने अहम मौकों पर विकेट लिए और पाकिस्तान की पारी को लय नहीं पकड़ने दी। अंत में बुमराह और जडेजा ने विकेट लिए और पाकिस्तान की पारी 191 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान ने इस मैच में अपने आखिरी आठ विकेट 36 रन पर गंवा दिए। पाकिस्तान के आखिरी सात बल्लेबाजों में सिर्फ हसन अली ही दहाई का आंकड़ा पार कर पाए।

**कोयलांचल में सक्रिय टीएसपीसी नक्सलियों को लगा बड़ा झटका**

# विदेशी हथियारों के साथ 5 नक्सली गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**चतरा :** चतरा के कोयलांचल में लेवी व रंगदारी की मांग को लेकर आतंक का पर्याय बन चुके प्रतिबंधित टीएसपीसी नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है। सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी के नेतृत्व में गठित सिमरिया, टंडवा और पिपरवार थाना पुलिस के चलाए गये विशेष अभियान मे टीएसपीसी के दो सब जोनल कमांडर प्रभात उर्फ विरासत उर्फ प्रेम गंझु व सबजनल कमांडर विशु उर्फ अशोक गंझु,सक्रिय सदस्य अरुण प्रजापति, नरेश कुमार भोक्ता व जितेंद्र कुमार रजक नमक पांचो नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने गिरफ्तार नक्सलियों के पास से 1 एक-56 राइफल,एक सेमी ऑटोमेटिक एसएलआर राइफल,315 बोर का एक राइफल, दो देसी कट्टा, पांच मैगजीन, विभिन्न कैलिबर का 275 राउंड जिंदा गोली, लेवी मांगने में प्रयुक्त विभिन्न कंपनियों का 10 मोबाइल फोन, टीएसपीसी उग्रवादी संगठन का 88 नक्सली पर्चा और एक पिट्ठु बैग बरामद किया गया है। गिरफ्तार नक्शली कोयलांचल में कार्यरत कोल व्यवसाईयो और रेलवे निर्माण में लगे कम्पनी के ठेकेदारो को फोन कर लेवी की मांग करते थे। इसके आलावा शिवपुर-कठौतिया रेलवे लाईन के निर्माण कार्य में लगी आईएससी कंस्ट्रक्शन कम्पनी के फुलवरिया साईट पर आगजनी की घटना को अंजाम दिया था। मामले की जानकारी देते हुए एसपी राकेश रंजन ने बताया नक्सलियों की गिरफ्तारी संगठन के लिए तगड़ा झटका है। उन्होंने क्षेत्र मे कार्य कर रहे कोल व्यवसाईयो से निर्डर होकर



कार्य करने की बात कही है। उन्होंने किसी भी नक्सली संगठन के नाम पर लेवी व रंगदारी से संबंधित धमकी या फोन आने पर पुलिस को सूचित करने की बात कही है।

**लातेहार पुलिस ने भारी मात्र में किया विस्फोटक बरामद**

**लातेहार:** जिले का बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र पिछले तीन दशक से प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकापा माओवादियों का सुरक्षित ठिकाना रहा है। जिसमें पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के नेतृत्व में सुरक्षा बलों के अथक प्रयास से अब बुढ़ा पहाड़ क्षेत्र को माओवादियों से खाली कराया गया है। बुढ़ा पहाड़ के चारों ओर माओवादियों द्वारा प्रेशर आईडी, सिलेंडर आईडी, टिफिन आईडी, प्रेशर कुकर आईडी लगाकर घेराबंदी किया गया था। जिसे सुरक्षा बलों द्वारा नष्ट कर दिया गया।झारखंड जगुआर की टीम एरिया डोमिनेशन सर्व अभियान में निकली थी। जिसे सर्व अभियान के दौरान माओवादियों द्वारा दबा कर रखा गया था। जिसमें 7 सिलेंडर आईडी,एक चिल्ली आईडी बम, एक टिफिन आईडी पाया गया। जिसे विनिष्ट किया गया।

**घायल नक्सली को हेलिकाप्टर से लाकर कराया गया रिम्स में भर्ती**

**रांची :** झारखंड पुलिस और सीआरपीएफ का मानवीय चेहरा शनिवार को सामने आया। पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान घनघोर जंगल में एक नाबालिग नक्सली को घायल अवस्था में देखा गया। सुरक्षाबलों के जवान जख्मी नक्सली को कंधों पर बिठाकर हाथीगुरु कैंप लेकर आए, जहां प्रारंभिक इलाज कर झारखंड पुलिस के सहयोग से हेलिकाप्टर से रांची लाया गया।आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने बताया कि सर्च ऑपरेशन के दौरान एक नक्सली घायल अवस्था में मिला। घायल नक्सली को उसके साथी छोड़कर भाग गये। पुलिस ने उसे जंगल से निकाला और उसकी जान बचाने के लिए हेलिकाप्टर से रांची लाया गया।

### छर्री लदा हाइवा दो भाईयों को कुचला, एक की मौत

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** औरंगाबाद मुख्य पथ पर पड़वा थाना क्षेत्र के गाड़ी खास गांव में छर्री लदा बड़ा हाइवा दो भाईयों को कुचल दिया.जिसमें बड़े भाई सच्चिदानंद मेहता उर्फ लव मेहता की मौत हो गई. जबकि छोटा भाई सुधीर मेहता गंभीर रूप से घायल हैं. घायल का इलाज मेदिनीनगर के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया. घटना शनिवार की शाम की है. घटना के बाद हाइवा चालक फरार हो गया।



**संक्षिप्त खबरें**

### दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** दुर्गा पूजा को देखते हुए जिला पुलिस ने शहर में मॉक ड्रिल किया। पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देशानुसार सार्जेंट मेजर अनीश मोमित कुजूर के नेतृत्व में पुलिस के जवानों ने मॉक ड्रिल किया। शहर के पुलिस स्टेडियम में मॉक ड्रिल कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। मॉक ड्रिल में पुलिस के ही कुछ कर्मी हुड़दंगी बनकर हुड़दंग करने लगे। जिसके बाद पुलिस बल वहां पहुंची और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाने का प्रयास करने लगी। लेकिन, प्रदर्शन कर रहे लोग पुलिस से वार्ता करने के बदले हिंसक होकर पत्थरबाजी करने लगे। इसके जवाब में पुलिस ने पहले तो पानी की बौछार कर हुडदंगियों को खदेड़ने का प्रयास किया। लेकिन, जब प्रदर्शन कर रहे लोग नहीं माने तो पुलिस ने लाठी चार्ज किया। लाठी चार्ज के बाद भी जब स्थिति कंट्रोल में नहीं आई तो पुलिस के द्वारा फायरिंग की गई।

# जहरीले जंतु के काटने से 15 वर्षीय प्रियंका की हुई मौत

## झाड़ फूंक के पश्चात ही प्रियंका को लेकर परिजन पहुंचे थे अस्पताल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** केतार थाना क्षेत्र अंतर्गत बलीगढ़ पंचायत के खोन्हर गाँव निवासी सोती साह के 15वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी को जहरीला जंतु को काट देने से शुक्रवार की देर शाम मौत हो गई। इसकी जानकारी मिलते ही पूरे गांव में गमगीन सा माहौल उत्पन्न हो गया। मृतका के माँ ने बताया कि मेरी पुत्री प्रियंका कुमारी हर दिन की भांति ट्यूशन पढ़ने के लिए शाम 5 बजे घर से दो किलोमीटर दूर चेचरिया राहुल मेहता के पास जाती थी और ट्यूशन खत्म होते ही 6बजे के करीब अपने घर को लौट जाया करती थी। जो शुक्रवार की शाम लौटने के पश्चात मृतिका अपने माँ से बोली कि मैं खाना बनाने जा रही हूं तभी माँ अपने काम को लेकर घर से बाहर गई 20 मिनट बाद वापस घर को लौटी तो देखा कि प्रियंका बेहोश पड़ी हुई है। इस दौरान हमने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी तो लोगों ने देखा कि पैर और हाथ में खून का निशान लगा हुआ है। इसी बीच जहरीला जंतु काटने की संदेह पर परिजनों ने प्रियंका को झाड़ फूंक करवाने के लिए यूपी के रामगढ़ ले गए तो वहां से अस्पताल ले जाने को कहा गया। जब उप स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर लाया गया तो डॉक्टर ने चेक अप कर उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका प्रियंका कुमारी लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार के नवी कक्षा की छात्रा थी। मृतिका की शव शनिवार को सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए गया पोस्टमार्टम के पश्चात शव पैतृक गांव खोनहर दो बजे के करीब पहुंचा शव देखते ही परिजनों ने चीत्कार मारकर रोने लगे इस दौरान आसपास के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा इस दौरान उपस्थित लोगों ने परिजनों को संतान देने में लगे थे। साथ ही हिंदू रीति रिवाज के अनुसार उसे अंतिम संस्कार पास के ही पंडा नदी तट पर कर दिया गया।

# शिव-शक्ति प्रांगण मोरथा में हुआ कलश यात्रा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** शिव-शक्ति प्रांगण मोरया किशुनपुर में दुर्गा पूजा को लेकर कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार सहित कृष्णा उपाध्याय, बचन उपाध्याय, शिक्षक विनोद उपाध्याय, बलराम दुबे, सुरेंद्र उपाध्याय उर्फ बबलू, छोटू उपाध्याय, कुंदन दुबे, पंकज तिवारी, नवीन दुबे, उज्वल उपाध्याय, ऋषिकांत तिवारी, पुरेंद्र दुबे, आदर्श पांडेय, प्रिंस उपाध्याय, कुंदन उपाध्याय, शशिकांत उपाध्याय, पंचायत समिति सदस्य राजू उपाध्याय, सरदारी उपाध्याय, बलराम दुबे, सुरेंद्र उपाध्याय उर्फ बबलू सहित कई लोग उपस्थित थे। पूजा समिति के अध्यक्ष विकास उपाध्याय ने सभी आगत अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर यहां विगत कई वर्षों से लगातार नवाह पारायण पाठ का आयोजन किया जाता है। इस क्षेत्र के लोग तन और मन से मोरया पर भक्ति कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कृष्णा उपाध्याय ने कहा कि पूर्व सांसद मनोज कुमार यहां हर वर्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं। उन्होंने कहा कि यहां दुर्गा पूजा के अवसर पर लगातार नौ दिनों तक भक्ति की अविरल धारा बहेगी। शिक्षक विनोद उपाध्याय ने कहा कि भक्ति में बड़ी शक्ति होती है। उन्होंने कहा कि शिव शक्ति प्रांगण मोरया में हर वर्ष दुर्गापूजा के अवसर पर भक्ति कार्यक्रम का आयोजन होता है। इस मौके पर कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन राजन तिवारी ने किया।

## हरिहरगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने कपेश्वर सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** न्यू सब्जी बाजार के समीप व्यापार मंडल गोदाम परिसर में व्यापार मंडल अध्यक्ष का चुनाव शनिवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। सुबह 9 से लेकर अपराह्न 2 बजे तक मतदान हुआ। चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार अनुकाल्पिक निर्वाचन पदाधिकारी निशितोष ठाकुर मतदान पदाधिकारी मुन्ना कुमार मजिस्ट्रेट रामनरेश राम एसआई कृष्णा यादव सहित पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस दौरान निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड क्षेत्र के कुल 259 मतदाताओं में से 145 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। जबकि 5 मत रद्द घोषित किये गये। चुनाव संपन्न होने के तुरंत बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू की गई। मतगणना के बाद कटैया पंचायत के बनसप्ती गांव निवासी कपेश्वर सिंह उर्फ केपी सिंह को 92 जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी कृष्णा सिंह को 48 मत मिले। केपी सिंह 44 मतों के अंतर से विजयी घोषित किए गए। वे व्यापार मंडल के अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार विजयी घोषित हुए हैं। इस दौरान कई लोगों ने उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि किसान व्यापारियों के हित में कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, रामवृक्ष मस्ताना, बुधन सिंह यादव, अमरेश पाण्डेय, विमलेश यादव, जितेंद्र विश्वकर्मा, धनंजय सिंह, पूर्व मुखिया अनिल सिंह, बिरेन्द्र सिंह, अजीत सिंह, शीलू सिंह, इरशाद आलम, रामनंदन यादव, बिन्देश्वर सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

## एग्री सेंटर में किसानों व महिलाओं के बीच किया गया पौधों का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** पुराने परसार स्थित एग्री सेंटर में जिला कृषि विभाग गढ़वा के उद्यान विभाग के द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 मे राज्य बागवानी मिशन गैर कार्यान्वित जिलो मे योजना अंतर्गत नये फल बाग का क्षेत्र विस्तार के अंतर्गत प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रवण राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञानचंद केशरी ने सयुक्त रूप से किसानो व महिला समूह के सखी मण्डल को पौधे का वितरण किया गया। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञानचंद केशरी को पौधा देकर सम्मानित किया गया। उद्यान मित्र मुकेश शुक्ला के द्वारा किसानो को सूची के अनुसार पौधा का वितरण किया गया। बीडीओ श्रवण राम के द्वारा बताया गया कि पौधा को जीवित रखे उसके लिए रोज सुबह व शाम पानी डालिये, व पौधा को लगाने के लिए 2 से 2.5फिट गाढ़ा करके उसमे गोबर, लकड़ी का राख, सूखा पति मिट्टी मे मिला कर भरे व पानी डाले।उन्होंने कहा कि पौधा हमारे जीवन का एक हिस्सा है जिसे हमें पौधा ज्यादा से ज्यादा लगाए व उससे लाभ उठाये। मौके पर एफटीसी अनुज सिंह, एग्री क्लिनिक सेंटर के प्रखंड समन्वयक सरोज सोनकर, पल्लवी रानी, बलदेव खलखो, महिला सखी मण्डल के उर्मिला देवी, शकुंतकला देवी,परी देवी, तैरुण बीबी, ममता देवी, प्रियंका देवी, मानिता देवी, पिंकी देवी। किसान राजेश राम, मुकेश कुमार,उपेंद्र वर्मा, रजाक अंसारी, देवनाथ राम,शंकर राम सहित अन्य लोग नाम शामिल हैं।

## नवरात्र पर प्रतिदिन गरीबों के बिच बांटेंगे उपहार समाजसेवी : शौकत खान



**गढ़वा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहीदों के सम्मान में लाखों जरुरतमंदों को राहत देने वाला निःशुल्क कपड़ा बैंक गढ़वा नवरात्र के पूरे नवरात्र के नवों दिन सहित विजयादशमी तक प्रतिदिन जरुरतमंदों के बीच कपड़ों का वितरण कर, स्पेशल पर्व की राशन किट का वितरण कर विजय-दशमी का मनाएंगे। अनेक निःशुल्क बैंक के संस्थापक शौकत ख़ान ने बताया कि हर वर्ष कि तरह इस वर्ष भी दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर कपड़ा बैंक से गरीब असहाय जरुरतमंद लोगों के बिच प्रतिदिन 11 बजे से 2 बजे तक उनकी ज़रुरत कि चीजें बांटी जाएगी। जिससे अमीरों की तरह गरीबों के घरों में भी खुशियों के दशो दिन खुशियो के साथ मना सके। इसलिए हमारे पास सभी तरह के कपड़े गरीबों के लिए उपलब्ध है। बच्चों के लिए एक से एक डिजाइन कि कपड़े जैसे सुट, जीन्स, शर्ट, पैन्ट, कुर्ता पजामा, और त्योहार पर अच्छे अच्छे पकवान बनाने के लिए उनके जरुरत के अनुसार राशन उपलब्ध कराएंगे भी कराया जाएगा।

## भांवर में अवैध शराब भट्ठी ध्वस्त 30 क्विंटल जावा महुआ नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती भांवर गांव में पुलिस ने शनिवार को अवैध तरीके से चल रहे देशी शराब के विरूद्ध अभियान चलाकर अवैध भट्ठी को ध्वस्त किया। इस दौरान अभियान के नेतृत्व कर रहे पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि अवैध भट्ठी से 35 प्लास्टिक के ड्राम में करीब 30 क्विंटल जावा महुआ के साथ ही सैंकड़ों लीटर निर्मित शराब तथा कई उपकरणों को विनष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में पुलिस बल के कई जवान शामिल थे। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि थाना क्षेत्र में चोरी छिपे चल रहे अवैध शराब भट्ठी और धंधेबाजों के विरूद्ध लगातार अभियान चलता रहेगा।

## आरसीयू के स्नातकोत्तर विभाग ने किया व्याख्यानमाला का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित रामचंद्र चंद्रवंशी विश्व विद्यालय के स्नातकोत्तर विभाग द्वारा अंतर विभागीय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। विश्व राजनीति = 1914 से 2023 तक भारत की विशेष भूमिका विषय पर आयोजित इस व्याख्यानमाला में विश्वविद्यालय के सभी संकायों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस व्याख्यानमाला में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी, कुलपति कल्याण कुमार, कुलसचिव व विशेष वक्ता डॉ राजदुलारी ने महत्वपूर्ण ब्यख्यान दिया। इस आयोजन को सफल बनाने में पीजी समन्वयक सह डीन कला डॉ अशोक कुमार, नोडल आफिसर डॉ एच बी प्रसाद, डीन विज्ञान डॉ आर के तिवारी, एसोसिएट डीन डॉ अरिंदम घोष, कॉमर्स डीन डॉ रवीन्द्र केशरी, डॉ सुखदेव साहू, डॉ जनकनंदिनी, डॉ बिंदा कुमारी, डॉ रणविजय कुमार, अजीत महतो, शांति एक्का, अमृता कुमारी, पंकज कुमार, विपुल कुमार महतो, शालिनी सुमन का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन डॉ स्वाति और धन्यवाद ज्ञापन पीजी समन्वयक व संकयधयक्ष डॉ अशोक कुमार ने किया।

## ग्रामीणों ने एसडीओ को आवेदन देकर पूजा स्थल से धारा 144 हटाने की मांग की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** प्रखंड क्षेत्र के ढाब ग्राम के ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी छतरपुर को आवेदन देकर दुर्गा पूजा के स्थल से धारा 144 हटाने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि जिस स्थान पर दुर्गा पूजा का पंडाल बनाया जाता था।वह स्थल एनएच 4 लेन निर्माण में चला गया है। सर्वसम्मति से नई जगह का चयन कर दुर्गा पूजा का पंडाल बनाया गया है। परंतु किसी व्यक्ति के आवेदन पर उक्त स्थल को धारा 144 के तहत निषिद्ध किया गया है। ग्रामीणों ने एसडीओ से उक्त स्थल पर लगाए गए धारा 144 को हटाने की मांग की है। जिससे वे लोग शांतिपूर्ण तरीके से मां दुर्गा का पूजा कर सकें। इसके पहले ग्रामीणों ने बैठक की । पंचायत के मुखिया जितेंद्र पासवान ने भी ग्रामीणों की मांग पर सहमति जताई है। मांग करने वालों में अजय कुमार, गोपाल प्रसाद, गोपाल जायसवाल, जमुना प्रसाद, कमलेश कुमार, सिकंदर मेहता, विमलेश कुमार, ब्रजकिशोर प्रसाद, प्रमोद कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल हैं।

## उपायुक्त के निर्देश पर कई लाभुकों को मिला मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना का लाभ



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत शनिवार को जिला पशुपालन कार्यालय परिसर में पशु मेला का आयोजन किया गया। उपायुक्त श्री शशि रंजन के निर्देश के आलोक में उप विकास आयुक्त रवि आनंद और सदर सीओ सह बीडीओ अमरदीप सिंह बल्होत्रा, सदर प्रमुख बसंती देवी सहित कई लोगों ने संयुक्त रूप से कई लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत परिसंपत्तियों का वितरण किया। इसके पूर्व उपायुक्त श्री रंजन ने जिला पशुपालन कार्यालय परिसर पंहुचकर लाभुकों से संवाद कर मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के बारे में जानकारी दी और जरूरतमंद लोगों तक इस योजना का लाभ कैसे पहुंचे, इसकी जानकारी बृहत लोगो तक पंहुचाने के लिए लाभुकों को प्रेरित किया। इसके पश्चात उन्होंने वितरण होने वाले परिसंपत्तियों का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत दो दुधारू गाय की योजना के 12 लाभुकों को प्रथम किस्त के तौर पर एक-एक गाय वितरण किया गया। जिसमें 90 प्रतिशत के 3 लाभुक क्रमशः उपनेती देवी, विश्रामपुर, सबीहा खातुन, छत्तरपुर एवं शीला देवी, हैदरनगर को दिया गया। वंही 75 प्रतिशत के 7 लाभुक क्रमशः खुशबु देवी, प्रतीमा देवी, मखोला देवी, विश्रामपुर, ज्ञान्ती देवी, आनंदी देवी, चैनपुर, सीता देवी, मनातु, प्रभा देवी, तरहसी, को दिया गया। 50 प्रतिशत के 2 लाभुक क्रमशः. संगीता कुमारी, तरहसी एवं कालो देवी, लेस्लीगंज को दिया गया।

## लिखित आश्वासन के बाद अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल हुआ समाप्त, 20 अक्टूबर तक राशन वितरण करने का निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विशुनपुरा :** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सह युवा समाजसेवी बलराम पासवान के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीणों ने डीलर द्वारा दो माह का राशन वितरण नही करने पर भूख हड़ताल पर शुक्रवार से बैठे हुए थे। ग्रामीणों का कहना है की अंचलाधिकारी सह खाद आपूर्ति पदाधिकारी निधी रजवार के आश्वासन दिए 15 दिन बीत जाने के बाद भी प्रखंड के डीलरों द्वारा राशन वितरण नही किया गया था। बलराम पासवान के साथ ग्रामीणों ने राशन वितरण में कालाबजारी को लेकर अगस्त माह का अंगूठा लगवा कर राशन वितरण नहीं करने का आरोप प्रखंड के डीलरों पर लगा रहे थे।भुख हड़ताल के दुसरे दिन डिएसओ व एमओ भुख हडताल के स्थल पर पहुंच कर भुख हडताल पर बैठे लोगों को जुस पिला कर और भुख हड़ताल पर बैठे लोगो कि मांग को लिखित रुप में देकर भुख हडताल समाप्त करवाया। मौके पर 20 सूत्री शैलेंद्र प्रताप देव, लतीफ अंसारी, सचिन गुप्ता, भारदूल चंद्रवंशी, आलम अंसारी, विजय चौरसिया, लालन प्रसाद गुप्ता,रीता देवी, भागमनी कुंवर, उषा देवी, कलावती देवी, रीता देवी, सुनीता कुंवर, रीना देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण सामिल थे।

# कबड्डी और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** रोटरी स्कूल चैनपुर में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता तथा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की छात्र/छात्राएं विभिन्न प्रकार के रोल मोडल बन कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किए। प्रतियोगिता तीन उप विभागों में आयोजित की गई थी । ग्रुप ‚’ में स्र्यत्न एवं चत्न, ग्रुप ‘क्क’ में कक्षा 1 से 3 तथा ग्रुप ‘C’ में कक्षा 4 से 7 के बच्चे थे।विजयी प्रतिभागियों के नाम निम्नलिखित हैं – ग्रुप – ÒAÓ में वर्ग एल.के.जी. के विनायक कुमार एवं यू.के.जी. के अंश राज को प्रथम, एल.के.जी के अमीषा कुमारी एवं सुशांत कुमार , यू.के.जी , के शिवान्या सिन्हा , आलिया प्रवीन , यू.के.जी क्क साभ्या कुमारी, प्रसन्ना कुमारी , काशी केशरी , अनन्या कुमारी को द्वितीय तथा एल.के.जी. के ऋषिका गुप्ता , यू.के.जी.क्क के निहित आर्यन , अयांश पसारी , जीविका गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ग्रुप क्क ‘क्क’ में वर्ग 2 के श्रृष्टि कुमारी, इशानी, 2क्क के अर्पिता पटेल , भव्या कश्यप , 3B के आराध्य श्री, भव्या कश्यप को प्रथम , वर्ग 2B के परी केशरी एवं 3 के रितिका चंद्रा को द्वितीय तथा वर्ग 1 के सत्यम कुमार , 1B के प्रियांशु कुमार गुप्ता , 2B के रिया कुमारी , काव्या कश्यप, आयुष राज एवं 3क्क के स्वेता कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। ग्रुप क्क ‘C’ में वर्ग 4क्क के आराध्य श्रीवास्तव , 5 के अपेक्षा कुमारी , प्रियांशी गुप्ता , 5क्क आनंद कुमार , आदर्श कुमार , 6B के राखी गुप्ता, 7B की रिया कुमारी को प्रथम , 4B की करिश्मा गुप्ता , प्रत्युष कुमार , 5B के पिहू गुप्ता , 7 के अफरीन फिरदौश , अभिराज , 7B के सोनम पंडित को द्वितीय तथा वर्ग 4 के पिहू केशरी , 6B के अनन्या कुमारी , प्राची कश्यप , 7 के निशु गुप्ता एवं 7क्क के वंदना गुप्ता को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।कक्षा 4 से 12 तक के बालक - बालिकाओं के लिए कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हाउस वाइज किया गया था। जूनियर वर्ग में कक्षा 4 से 7 तक तथा सीनियर वर्ग में कक्षा 8 से 12 तक की छात्र/छात्राएं शामिल थीं। इसका फाइनल प्रतियोगिता 04/11/2023 को खेला जायेगा द्व विद्यालय के चेयरमैन रो. अनुग्रह नारायण शर्मा ने अपने सन्देश में कहा कि पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप के आयोजन से बच्चों के शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की प्रतिभाएं विकसित होती हैं। हम उनके सफल जीवन की कामना करते हैं।विद्यालय के प्राचार्य श्री अश्लेष कुमार पांडेय ने कहा कि सीबीएसई के निर्देशानुसार हमारा विद्यालय पूरे सत्र में पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप का आयोजन करता है । उसी की एक कड़ी फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी है जिसका उद्देश्य बच्चों की कलात्मक व संरचनात्मक प्रतिभा का विकास करना है । इसके माध्यम से बच्चे दुनिया में अपनी कल्पनाशील पक्ष को दिखाने में समर्थ होते हैं। यह बच्चों को कम उम्र से ही अपनी प्रतिभा को विकसित कर प्रभावी बनने का अवसर उपलब्ध कराता है। इसके माध्यम से बच्चे उस ओर अपनी झुकाव दिखाते हैं, जो बनने की कल्पना वे अपने मन में पाल रखे हैं। हमारे बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। ये प्रतिभावान है और हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर परिवार, विद्यालय तथा समाज का नाम रौशन कर रहे हैं । जीवन में और अच्छा करें यही हमारी शुभकामनाएँ हैं।कार्यक्रम को सफल बनाने में उप प्राचार्या सुश्री रितुल मुस्कान, समन्वयक सुश्री स्मिता सिंह वरीय शिक्षक गौरी शंकर मिश्र ,उमाकांत मिश्र, हर्ष बाला, सुधीर कुमार सिंह, एसबीपी गुप्ता, नम्रता पांडेय, अनीता वर्मा, प्रिया पांडेय, प्रियांशु कश्यप, स्वाति दुबे, मनोज कुमार यादव, दीपा कुमारी, सत्येंद्र प्रसाद, सोनी कुमारी, रंजीत कुमार, राम वरुण देव, रंजीत शर्मा ,अरविंद कुमार पांडेय, कमेश कुमार मेहता, दीपक सोनी , पूनम पाण्डेय का सहयोग सराहनीय रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### साईं बिहार कॉलोनी मधुकम रोड रांची में डांडिया महोत्सव का आयोजन

**रांची।** नवरात्र के अवसर पर साँई विहार कालोनी मधुकम रोड रांची में मुख्य महिला मंडली ने डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन मे महिलाओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग लिया। देवी की गीतों पर महिलाएं जम पर नृत्य किया। डांडीया नृत्य ने तो शमां बांध दिया। नृत्य के माध्यम से माँ दुर्गा की आराधना ने कार्यक्रम का आकर्षण बढ़ाया । इस अवसर पर साँई बिहार कलोनी की महिला मंडली साँई बिहार कालोनी के परिसर में भक्तिमय माहौल मे आलोकित होती नजर आ रही थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंजू, मनोरमा, बिंदु, जयश्री, पुष्पा, अनीता, नमीता, पुष्पा श्रीवास्तव, कंचन, प्रतीमा एवं निकी का सराहनीय योगदान रहा।

### डायवर्जन मार्ग दुरुस्त करें : शशि भूषण राय

**रांची :** वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री शशि भूषण राय ने रांची रेलवे स्टेशन से डोरंडा नेपाल हाउस निर्माणाधीन रोड एवं फ्लाइओवर मार्ग का क्षेत्रवासियों के साथ निरीक्षण किया एवं कांट्रेक्टर प्रतिनिधी से डायवर्जन मार्ग को दुरुस्त करने की मांग रखी। उन्होंने बताया की डायवर्जन मार्ग ठीक नहीं होने से ओवर ब्रिज वैकल्पिक मार्ग पर लगातार जाम लग रहा है जिससे निवारणपुर, अमरावती, कृष्णापुरी, रेल्वे कालोनी, द्वारिकापुरी क्षेत्र की जनता को काफी परेशानी हो रही है ढ्ढ दुर्गा पुजा एवं त्योहारों को देखते हुए इससे अविलंब ठीक करने की मांग रखी ढ्ढ निरीक्षण के दौरान उनके साथ प्रशांत गौरव, श्याम रजक, सांसद प्रतिनिधि मंटू पांडे ,किशोर ,विकास ,सुन्नी ,मुन्ना ,अभिषेक ,पंकज, कॉन्ट्रैक्ट प्रतिनिधी अंकित सिंह एवं अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# रांची : आठ मोटरसाइकिल के साथ पांच चोर गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची शहर में इन दोनों मोटरसाइकिल वाहनों की चोरी जोर शोर से हो रही है। लेकिन इस चोरी का उद्भेदन भी जल्द से जल्द किया जा रहा है। पिछली बार भी डेली मार्केट थाना में चोरी किए गए मोटरसाइकिलों का उद्भेदन सिटी एसपी राजकुमार मेहता द्वारा किया गया था । वहीं लालपुर ,लोअर बाजार और सदर थाना क्षेत्र से चोरी की गई करीब 8 मोटरसाइकिल की बरामदगी की गई और साथ ही पांच चोरों को भी गिरफ्तार किया गया है । वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने सिटी एसपी को इस उद्भेदन के लिए टीम बनाकर उद्भेदन करने की जिम्मेदारी दी थी। सिटी एसपी राज कुमार मेहता ने सदर डीएसपी प्रभात बरवार के नेतृत्व में सदर,लोअर बाजार और लालपुर थाना प्रभारी के संयुक्त टीम बनाकर छापेमारी की जिसमें कोकर तिरील रोड बक्सा गली में मोटरसाइकिल चोर सक्रिय है जिसमें एक की गिरफ्तारी हुई। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि लगातार मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं हो रही थी इन



सब की सूची तैयार की गई है । सभी थाना प्रभारी को टास्क दिया गया कि वह अपने थाना क्षेत्र में सक्रिय रहे और ऐसे मोटरसाइकिल चोर गिरोह का खुलासा करें । इसी के तहत एक चोर की गिरफ्तारी हुई है । उससे पूछताछ के बाद कई चोर पकड़े गए हैं। साथ ही मोटरसाइकिल चोरी करने के लिए औजार भी बरामद किया गया है। जिससे वे लोग मोटरसाइकिल का लॉक खोलते थे और सबसे बड़ी बात यह है कि इन चोरों ने एक नया तरीका अपनाया है कि लॉक को ही बदल दे रहा है और नए लॉक के साथ नयी चाबी भी दे रहा है । इससे जो चोरी की वाहन खरीदने वाले हैं उसे यह विश्वास हो रहा है कि जब लॉक और चाबी दोनों नई है तो गाड़ी चोरी की नहीं होगी। पुलिस लगातार इन लोगों से पूछताछ कर रही है कि और कितने गिरोह इसमें सक्रिय हैं । कहां-कहां मोटरसाइकिल चोरी की योजना है। इस मोटरसाइकिल चोर का मुख्य सरगना सदाम हुसैन है जो गोमिया का रहने वाला है और यह पहले भी मोटरसाइकिल चोरी में वह गिरफ्तार हो चुका है। इसके अलावा अमन अली, बंटी कुमार, विशाल यादव , पप्पू कुमार शामिल है। इन लोगों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। चोरी किए गए वाहनों में मुख्य रूप से दो वहां 2 लाख से अधिक रुपए की है।

**बरामद मोटरसाइकिल:**

यामाहा जेएच01 डीक्यू 2578, यामाहा जेएच01 इज़ेड 6653, यामाहा जेएच01 बीएन 1638, हीरो स्प्लेंडर जेएच09 बीए 2151, हीरो स्प्लेंडर जेएच09 ए बी 6369, हीरो स्प्लेंडर जेएच 09 एबी 3262, टीवीएस जेएच9 ए एन 4351, हीरो स्प्लेंडर जेएच01 बीडल्यू 9796 बरामद किया गया है।

**इस छापेमारी दाल में शामिल:** सदर थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो , लालपुर थाना प्रभारी आदिकांत महतो सहित पुलिस अवर निरीक्षक त्रिपुरारी कुमार ,संजय कुमार, अरुण कुमार ,रितेश लकड़ा, सत्येंद्र सिंह सहित कई पुलिस कर्मी शामिल थे।

## राष्ट्रीय स्तरीय योग प्रतियोगिता में रांची के बच्चों ने लहराया परचम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सीआईएससीई काउंसिल के द्वारा हेरिटेज स्कूल कोलकाता में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार और झारखंड रिजन के साथ अन्य 12 रिजन ने भी भाग लिया।बिहार और झारखंड रिजन से राँची के मेटास एडवेंटिस्ट बरियातू के 4 छात्रों का चयन राष्टीय स्तरीय योग प्रतियोगिता में हुआ था जिसमें से 2 छात्रों ने रजत पदक (युवराज भास्कर और अनुराग गंझू) और 1 कांस्य पदक (दिव्या माझी) ने जीता साथ ही स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित योग प्रतियोगिता में दिव्य माँझी का चयन हुआ अब आगामी

**स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया:** द्वारा आयोजित योग प्रतियोगिता जो की नवम्बर में कोलकाता में होने जा रहा है । उसमें दिव्य माँझी आइएससीई काउंसिल बोर्ड का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस प्रतियोगिता में योग शिक्षिका राफिया नाज़ बिहार झारखंड रिजन से ह-17 कोच इंचार्ज के तौर पर शामिल हुई थी। डॉ. नायडू ने सभी स्कूलों के प्राचार्यो से आग्रह किया कि वे अपने स्कूलों में योग को एक विषय के रूप में लागू करें, ताकि बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहें।

## रांची में होटल में ठहरे लोगों ने तीन कमरों में लगाई आग, प्राथमिकी दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शहर के अरगोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत हरमू में दीनदयाल चौक पर स्थित होटल मौर्या में ठहरे लोगों पर मारपीट के बाद तीन कमरों में आग लगाने का आरोप है। तीन कमरों में ठहरे ग्राहकों ने पहले जमकर हंगामा किया। इसके बाद तीनों कमरों में आग लगा दी। इस घटना में होटल के 15.50 लाख के सामान जलकर राख हो गये। इस मामले में होटल के संचालक पप्पू कुमार यादव ने नौ लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार पिंटू कुमार, नेहा देवी, हर्ष साह, विशाखा कुमारी, अनिवाश कुमार मिश्रा, मनीषा कुमारी, विकास कुमार, नितिन कुमार और बॉबी कुमार को आरोपित बनाया गया है। कहा गया है कि 11 अक्टूबर को होटल के तीन कमरे 405, 408, 409 में कुछ लोग ठहरे थे। इनसे कुछ लोग मिलने आये थे। कुछ देर बाद ही दोनों पक्षों में जमकर मारपीट होने लगी। हो-हल्ला सुनकर होटल के कर्मी वहां गये और उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन वो नहीं माने। पहले सभी ने कमरे में तोड़फोड़ की। इसके बाद तीनों कमरे में आग लगा दी। इस घटना में तीनों कमरे में रखा सारा फर्नीचर और सामान जल गया। घटना के बाद सभी लोग होटल से फरार हो गये । थाना प्रभारी बृज कुमार ने बताया कि होटल के संचालक ने वारदात की प्राथमिकी दर्ज कराई है। बर्थडे के दौरान मारपीट के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## श्राद्ध दिवस व महालया पर हुआ प्रसाद का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पितृ पक्ष की अमावस्या श्राद्ध दिवस और महालया के अवसर पर गुप्त दान द्वारा गुरु प्रेमी प्रभु प्रेमी भक्त के सौजन्य से निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे लगभग 1500 से अधिक श्रद्धालुओ ने अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक एव धार्मिक संस्था एमज़ आरज़ एसज़श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 51 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर (मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम आश्रम) के प्रांगण मे गुरु प्रेमी प्रभु प्रेमीजन के एव उनके परिवार के सौजन्य से अपने माता पिता अपने परिवार के पूर्वजो की स्मृति में श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल सदस्य ओमप्रकाश सरावगी, पुर्णमल सर्राफ के द्वारा वहाँ के भक्त जनों ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ ने मंदिर परिसर मे आये हुए भक्त प्रेमीयो,राहगीरों एवं बच्चों के बीच 113 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया गया। संस्था के सदस्यों ने राज श्यामा (राधा-कृष्ण) एव गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर वहा उपस्थित महिलाओ और पुरूष श्रद्धालुओ को चंदन टिका कर के भजन संकीर्तन कर मंदिर मे उपस्थित ब्राह्मणों को भोजन कराकर एव ब्राह्मणों को कुछ राशी भेट स्वरूप प्रदान कर 113 वें श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण शुरू किया।

## चंद्रशेखर आजाद क्लब में दिखेगा बाबा भोलेनाथ का शिवलिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** चंद्रशेखर आजाद क्लब काफी तत्परता और तन्मयता के साथ दुर्गा उत्सव के दौरान सनातन संस्कृति एवं देशभक्ति के सामंजस्य का एक अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करने जा रहा है । नवरात्र के पंचमी तिथि से जहां एक और सनातन संस्कृति की अनुभूति को लेकर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम करने जा रहा है । वहीं देवलोक के तर्ज पर बना अद्भुत पूजा पंडाल दर्शनार्थ आए दर्शनार्थियों को देशभक्ति का जज्बा को आंतरिक रूप से जागृत करने की कोशिश है। चंद्रशेखर आजाद क्लब के अध्यक्ष ने दुर्गा पूजा के दौरान होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों को विस्तृत रूप से बताया कि हमारे क्लब का पूजा पंडाल देवलोक के तर्ज पर है। दर्शन करने आए दर्शनार्थियों को पूजा पंडाल के समीप आते हैं , पूरी तरह से देवलोक की अनुभूति होगी । मां का दरबार मनोरम प्रस्तुति के लिए तैयार किया जा रहा है।पंडाल के मुख्य द्वार पर भारत मां का काफी बड़ा मानचित्र होगा। वहीं मुख्य द्वार पर बाबा भोलेनाथ का शिवलिंग होगा, जिसमें जलाभिषेक लगातार होता रहेगा । साथ ही मां के नेत्र का दर्शन भी बेहद ही खास होगा। बनारस के अस्सी घाट में किए जाने वाले गंगा आरती को साजिविता के साथ चित्रण किया जाएगा। पूजा पंडाल के अवलोकन करने आए दर्शनार्थियों को बेहद ही आंतरिक रूप से सुखद अनुभूति की प्राप्ति होगी। हमारे क्लब की ओर से आप सभी से सहृदय विनती होंगी।

## घर-घर मतदाता सर्वेक्षण का दूसरा चरण 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज शनिवार को मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग के तत्वावधान में राज्य के 40 विधान सभा क्षेत्रों के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों (ई.आर.ओ) को प्रशिक्षण दिया गया। शेष विधानसभा क्षेत्र के ईआरओ का प्रशिक्षण बीते 11 अक्टूबर को दिया जा चुका है। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से आये हुए ई.आर.ओ. को आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के क्रम में विभिन्न विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया। वहीं दूसरी ओर कार्यालय द्वारा हाल ही में कराए गए कैप सर्वे के आंकड़ों पर भी उन्होंने विस्तार से समझाते हुए सभी को अपने अपने स्तर पर तदनुरूप काम करने को निर्देशित किया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान उन्होंने राज्य भर से आए अधिकारियों को जानकारी दी कि आगामी 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक दूसरे चरण के घर-घर मतदाता सर्वेक्षण का कार्य किया जाना है, उन्होंने अपील की कि इस होम टू रोल सर्वेक्षण कार्यक्रम को सभी अधिकारी पूरी तरह सफल बनाएंगे। उन्होंने जन प्रतिनिधियों तथा आम नागरिकों से भी अपील की कि वे इस सर्वेक्षण का पूरा लाभ उठाएं तथा कोशिश करें कि कोई भी ऐसा नागरिक न छूट पाए जिसकी उम्र 18 वर्ष पूरी हो चुकी हो फिर भी उसका नाम मतदाता सूची में न हो।

उन्होंने बताया कि आगामी चार तिथियों 28 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 4 नवंबर तथा 5 नवंबर को प्रत्येक मतदान बूथ पर भी विशेष अभियान चलाया जाना है। इसके अलावा आगामी 28 नवंबर को आदिम जनजातियों के लिए, 29 नवंबर को बेघर लोगों के लिए, 30 नवंबर को 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए, 2 दिसंबर को थर्ड जेंडर व सेक्स वर्कर्स के लिए तथा 3 दिसंबर को दिव्यांग जनों के लिए भी विशेष अभियान चलाया जाना है।

## सौंध लेकर आया है पूजा स्पेशल परिधान, 40 प्रतिशत की छूट के साथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची के रातू रोड स्थित मॉल आफ रांची के अंदर स्थापित सौंध परिधान स्टोर अपने एक्सक्लूसिव आउटलेट ग्राहकों के लिए लेकर आई है। दुर्गा पूजा के अवसर पर 30 से 40 प्रतिशत छूट के साथ पूरी तरह से तैयार है। 900 वर्ग फीट से अधिक क्षेत्रफल में पहले स्टोर को आकर्षक इंटीरियर से सजाया गया। जहां ब्रांड का वाइब्रेंट कलेक्शन उपलब्ध है। इस स्टोर में सौंध की ओर से वूमेंस एवं मेंस वियर, रेडी टू वियर परिधानों का संपूर्ण रेंज



उपलब्ध है । इसमें कुर्ता, सेट ड्रेस , कफ्तान , टॉप एवं ट्यूनिक, जैकेट, फेस्टिव आदि को शामिल है। इस लॉन्च पर ऑन अपने विचार व्यक्त करते हुए सरबजीत सलूजा संस्थापक एवं सीईओ सौंध ने बताया कि रांची में सौंध का पहला स्टोर खोला गया है। और सबसे खुशी की बात यह है कि यहां पर जो वस्त्र उपलब्ध है , इसकी मांग अधिक है। उन्होंने आगे बताया कि सौंध रायपुर ,सिलीगुड़ी, चेन्नई, मुंबई ,दिल्ली ,हैदराबाद ,कोलकाता, जयपुर सहित देश के करीब 20 शहरों में अपने मजबूती से स्थापित कर चुका है। 1 साल में अपने स्टोर्स की संख्या को 50 तक पहुंचाने तथा 200 करोड़ से अधिक टन ओवर करने का लक्ष्य रखा गया है। इस नए कैटिगरीज में मैंसवियर, चिल्ड्रन वेयर और एक्सेसरीज जैसे शूज एवं ज्वेलरी में भी प्रवेश करने की योजना बनाई गई है। इस मौके पर फेंचाइजी शुभम लड्ढा, संचालक खुशबू गुप्ता, सविता लड्ढा, कमल लड्ढा , अधीर चौहान उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेताओं ने सिल्ली की बैठक में लोकसभा चुनाव की बनाई रणनीति

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शहर के सिल्ली में शनिवार को विधानसभा स्तरीय कांग्रेस समन्वय समिति की बैठक सोनाली मैरेज हॉल में हुई। इसमें लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में प्रखंड अध्यक्षों को मंडल प्रभारी एवं पंचायत प्रभारी की अतिशीघ्र नियुक्त करने एवं प्रखंड, मंडल एवं पंचायत स्तर पर संगठनों का मूल्यांकन कर पंचायत सम्मेलन के लिए तरह तैयार करने को कहा गया। बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, रांची लोकसभा चुनाव




समन्वय समिति सह-संयोजक केशव महतो कमलेश, रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, सिल्ली विधानसभा क्षेत्र प्रभारी परितोष सिंह सहित कई नेता मौजूद थे।

## रांची नगर निगम ने एनसीसी कैडेट्स के बीच बांटे पौधे

**रांची :** नगर निगम ने शनिवार को पुरुलिया रोड स्थित संत जेवियर कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स के बीच पौधों का वितरण किया। नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार के निर्देश पर रिलेशन्स के सहयोग से पर्यावरण जागरुकता अभियान के तहत पौधों का वितरण हुआ। सभी ने पौधे लगाकर इसका संरक्षण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एनसीसी की डॉ प्रिया श्रीवास्तव और रिलेशन्स के निदेशक आशुतोष द्विवेदी सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## विभिन्न दुर्गापूजा समिति के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** श्री दुर्गापूजा महोत्सव 2023 को सफल बनाने हेतु युवा दस्ता , औद्योगिक दुर्गापूजा समिति, रांची महानगर दुर्गा पूजा समिति, रांची जिला ग्रामीण दुर्गा पूजा समिति एवं सभी प्रमुख दुर्गापूजा समिति का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की और चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा ने श्री दुर्गपूजा महोत्सव के दौरान होने वाली कठिनाइयों से अवगत कराया एवं राजधानी राँची के प्रमुख पंडालो के दर्शन करने हेतु




आमंत्रित किया । मिश्रा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सुरक्षा व्यवस्था , विद्युत व्यवस्था एवं सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की । मिश्रा ने कहा कि दुर्गापूजा मोहत्सव के दौरान राजधानी राँची के सभी मुख्य मार्गो में गड्ढो को भरने एवं काम मे रोक लगाने की मांग की पूजा के दौरान 24 घंटे बिजली आपूर्ति देने की मांग की । मुख्यमंत्री ने युवा दस्ता एवं श्री दुर्गापूजा समिति के प्रतिनिधि मंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना एवं राजधानी राँची के सभी मुख्य मार्गो में गड्ढो को भरने एवं काम मे रोक लगाने का आस्वासन दिया ।प्रतिनिधि मंडल में युवा दस्ता के संस्थापक राजीव रंजन मिश्रा , औद्योगिक दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष वेद प्रकाश सिंह , युवा दस्ता के अध्यक्ष राजेश गुप्ता छोटू , राहुल सिन्हा चंकी ,पीयूष आनंद, उज्जवल तिवारी एवं विभिन्न पूजा समितियों से जय सिंह यादव, मुनचुन राय सहित दर्जनों प्रमुख पूजा समितियों के पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## दुर्गा पूजा में अतिरिक्त बल के साथ प्रशिक्षु डीएसपी भी रहेंगे मौजूद : सिटी एसपी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची शहर में दुर्गा पूजा की तैयारी शुरू हो गई है । चारों ओर पूजा पंडाल में बन गए हैं । दूरदराज से भी लोग अपने-अपने घर वापस लौट आए हैं । इस कारण से शहर में भीड़ काफी बढ़ गई है और गाड़ियों का भी आवागमन काफी बढ़ चुकी है । इस कारण से यातायात व्यवस्था में कई तरह की समस्याएं भी आ सकती है। इन सब समस्याओं को देखते हुए पूजा पंडालों और इसके आसपास में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। असामाजिक तत्वों का जमावड़ा ना लगे, शहर में शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था कायम रहे , शांतिपूर्ण तरीके से भव्य दुर्गा पूजा का समापन हो , इन सबको देखते हुए सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने लगातार शहर में मुमेंट चला रहे हैं। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि रांची शहर में दुर्गा पूजा के दौरान करीब ढाई हजार पुलिस कर्मियों की जरूरत पड़ेगी। कुछ पुलिसकर्मी हमारे साथ हैं। कुछ मुख्यालय से मदद लेनी पड़ेगी । साथ ही साथ शहर में विधि व्यवस्था बनाने के लिए संबंधित थाना प्रभारी को भी जिम्मेदारी दी गई है , कि वह अपने-अपने थाना क्षेत्र की पूजा पंडालों का निरीक्षण करें।



लगातार मूवमेंट करते रहे ।

**चार प्रशिक्षु डीएसपी भी दुर्गा पूजा में संभालेंगे मोर्चा :** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि शहर में चार अतिरिक्त प्रशिक्षु डीएसपी भी हमारे साथ रहेंगे। इस दौरान उनका प्रशिक्षण की प्रक्रिया है वह भी पूरी होगी और इस दौरान हुए दुर्गा पूजा में विधि व्यवस्था में भी मदद करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि जेपीएससी 7 से 10 बैच के जो प्रशिक्षु डीएसपी हैं उन लोगों को शनिवार को कार्यालय में बुलाकर जानकारी ली गई। उन्हें बहुत सारी चीजों से अवगत कराया गया । किस तरह से भीड़ को नियंत्रित करना है , असामाजिक तत्वों कैसे पर निगरानी रखनी है। इसके अलावा भी पुलिस मैनुअल के अंतर्गत जो भी जरूरी है वह सब बताई जा रही है । मुख्य रूप से प्रशिक्षु डीएसपी में प्रभात कुमार ,दूसरु बान सिंह, अरमान उल हक, विनीत कुमार किंडू शामिल हैं ये सब दुर्गा पूजा में सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे।

## सचिवालय स्वयं सेवक संघ ने झामुमो महासचिव विनोद पांडेय को ज्ञापन सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ का एक दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 14 अक्टूबर 2023 को रांची के हरमू स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह सदस्य, झारखंड राज्य समन्वय समिति विनोद कुमार पाण्डेय से मिल कर वार्ता उपरांत ज्ञापन सौंपा।




पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय द्वारा उनकी मांगों पर राज्य सरकार के समक्ष सकारात्मक पहल करने का आश्वाशन दिया गया।

## पिपरवार में बिजैन के विस्थापित ग्रामीण और प्रबंधन के बीच हुई बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय में शनिवार को स्थानीय सीसीएल प्रबंधन और बिजैन गांव के विस्थापित ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक सीबी सहाय और संचालन कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी आलोक मनीष सोय किया। इस बैठक में बिजैन गांव के विस्थापित ग्रामीणों के लंबित नौकरी मुआवजा और पूर्नवास को लेकर विचार विमर्श किया गया।इसके अलावे पुर्नवास केन्द्र में मूलभूत सुविधा बहाल करने की मांग की गई।बैठक में मौजूद विस्थापित ग्रामीणों ने अपनी समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया।जिसमे प्रबंधन के द्वारा इसका समाधान करने का आश्वासन दिया गया।बैठक में कारो पुर्नवास केन्द्र मे बनाये गये सड़क और नाली निर्माण पर ग्रामीणो ने असंतोष व्यक्त करते हुए इसकी शिकायत की,जिस पर प्रबंधन ने इसमें सुधार करने की बात कही।स्थानीय प्रबंधन के द्वारा क्षेत्रीय स्तर से लेकर मुख्यालय स्तर तक विस्थापित ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया।वहीं कोयला खदान के विस्तारीकरण में विस्थापितों से सहयोग की अपील की। प्रबंधन द्वारा बताया गया कि अशोक परियोजना कोयला खदान वर्तमान में भूमि समस्या से जूझ रही है।ऐसे में खदान के विस्तारीकरण में ग्रामीणों का सहयोग जरूरी है।वही ग्रामीणों ने भी हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।बैठक में प्रबंधन की ओर से जीएम सीबी सहाय, एजीएम निरंजन सेनापति, अशोक परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार, एसओपी आलोक मनीष सोय,एसओसी सुमन कुमार, एके पाठक,मोहनलाल सिंह, किशन अवस्थी सहित स्थानीय ग्रामीणो मे शत्रुघन पाहन,पच्च गंझु,रंथु गंझु, मखन गंझु,चोठी गंझु,फकीरा गंझु,कुलदीप राम,बाबुलाल राम,कैलाश राम,सुरैश राम सहित कई स्थानीय विस्थापित ग्रामीण मौजूद थे।

## स्व.भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट एक नवंबर से बचरा में



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा मे ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता ब्रह्मदेव उरांव और संचालन दीपक कुमार महतो ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बचरा में स्वर्गीय भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट कराने का निर्णय लिया गया।सर्वसम्मति से आगामी एक नवम्बर से पांच नवम्बर तक बचरा चार नंबर खेल मैदान में पांच दिवसीय स्वर्गीय भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करने पर सहमति बनी।टूर्नामेंट में कुल 16 टीम में भाग लेगी।जिसमे इंट्री फीस छः हजार रूपये रखी गई है।प्रथम पुरुस्कार 50 हजार 100 रुपये और ट्रॉफी,द्वितीय पुरस्कार 30 हजार 100 रुपये और ट्रॉफी, तृतीय पुरस्कार पांच हजार रूपये रखा गया है।टूर्नामेंट के सफल आयोजन को लेकर एक समिति का गठन किया गया,जिसमें अध्यक्ष दीपक कुमार महतो,उपाध्यक्ष विकास मिंज,कोषाध्यक्ष संतोष कुमार महतो,उप कोषाध्यक्ष नरेश रावत,सचिव लखनलाल महतो,उपसचिव विकास महतो और संरक्षक सुनील प्रसाद,संतोष राम, ब्रह्मदेव उरांव,राम मुरमू,सेवा उरांव,महेश भूईया,रामा भूईया,अमजद अली,सुनील उरांव,मनोज महतो,नवरत्न गिरी,दीनदयाल नोनिया, राजेश बेदिया,पप्पू सोनी, आशीष सिंह,सोनू कुमार महतो,कालेश्वर महतो,सुमन कुमार सोनी,राज कुमार, कमल महतो,सुरेश महतो सहित कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।बैठक में कई लोग मौजूद थे।

## सांसद एवं विधायक ने कई सड़कों का किया शिलान्यास



**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना फेज 3 के अन्तर्गत प्रखण्ड सिल्ली पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास रांची लोक सभा सांसद एवं सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने संयुक्त रुप से किया। टुटकी पंचायत के चातमबाड़ी से धरमपुर तक 8 किलोमीटर, चोरडेरा (रामडेरा) से सिंगपुर 7.95 किलोमीटर, छोटा चांगडु से वनटोला 16 किलोमीटर का शिलान्यास शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम के दौरान रांची सांसद संजय सेठ ने कहा कि केंद्र सरकार विकास को लेकर काफी गंभीर है और कई सारी योजनाओं को चला रही है जिसका लाभ हमें मिल रहा है। महिलाओं के उत्थान के लिए भी केंद्र सरकार बहुत सारी योजनाओं पर काम कर रही है। सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इस सड़क के बन जाने लोगों को काफी सहुलियत मिलेगी। हमारा प्रयास रहेगा की सिल्ली विधानसभा के सुदूर वर्ती क्षेत्र में भी सड़क का निर्माण हो ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिल सके। इस मौके जिला परिषद उपाध्यक्ष बीना चौधरी,प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, भाजपा के ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, गूंज परिवार के संरक्षक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, उप प्रमुख आरती देवी, टुटकी पंचायत मुखिया शर्मिला कुमारी, लोवादाग पंचायत के मुखिया लालसिंह मुंडा, बांसारूली पंचायत के मुखिया लालू राम उरांव, पूर्व मुखिया धनेश्वर वेदिया, बिनोद साहु, उप प्रमुख आरती देवी, उपमुखिया सुकरी देवी समेत काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

# बरहेट से असम के चार संदिग्ध गिरफ्तार, छानबीन में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**साहिबगंज :** बरहेट के भैरोढाब से पुलिस ने असम के चार संदिग्ध को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बरहेट के भैरोढाब के एक घर में कुछ संदिग्ध लोगों के ठहरने की सूचना पर बरहरवा एसडीपीओ प्रदीप उरांव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार की रात्रि दलबल के साथ छापेमारी कर चारों को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक छानबीन में यह बात सामने आई है कि चारों संदिग्ध असम के रहने वाले हैं। उनके पास से एक थैला बरामद किया गया है जिसमें आपत्तिजनक समान मिले हैं। चारों व्यक्ति बीते सोमवार को यहां पहली बार आए थे। शनिवार को छानबीन करने पहुंचे प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक रुपक कुमार सिंह को उक्त घर की एक बुजुर्ग महिला ने बताई कि सोमवार की रात जब वह बुजुर्ग महिला घर में सोई हुई थी तो एक व्यक्ति उसके घर में पहुंचकर उसे जगाया जब बुजुर्ग महिला ने व्यक्ति को घर में रुकने के लिए कहा तो बताया कि मेरे साथ और भी कई



कुटुंब्जन है। तब महिला ने उसे घर में प्रवेश कराया। जब बुजुर्ग महिला ने चारों को खाने के लिए पूछा तो उन लोगों ने उसे बताया कि वे लोग नहीं खाएंगे उनका खाना भादू डीह में बना हुआ है। फिर वे लोग किसी काम से बुद्धू डीह जाएंगे। इसके बाद वे लोग वहां से निकल गए। फिर वे लोग शुक्रवार की सुबह उस बुजुर्ग महिला के घर पहुंचे थे। की इसी बीच शुक्रवार की रात पुलिस टीम ने उनके घर में छापेमारी कर चारों को हिरासत में ले लिया।

**लेटर पैड बरामद होने की सूचना :** सूत्रों के मुताबिक उक्त चारों व्यक्ति के पास से पुलिस को कई संदेश समान मिले हैं। बम आदि मिलने की सूचना है। पुलिस बम को डिफ्यूज करने में लगी थी। इसके अलावा उनके बैग से नेशनल आदिवासी डेमोक्रेटिक फ़ोर्स का एक लेटर पैड बरामद किया गया है। जिसमें बरहेट के एक व्यवसाई को 25 लाख की धमकी देने की बात है। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

## दुर्गा पूजा पंडाल जाने के रास्ते में नहीं बिकेगा मांस मछली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी थाना परिसर में दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर शांति समिति की बैठक हुई. अध्यक्षता खलारी थाना प्रभारी पुनि फरीद आलम ने की. बैठक में उपस्थित क्षेत्र के दुर्गा पूजा समिति के प्रतिनिधियों ने अपनी व्यवस्था की जानकारी दी तथा परेशानियों को बताया. थाना प्रभारी ने कहा कि जिला से जो भी गाइडलाइन मिला है उसे सभी को पालन करना है. रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर वर्जित है. यदि कोई शिकायत करेगा तो कार्रवाई की जाएगी. कहा कि केवल अनुज्ञप्तिधारी शराब विक्रेता ही शराब बेचने के हकदार होंगे. गश्ती दल को निर्देशित कर दिया गया है, अनुज्ञप्तिधारी शराब विक्रेता के अतिरिक्त कोई भी शराब या किसी प्रकार के नशा का सामान बेचता पकड़ा गया तो कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने खासकर महिलाओं से अपील किया कि वे खलारी थाना पुलिस को सीधे जानकारी दें.पुलिस को सूचना देने वाले हर नागरिक का नाम गोपनीय रखा जाएगा. पूजा समितियों को पंडाल से हटकर पार्किंग की व्यवस्था करने तथा वहां दो वोलेन्टीयर्स रखने का सुझाव दिया. कहा कि किसी भी दुर्गा पूजा पंडाल आने जाने के रास्ते के अगल बगल पूरे नवरात्र तक मांस मछली बेचने पर प्रतिबंध रहेगा. सीसीएल एनके एरिया प्रबंधन को भी पूजा पंडालों के आसपास आवश्यक व्यवस्था करने कहा गया. बैठक को प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा, मुखिया तेजी किस्पोट्टा, रतिया गंझू, कृष्णा चौहान, विकास दुबे आदि ने भी संबोधित किया। बैठक में मुखिया मलका मुंडा, अनि संदीप कुमार, अनि बाजो रजक, सअनि सहदेव महतो, सअनि अखिलेश सिंह, सअनि देववंष, मुंशी बीएन यादव, ललनप्रसाद सिंह, सुनीलकुमार सिंह, कृष्णा चौहान, अशर्फी राम, मुन्नू शर्मा, राजू गुप्ता, कार्तिक पांडेय, नारद राम, फैयाजुद्दीन सिद्दीकी, सुशील अग्रवाल, शत्रुंजय सिंह, विक्की सिंह, इस्माइल अंसारी, सुरेश यादव, सलामत अंसारी, राजू सिंह, मो जफरूद्दीन अंसारी, राजीव सिन्हा, जहीर अंसारी, प्रदीप ठाकुर, बजरंगी साव सहित अन्य सदस्य व पूजा समिति के प्रतिनिधि उपस्थित थे.

## एक्युप्रेशर परिषद झारखंड शाखा द्वारा पद यात्रा निकाली गई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसीलवै रांची द्वारा एक्यूप्रेशर पदयात्रा एक्यूप्रेशर परिषद कार्यालय से बैंक मोड़ टाटीसीलवै तक निकला गया । इस कार्यक्रम का संचालन एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे ने किया । कार्यक्रम का उद्घाटन आजाद सिपाही दैनिक के संपादक विजय कुमार सिंह एवं एक्यूप्रेशर परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ श्री प्रकाश बरनवाल के द्वारा किया गया । इस बीच आम जनता से एक्यूप्रेशर अपनाने एवं रोग भगाने, स्वरोजगार के साधन, पर्यावरण से जुड़ाव, जय झारखंड जय एक्यूप्रेशर जैसे स्लोगन तख्तो पर लिखे हुए थे । पितृ पक्ष की विदाई, माता के आगमन के शुभ अवसर पर गुरुजनों, पितृ जनों का आशीर्वाद लेते हुए सामूहिक भोज का आयोजन किया गया। जिसमें टाटीसीलवै और आसपास के क्षेत्र के कई गन्यमान व्यक्ति उपस्थित रहे। साथ ही साथ पितृपक्ष का विसर्जन एवं जगत जननी माता का स्वागत एक्यूप्रेशर परिषद कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया । सामूहिक खिचड़ी महाभोग का वितरण किया गया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अमित मिश्रा ,राजेश कुमार मिश्रा, रामेश्वर प्रसाद मिश्रा, अशोक मिश्रा ,लखन मिश्रा, डॉक्टर बलराम महतो, डॉ नरेश महतो ,डॉक्टर रुकमणी कुमारी, डॉक्टर सरस्वती कुमारी ,निरंजन चौधरी ,डॉक्टर महेश प्रजापति, डॉक्टर लापन कुमारी, लता कुमारी ,अनीता देवी, अंकित राजकुमार एवं चतरा पंचायत के ग्राम प्रधान किस्टो कुजूर, सुरेंद्र ठाकुर सहित सैकड़ो लोग शामिल था ।धन्यवाद ज्ञापन संस्था के वरिष्ठ सदस्य श्री बलराम महतो के द्वारा किया गया।

## मांडर कॉलेज में एनएसयूआई की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** आज दिन शनिवार को मांडर कॉलेज मांडर में एनएसयूआई की बैठक की गई एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी की उपस्थिति में कॉलेज के सैकड़ो छात्रों ने एनएसयूआई का दामन थामा सभी को आमिर हाशमी ने संगठन का पत्ता पहनकर संगठन में शामिल किया।



आमिर हाशमी ने कहा कि जिस तरह से देश के युवा वर्ग राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित हो रहे हैं और कांग्रेस पार्टी और एनएसयूआई से जुड़ रहे हैं इससे साफ जाहिर होता है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन पूरे बहुमत के साथ सरकार बनाएगी, जिस तरह से केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के द्वारा युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगा गया है कहीं ना कहीं युवाओं में इसका आक्रोश है इस बैठक में मुख्य रूप से एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी सोशल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक सिद्धार्थ राज रांची जिला के महासचिव जैद अहमद अंसारी,लोहरदगा एनएसयूआई के विनय उरांव, सरस्वती कच्छप, अदनान हुसैन, मांडर कॉलेज के विद्यार्थी जो एनएसयूआई हस्द्ध में शामिल हुवे अबू साफे अंसारी, अनीस खान, मेधा कुमारी, दानिश खान, रफिया फिर्दोस, संगीता कुमारी, मिन्हाज अंसारी, जलेश्वर यादव, रितिका कुमारी आदि मौजूद थे।

# जरिया ग्रीन पार्क स्टेडियम में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाईनल मैंच संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** प्रखंड के जरिया स्थित ग्रीन पार्क स्टेडियम में साऊथ हॉल यूनाइटेड द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का फाईनल मैंच शनिवार को खेला गया। फाइनल मैच बीटी एलेवन व प्रामाणिक इंटरप्राइजेज गंगा रामपुर बंगाल के बीच खेला गया। मैंच 4 -1गोल से बीटी की टीम विजय रहा। फाईनल मैंच के मुख्य अतिथि जदयू के मांडर विधानसभा प्रभारी बिगा मिंज,ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, डीएसपीरजत मणिक बाखला व थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने फाइनल मैच का उद्घाटन खिलाड़ियों




से परिचय प्राप्त कर व फुटबॉल पर किक मारकर किया। प्रतियोगिता में विजेता टीम को शिल्ड व पांच लाख उपविजेता को साढ़े तीन लाख रुपए नगद राशि अतिथियों के द्वारा दिया गया। इस मौके पर बिगा मिंज ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना गौरव की बात है। उन्होंने कहा आज के समय में खेल कैरियर बनाने का बेहतर माध्यम। ग्रामीण क्षेत्र में खेल के विकास की असीम संभावनाए हैं, जरूरत है खिलाड़ी को तरासने की। ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खेल से शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास भी होता है। खेल हमेशा अनुशासन के साथ खेलना चाहिए। डीएसपी ने कहा कि यह प्रतियोगिता घने जंगलों व प्रकृति की हरी भरी वादियों वाले मनोरम मैदान में रोचक पुर्ण थी। प्रतियोगिता को सफल आयोजन में कोर कमिटी अध्यक्ष रिचर्ड रोहित एक्का,सचिव अमर लकड़ा,साउथ हॉल यूनाइटेड के अध्यक्षअनिल गोप,सचिव अजीत लकड़ा,कोषाध्यक्ष संतोष लकड़ा, संस्थापक शशि अनामिश एक्का,संरक्षक विशु उरांव , संजय लकडा, ब्रजेश महतो व समिति के सभी सदस्यो ने किया।

## बचरा में हुई सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की बैठक, तैयारी पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दुर्गामंडप मे शनिवार को सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता विद्यापति सिंह और संचालन राजेन्द्र गुप्ता ने किया।बैठक मे दुर्गापूजा की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया।साथ ही तैयारी की समीक्षा करते हुए सभी को अलग अलग जिम्मेवारी सौंपी गई।बैठक मे कलश यात्रा निकालने,15 अक्टुबर को ध्वजारोहण करने को लेकर चर्चा की गई।साथ ही पूजा के अवसर पर मेला लगाने, लाईटिंग की व्यवस्था करने सहित कई बातों पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में पूजा समिति के द्वारा क्षेत्र के सभी लोगों से इसमें सहयोग करने की अपील की



गई।बैठक मे विद्यापति सिंह, राजेंद्र गुप्ता,मुखिया गुजंन सिंह,रीना देवी, राजेश सिहं, प्रमोद प्रसाद, रविन्द्र सिंह, पप्पू सोनी, रामवच्चन यादव,अनिल सोनी, उमेश यादव,विकाश पाठक, सोनू तिवारी,संतोष दास, अमन कुमार,प्रकाश लोहार, पिन्टु कुमार,विकाश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## स्वयं अतिक्रमण हटा लें, नहीं तो होगी कानूनी कार्रवाई

**खलारी :** खलारी थाना में हुए शांति समिति की बैठक में सार्वजनिक जगहों, मुख्य व गली मुहल्लों की सड़कों पर स्थाई तथा अस्थाई अतिक्रमण को लेकर विशेष निर्देश दिया गया.थाना प्रभारी ने बताया कि अतिक्रमण को लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय का सख्त निर्देश आया है. अपने स्वार्थ में कई लोग सार्वजनिक स्थलों का अतिक्रमण कर लिए हैं.बैठक में एसीसी कालोनी में क्वार्टर के चारदीवारी के बाहर सड़क व सार्वजनिक जमीन का अतिक्रमण, प्रगति मार्केट केडी में दुकान का सामान सड़क पर ही सजा देने, हिन्दुगढ़ी चौक से पश्चिम सड़क पर ही दुकान का निर्माण, मुख्य सड़क के फुटपाथ नालियों पर अतिक्रमण किए जाने का मामला उठाया गया. थाना प्रभारी ने अतिक्रमण के सभी मामलों को गंभीरता से लिया तथा कहा कि अंचल अधिकारी के साथ मिलकर पुलिस सीधे कार्रवाई करेगी.

# परिवर्तन संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न कार्यकर्ताओं को मिला जिम्मा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** आगामी 27 अक्टूबर को पतराहातू मैदान में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी जी के होने वाले परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर भारतीय जनता पार्टी सिल्ली विधानसभा स्तरीय तैयारी बैठक वन विश्रामागार,सिल्ली में संपन्न हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने एवं संचालन भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप रांची सांसद संजय सेठ, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो,पूर्व विधायक रामकुमार पाहन शामिल हुए ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद संजय सेठ ने कहा कि यह संकल्प यात्रा ऐतिहासिक होगा।बैठक में हर बूथ एवं हर पंचायत से 100 की संख्या कार्यकर्ताओं पतराहातू प्रस्थान करेंगे।भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर आम जन्म में अपार उत्साह है। ऐसे में यात्रा को सफल बनाने को लेकर हम सभी को मिलकर कार्य करने होंगे। ऐसे में सभी पदाधिकारी



जिन्हें जिम्मेदारी मिली है उसे कृतसंकल्पित होकर पूरा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो ने कहा कि सभी वर्गो को जोड़ते हुए सर्वाधिक आमजन की भागीदारी बने ऐसा प्रयास करना है। पूर्व विधायक रामकुमार पाहन ने कहा कि पूरे विधानसभा को सजाना है, यात्रा का प्रचार प्रसार अधिकाधिक किया जाए। इस दौरान काफी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक में विधानसभा स्तरीय संचालन समिति बनाई गई जिसमें भाजपा नेता धीरज महतो, प्रताप कुशवाहा चौधरी महतो,बीना देवी,साधुचरण महतो, विश्वनाथ महतो, विनोद साहू,चितरंजन महतो, दिलेश्वर कोईरी, मनोज महतो, सृष्टिधर प्रजापति शामिल हैं। संकल्प सभा को लेकर टेंट व्यवस्था,भोजन व्यवस्था, प्रचार- प्रसार, मोटरसाइकिल रैली, स्वागत समिति आदि हेतु कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष विनय महतो धीरज, रघुवीर महतो, सुधीर साहू,परिक्षित मंडल, मेघनाथ महतो, पदलोचन महतो, मनोज महतो,राजेश राय, युधिष्ठिर महतो, कृष्णा महतो, लक्ष्मण महतो, भोला मांझी, आदि मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में 6 गये जेल, चोरी की तीन मोटरसाइकिल बरामद

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गम्हरिया पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के छह आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। उनके पास से पुलिस ने चोरी का तीन मोटरसाइकिल बरामद किया है। इस बावत जानकारी देते हुए थाना प्रभारी सुषमा कुमारी ने बताया कि लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अभियान चलाते हुए छापेमारी की गई जिसमें अंकित कुमार, करण दास और लव मांझी उर्फ रेपो राज को गम्हरिया के एनकेएस मैदान के समीप से चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही के आधार पर छापेमारी करते हुए चोरी में शामिल राजेश मंडल, कर्ण कुमार बास्के समेत एक नाबालिक को भी गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि नावालिग को बाल सुधार गृह भेज दिया गया जबकि अन्य आरोपियों को न्यायिक हिरासत में सरायकेला भेज दिया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी सुषमा कुमारी के साथ सहायक अवर निरीक्षक शशि भूषण प्रसाद, सअनि मुरारी शंकर, शैलेश कुमार यादव, हवलदार रमेश चंद्र महतो, आरक्षी शिव शंकर, श्रीकांत कुमार, चालक आरक्षी सोमनाथ मुंडारी आदि शामिल थे।

## मॉर्निंग वॉक में निकला युवक लापता, एक सप्ताह बाद भी नहीं लौटा घर

**नीमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला



अंतर्गत नीमडीह थाना अंतर्गत रामनगर गांव के मुदीडीह टोला के 32 वर्षीय युवक बाबुलाल महतो विगत रविवार को अहले सुबह करीब साढ़े चार बजे घर से निकला और एक सप्ताह के बाद भी लौट कर नहीं आया। परिजनों ने नीमडीह थाना में इस घटना की लिखित सूचना दी। एक सप्ताह से पुलिस व परिजन लापता युवक का पता लगाने में जुटी है लेकिन अभी तक सफल नहीं हुए। इस संबंध में शनिवार को लापता युवक के पिता रवींद्र नाथ महतो व भाई कर्ण महतो से इस रहस्यमय ढंग से लापता युवक के विषय में जानकारी प्राप्त किया गया। वह ब्लू चेक शर्ट और काला पैंट पहन कर गया है, मोबाईल फोन भी नहीं लेकर गया। परिजनों ने लोगों से आग्रह किया कि युवक का कहीं पता चले तो इस मोबाईल नम्बर 6205382574 पर जानकारी अवश्य करें।

## विधायक ने डायरिया प्रभावित डुमरा हरिजन टोला में चापाकल लगवाकर अपना वादा किया पूरा

**तिरूलडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के डुमरा गांव के हरिजन बस्ती में बुधवार को डायरिया पीड़ितों का हालचाल लेने विधायक सविता महतो पहुंचे व चिकित्सा कैम्प का जायजा लिया था। वहीं 6 महीने से खराब पड़े सोलर चालित जल मिनार को भी मरम्मती कराकर चालू कराया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को लगातार गांव में कैम्प कर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। विधायक ने हरिजन बस्ती के लोगों से वादा किया था कि चार दिनों के अंदर हरिजन बस्ती में नया चापाकल लगाया जाएगा। चापाकल बोरिंग शुरू होते ही हरिजन बस्ती वासियों ने विधायक सविता महतो का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## मुचीराम बाउरी के भाई विद्याधर बाउरी के असामयिक निधन से शोक की लहर

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा किसान मोर्चा के जमशेदपुर महानगर जिलाध्यक्ष सह पटमदा के माचा गांव निवासी मुचीराम बाउरी के भाई विद्याधर बाउरी का शनिवार की दोपहर को असामयिक निधन हो गया। करीब 42 वर्षीय विद्याधर पोस्टल विभाग में कार्यरत थे और बोड़ाम डाकघर में पदस्थापित थे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वह ड्यूटी के दौरान ही दोपहर को टाटा -पटमदा मुख्य सड़क के किनारे ठनठनी घाटी में बेसुध पड़े हुए थे। रास्ते से गुजर रहे सांसद प्रतिनिधि महावीर महतो की नजर उनपर पड़ी तो उन्हें उठाने का प्रयास किया लेकिन काफी देर तक कोई गतिविधि नहीं होने पर पहले माचा स्थित सीएचसी अस्पताल पहुंचाया फिर बेहतर इलाज हेतु एमजीएम अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, भाजपा नेता विमल बैठा, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे। मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। इस घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

## सांसद गीता कोड़ा को कांग्रेसियों ने मांग पत्र सौंपा

**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चक्रधरपुर प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सुत्री सदस्य विजय सिंह सामाड के अगुवाई में सांसद गीता कोड़ा को प्रखंड कोषाध्यक्ष सह केरा वार्ड सदस्य पूर्ण चंद्र मुखी व केरा पंचायत अध्यक्ष सुरेश पुरती के द्वारा केरा राजा घाट से मंदिर पुल तक 1000 फीट गार्डवाल निर्माण का मांग पत्र सौंपा गया वहीं ईटोर पंचायत अध्यक्ष श्रीधर गोप के द्वारा पंचायत के ग्राम महुलपानी का टोला जानुमपी में पी.सी.सी एवं ग्रेड वन सड़क का मांग पत्र सौंपा गया। सुरबुढ़ा पंचायत अध्यक्ष संजीत बांकिरा के द्वारा सुरबुढ़ा पुल से धोबासाई तक पी.सी.सी सड़क निर्माण का मांग पत्र सौंपा गया।

## मारवाड़ी महिला सम्मेलन सुंदरनगर शाखा ने मनायी अग्रसेन जयंती

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को मारवाड़ी महिला सम्मेलन सुंदरनगर शाखा द्वार महाराज श्री अग्रसेन जी की जयंती पर चित्रांकन और आरती की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शाखा अध्यक्ष मधु बाकरेवाल के नेतृत्व में चंदन नगर पंचायत भवन में आयोजित हुए कार्यक्रम में चित्रांकन प्रतियोगिता में 15 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें प्रथम आरव अग्रवाल, द्वितीय जय अग्रवाल एवं तृतीय हार्दिक शाह रहा। आरती की थाली सजाओ प्रतियोगिता में 25 महिलाओं ने भाग लिया। जिसमें प्रथम बीना अग्रवाल, द्वितीय अन्नपूर्णा अग्रवाल एवं तृतीय स्थान पर कृतिका अग्रवाल रही। सभी विजेताओं को पुरूस्कुत किया गया। इससे पहले मुख्य अतिथि समाजसेवी अरुण बाकरेवाल ने महाराज श्री अग्रसेन जी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित मारवाड़ी महिला सम्मेलन की प्रांतीय अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रभा पाड़िया ने जजमेंट किया। अशोक अग्रवाल और श्याम अग्रवाल सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद थे।

### नशीले पदार्थ की तस्करी के विरुद्ध जिला पुलिस को मिली सफलता

# ट्रेलर में जा रहा 810 किलो गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार के निर्देशन पर सभी प्रकार के नशा तस्करों के खिलाफ जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने 27 बोरा गांजा(810) किलो ले जाते हुए एक ट्रेलर को बीती रात पकड़ा गया। उस पर बैठे दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर विमल कुमार ने शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस वार्ता आयोजित पत्रकारों को जानकारी देते हुए कहा कि शुक्रवार की रात





चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ रात को जांच अभियान चला रहे थे। इस बीच सूचना मिली कि एक ट्रेलर पर अवैध रूप से गंजा ले कर आ रहा है। इतने में एक स्कॉर्पियो के पीछे एक ट्रेलर आते हुए देखा गया। पुलिस को देखते ही स्कॉर्पियो तेज गति से आगे निकल गया जबकि पुलिस ने ट्रेलर को रोक लिया।जांच करने पर ट्रेलर में 27 प्लास्टिक बोरे में गांजा पाया गया। पुलिस ने ट्रेलर पर बैठे वाहिद खान एवं करण गुप्ता दो व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए गांजा सहित ट्रेलर जप्त कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि इस कांड में संलिप्त अन्य व्यक्तियों को चिन्हित किया जा रहा है। उन्होंने कहा जिले में मादक पदार्थ की तस्करी एवं धंधा करने वाले नेटवर्क को समाप्त करने का अभियान चलाया जा रहा है।

## करीम सिटी कॉलेज के भूगोल विभाग ने किया संगोष्ठी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज के भूगोल विभाग ने विद्यार्थी संगोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर करीम सिटी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद रियाज़ , भूगोल विभाग के प्रमुख डॉ आले अली, सहायक शिक्षिका डॉ फरज़ाना अंजुम, प्रोफ़ेसर डॉ पसरुल इस्लाम, दर्शनशास्त्र के शिक्षक डॉ अब्दुल लतीफ़ मंडल एवं भूगोल विभाग के सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। इस संगोस्ति में सेमेस्टर 1, 2 एवं 4 से कुल 14 विद्यार्थियों ने भाग लिया एवं अपने आकर्षक पावरप्वाइंट प्रस्तुति द्वारा अपने विषयों पर प्रकाश डाला। अंत में भूगोल विभाग के प्रमुख डॉ आले अली ने कहा कि करीम सिटी कॉलेज का भूगोल विभाग विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के लिए कार्यशालाएं , वेबिनार एवं का आयोजन करता आ रहा है ताकि विद्यार्थियो में भूगोल विषय के प्रति रूचि बनी रहे एवं उन्हें नयी नयी चीज़ों को जानने और सिखने का अवसर मिलता रहे। साथ ही ।

## लाभुकों को निर्धारित मात्रा में ससमय राशन मिलना सुनिश्चित करें : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त रविशंकर शुक्ला द्वारा वर्चुअल बैठक आयोजित कर आपूर्ति विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उन्होंने एनएफएसए, ग्रीन राशन कार्ड, पेट्रोल सब्सिडी योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, धान अधिप्राप्ति, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण जैसी योजनाओं का क्रमवार समीक्षा किया। उपायुक्त ने सम्बंधित पदाधिकारियों को सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को ससमय लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि लाभुकों को निर्धारित समय पर उचित मात्र में राशन मिले, किसी भी परिस्थिति में राशन डीलर द्वारा मनमानी से राशन वितरण एवं निर्धारित मात्र में कटौती नहीं हो।सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रखंड स्तर पर ग्रीन राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों का अनुमोदन कर जिला कार्यालय भेजने को कहा गया ताकि प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को जोड़ा जा सके। पीजीएमएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के नियमानुसार निष्पादन करने, सभी एमओ को संबंधित क्षेत्र के मुखिया के साथ बैठक कर क्षेत्र की समस्याओं उसके समाधान पर चर्चा करने, पीडीएस दुकानों के बैकलॉक (भंडारण) का जांच कर प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने सहित अन्य निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को उपायुक्त द्वारा दिया गया।

## राशन गबन के आरोपी को पुनः डीलर बनाने के प्रस्ताव का महिला समिति समूह ने किया विरोध





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के सहरबेड़ा गांव में शनिवार को राशन डीलर पर चावल एवं गेहूं गबन के आरोप पर एक जांच टीम पहुंचकर ग्रामीणों के साथ बैठक की ।बैठक में पीडीएस दुकानदार के प्रस्ताव को लेकर चर्चा भी किया गया। जहाँ बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम प्रधान रविन्द्र नाथ तंतुबाई की अध्यक्षता में पर हरिमंदिर प्रांगण में बैठक हुआ। बैठक में ग्रामीणों ने सरस्वती देवी को पुनः दोबारा दुकान संचालक के रूप चयनित कर लिखित प्रस्ताव भेजा गया। जिनके उपर चावल गेहूं गबन कर बेचने का आरोप है । इस दौरान जांच टीम ने बताया कि ग्रामीणों की और से सरस्वती देवी की नाम लिखित प्रस्ताव दिया गया है।लेकिन पूर्व में जो पीडीएस दुकान संचालित कर रहे महिला समिति के पदाधिकारी व सदस्यों नहीं पहुंचे है। आगे कि करवाई रिपोर्ट के आधार पर की जाएगी। बैठक में प्रखंड पसुपाल पदाधिकारी चांडिल विष्णु शरण महतो,सहायक अभियंता नरेगा विकास मुंडा,पंचायत सचिव डोमन नाथ बास्के, एवं बीएमपी जेएसएलपीएस की अमित कुमार दुबे मौजूद रहे।इधार सहरबेड़ा टोला टुइलूंग में महिला समिति ने इस विषय को लेकर बैठक कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। महिला समिति ने पूर्व में आरोपी पीडीएस संचालिका सरस्वती देव को दोबारा प्रस्ताव किये जाने पर विरोध प्रदर्शन किया। इसदौरान बनमाला महिला समिती समहू के अध्यक्ष लतिका कुम्हार ने बताया कि जिसका प्रस्ताव भेजा गया है वो गलत है और वो कोई महिला समहू से जुड़ा हुआ नही है।उनके उपर आरोप है गबन का इस विषय को लेकर सभी पदाधिकारी को लिखत सूचना दे दी गई एवं निष्पक्ष जांच की मांग भी की है। बतादें की पूर्व सात माह पहले पीडीएस दुकान संचालक को चार बोरा गेंहू की कला बाजारी करते हुऐ रंगे हाथ महिला समिति के समहू ने धर दबोचा था। वर्तमान में सहरबेड़ा, पत्थरडीह, टुइलूंग, एदेलबेड़ा, चारो गांव के कार्डधारी दूसरे पंचायत के एक डीलर के पास लम्बा दूरी तय करके अपना अपना राशन उठाते है।

## साकची रामगढ़िया सभा में महिलाओं ने गरबा-डांडिया नाइट में मचाया धमाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** साकची स्थित रामगढ़िया सभा में मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा भव्य डांडिया (गरबा) धमाल नाइट कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने एक साथ गरबे की धुन में डांडिया रास किया। मोरनी बनके काल्यो कूद पडो मेला में.एवं गरबा की रात आई.. आदि फ़िल्मी और गरबा की धुनों पर क्या बच्चे क्या बड़े, सब जम कर थिरके। कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल, कोषाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल एवं कार्यक्रम संयोजिका पिंकी रिंगसिया व अंजू चेतानी के संयुक्त नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कलाकार पूजा पॉल और डीजे अमित रहे। साथ ही कार्यक्रम में सोलो डांस, डुएट डांस, ग्रुप डांस एवं बच्चों का बेस्ट ड्रेस अप सहित कई प्रकार के सरप्राइज गिफ्ट भी बांटे गयें, जो आकर्षण का क्रेन्द्र बने रहे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित और गणेश वंदना के मधुर स्वर के साथ किया गया। कनक अडेसरा और माधवी रामपारा द्वारा जजमेंट किया गया। जजों के निर्णस के आधार पर प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों



द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यकम की भव्यता एवं लोगो की मस्ती देखने लायक थी। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव कविता अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष ममता अग्रवाल सहित शाखा की सभी सदस्यों का मुख्य योगदान रहा। इस कार्यक्रम में लगभग 600 से अधिक महिलाएं शामिल हुई। अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का भी आनन्द उठाया। डांडिया धमाल नाइट के सौजन्यकर्ता क्रमशः छगनलाल ज्वेलर्स, दा साउथ हाउस ,नारायणी इंटरनेशनल, राजकमल इलेक्ट्रॉनिक्स, द वर्ल्ड, बंसल इंटरप्राइजेज, श्री ज्वेलर्स, मारुति, माय चॉइस, स्टार लाजिक्स लुब्रिकेंट आदि थे।

## लोस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को सभी पंचायतों में दिलानी है बढ़त : प्रेमेंद्र मिश्रा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड के आम बगान में कांग्रेस पार्टी की संगठनात्मक बैठक प्रखण्ड अध्यक्ष फागु मुण्डा की अध्यक्षता में हुई. बैठक में मुख्य रुप से आगामी लोस चुनाव को लेकर संगठन को ओर अधिक मजबूत करने, जल्दी ही कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित करने तथा कुचाई में भारत जोडो कार्यक्रम चलाने पर कार्यकर्ताओं के बीच बिचार विमर्श किया गया है. बैठक में पहुंचे युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र मिश्रा ने कहा कि अगले लोस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को सभी पंचायतों में बढ़त दिलाने कार्यकर्ताओं का लक्ष्य होना चाहिये. इसके लिये उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को अभी से ही चुनाव की तैयारी में जुटा जाने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करना है. बैठक में मुख्य रूप से कुचाई प्रखंड अध्यक्ष फागु मुंडा, मानसिंह मुंडा,युवा प्रदेश सचिव प्रेमेंद्र मिश्रा, खूंटपानी प्रखंड अध्यक्ष साकरी दोंगो, अशोक मुन्डरी, अजित कान्डेयांग, बैगो बोदरा, कुशल समड, कान्हैयालाल समड, करन हेम्ब्रम, सोनाराम बोदरा, कुंडिया सोय, दामोदर मुंडा आदि उपस्थित थे. बैठक में कांग्रेस पार्टी की पंचायत समितियों का पुर्नगठन करने का निर्णय लेते हुए चार अलग अलग जोन बना कर प्रभारी का



मनोनयन किया गया. जोन-1 में गोमेयाडीह, बारूडीह व रूईडीह पंचायत के लिए फागु मुण्डा व मानसिंह मुंडा को प्रभारी तथा जयराम मुण्डा,नरसिंह मुंडा,दामोदर मुंडा, नाजीर मुंडा को उप प्रभारी मनोनीत किया गया. जोन -2 में अरवां, छोटा सोगोय व मरांगहातु पंचायत के लिए करन हेम्ब्रम को प्रभारी, सोनाराम बोदरा, महेश्वार उरांव व रतन सरदार को उपप्रभारी, जोन-3 में ति3लोपदा, पोंडाकाटा व बंदोलोहर पंचायत के लिए कुशल समड को प्रभारी, सुमित महतो, राजीव महतो, शंकर बांकिरा, विकास बांकिरा, दांसर बोदरा व मुन्ना सामड को उपप्रभारी,मनोनित किया गया. जोन-4 में रोलाहातु पंचायत के लिए प्रखंड कमिटी के पदाधिकारी प्रभारी होंगे. पंचायत समितियों के गठन से लेकर संगठनात्मक कार्यो को समयबद्ध तरीके से करने का निर्णय लिया गया.

## बिष्टुपुर के होटल अलकोर में दुर्गा पूजा की भव्य तैयारी, विशेष पैकेज का ऐलान व डीजे का इंतजाम

**प्रभता मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** दुर्गा पूजा को लेकर बिष्टुपुर स्थित होटल अलकोर में भव्य तैयारी की गयी है। शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन करते हुए होटल अलकोर के जीएम हरजोत सिंह, हेट शेफ सोमनाथ भौमिक और फूड एंड बेवरेज मैनेजर अखिल पिल्लई ने बताया कि अलकोर में आगंतुकों की मेजबानी के लिए उन लोगों ने तैयारी कर ली है। इस दुर्गा पूजा सीज़न में एक भव्य उत्सव का हिस्सा बनने के लिए लोगों को आमंत्रित किया है। एक यादगार प्रवास और स्वादिष्ट भोजन अनुभव का वादा करने वाले विशेष प्रस्तावों की मेजबानी के साथ उत्सव की भावना में खुद को डुबो दें। इसके तहत क्लब रूम 7000





रुपये टैक्स के साथ दो लोगों को मिलेगा जबकि 8 हजार रुपये सुइट रुम जीएसटी सहित दो व्यस्क के लिए होगा। वहीं, भोजन का भी पैकेज दिया गया है। आगमन पर स्वागत पेय, कमरे में निःशुल्क बंगाली मिष्टी थाली, निःशुल्क भव्य बुफ़े नाश्ता, मानार्थ पूजो बुफ़े प्रति रात्रि एक, मिष्टी दोई पारंपरिक बंगाली मीठा दही के 02 भाग, कमरे में जिम और वाई-फाई तक पहुंच, ए-ला-कार्ट पर भोजन और शीतल पेय पदार्थों पर 15 फीसदी की छूट, सैलून और स्पा सेवाओं पर 15 फीसदी की छूट, प्रारंभिक चेक-इन 08:00 बजे से और शाम 4 बजे तक देर से चेकआउट, 7 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क बाल आवास उपलब्ध होगा। इन लोगो ने बताया कि पूजा के दौरान 21 अक्टूबर (महासप्तमी) से 24 अक्टूबर (महादशमी) तक रात के खाने के लिए नुक्कड़ पर पूजा स्पेशल बुफे (शाम 7:00 बजे से 12:00 बजे तक) होगा. 24 अक्टूबर (दशमी) को पूजा स्पेशल लंच बुफे दोपहर 12:30 बजे से 03:30 बजे तक आयोजित होगा. नुक्कड़ रेस्तरां मध्यरात्रि दावतों की पेशकश करने वाले 24 घंटे रेस्तरां के रूप में चालू होगा. ज़िरका में 15 से 24 अक्टूबर तक बंगाली व्यंजनों के साथ विशेष ए ला कार्टे मेनू होगा. इस क्रिकेट सीज़न में 14 अक्टूबर से शुरू होने वाले ओकवुड में विशेष उत्सव का आनंद ले सकते है। 21 और 23 अक्टूबर शनिवार को ओकवुड में डीजे नाइट का आयोजन होगा।

## दुर्गापूजा के मद्देनजर उपायुक्त व आरक्षी अधीक्षक ने दुर्गापूजा समिति के सदस्यों के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** दुर्गापूजा के मद्देनजर जिला प्रशासन की ओर से गम्हरिया प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में क्षेत्र के सभी दुर्गापूजा समिति के सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त रविशंकर शुक्ला तथा आरक्षी अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान शांतिपूर्ण माहौल में पूजनोत्सव संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करते हुए पूजा कमेटी के सदस्यों से भी राय ली गई। डीसी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को दुर्गापूजा के दौरान निर्वात गति से विद्युत आपूर्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने भीड़ वाले स्थान पर और पूजा पंडाल में सीसीटीवी की व्यवस्था करने का निर्देश भी दिया। उन्होंने बताया कि पूजा के दौरान नगर निगम या पुजा आयोजन की ओर से स्टॉल या ठेला लगाने वाले दुकानदारों से किसी तरह का शुल्क नहीं लिया जाएगा। पुलिस प्रशासन को सोशल मीडिया पर विशेष रूप से ध्यान देने को कहा। इस मौके पर उपस्थित आरक्षी अधीक्षक डॉ विमल कुमार ने कहा कि दुर्गापूजा के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पूजा पंडाल समेत अन्य जगहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस वालों की तैनाती की जाएगी। साथ ही, इस दौरान महिला पुलिसकर्मियों को भी प्रतिनियुक्त किया जाएगा। एसपी ने कहा कि पूजा के दौरान चोरी, छिनतई आदि घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त संख्या में टाइगर मोबाइल की प्रतिनियुक्ति भी की जाएगी। एसपी ने बताया कि रात्रि 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। बताया कि गम्हरिया प्रखंड और आदित्यपुर ननि क्षेत्र में दो स्थानों पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन होता है जहां काफी भीड़ लगती है। अतः उक्त भीड़ को कंट्रोल करने के लिए आयोजक भी अपनी ओर से व्यवस्था रखें। इसके अलावा पुलिस बल को भी वहां तैनात किया जाएगा। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी रामकृष्णा कुमार, बीडीओ प्रवीण कुमार, सीओ गिरीन्द्र गिरी के अलावा जिला परिवहन पदाधिकारी, अग्निशमन पदाधिकारी, विद्युत कार्यपालक अभियंता, आदित्यपुर थाना प्रभारी, जेआरडीसीएल के महाप्रबंधक समेत कई अधिकारी और सभी पूजा कमेटी से सदस्य उपस्थित थे।

## छात्रों के बीच स्वच्छता ही सेवा प्रमाण पत्र वितरित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शनिवार की सुबह सामाजिक संस्था सारथी द्वारा कदमा के भाटिया बस्ती स्थित उत्क्रमित मध्य विधालय में स्वच्छता ही सेवा है योजना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कायक्रम का उद्देश्य स्कूल के प्रतिभाशाली छात्रों में स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नेता नीरज सिंह ने प्रतिभागियों के साथ-साथ टीम को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में जेएनएसी सिटी मैनेजर क्रिस्टीना और स्कूल के हेड मास्टर गोपेश कुमार ठाकुर उपस्थित थे। इसे सफल बनाने में सारथी संस्था अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, विजय अग्रवाल, शुभम, सुशांत, निखिल, दीपक, संगीता, मोनू, राजेश, आदि का योगदान रहा।

## संपादकीय

# सबसे तेज अर्थव्यवस्था

**यह** एक बार फिर सत्यापित किया गया है कि दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारत सबसे तेज और विकसित होती अर्थव्यवस्था है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष ने अपने आकलन के आधार पर भविष्यवाणी की है कि 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ोतरी 6.3 फीसदी रहेगी। चीन 5 फीसदी बढ़ोतरी के साथ दूसरे स्थान पर रहेगा। अगले साल हमारी आर्थिक विकास दर इसी स्तर पर रहेगी, जबकि चीन 4.2 फीसदी तक लुढक़ सकता है। आईएमएफ के मुख्य अर्थशास्त्री पियरे ओलिवियर गौरींचास ने एक ब्लॉग में लिखा है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था लंगड़ा कर चल रही है। तेजी का तो सवाल ही पैदा नहीं होता। मुद्राकोष की उम्मीद है कि 2023 में वैश्विक जीडीपी वृद्धि मात्र 3 फीसदी रहेगी। अब विश्व अर्थव्यवस्था को समग्रता में देखा जाए, तो वह कोरोना-पूर्व की स्थिति को छू तक नहीं पाई है। भारत की अर्थव्यवस्था ने लचीलापन और पलटाव के स्पष्ट संकेत दिए हैं। भारत और चीन की आर्थिक विकास दर की तुलना प्रासंगिक इसलिए है, क्योंकि दोनों पड़ोसी और प्रतिद्वंद्वी देश हैं, लेकिन दोनों की जीडीपी में 5 गुना का अंतर है। चीन की जीडीपी 17.7 ट्रिलियन डॉलर की है, लिहाजा वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन का योगदान अपेक्षाकृत ज्यादा है। भारत की जीडीपी फिलहाल करीब 3.75 ट्रिलियन डॉलर की है। बार्कले की एक हालिया रपट के मुताबिक, भारत की कुछ सालों तक विकास दर 8 फीसदी होनी चाहिए, ताकि वैश्विक योगदान के संदर्भ में चीन को पछाड़ा जा सके। विकास दर 6.3 फीसदी से 8 फीसदी तक जाने के मद्देनजर हमें संरचनात्मक चुनौतियों का सामना करना होगा। भारत सरकार का डाटा साफ दिखाता है कि कोरोना-पूर्व 2018-19 से 2022-23 तक कार्यबल के एक हिस्से ने कृषि की ओर वापसी की है। अर्थव्यवस्था के लिहाज से अब यह सबसे कम उत्पादकता वाला क्षेत्र है। उदाहरण है कि यदि एक परिवार कृषि के धंधे में है, तो अन्य परिजन भी, किसी अन्य रोजगार या नौकरी के अभाव में, कृषि से जुड़ सकते हैं। इससे अर्थव्यवस्था की रफ्तार और बढ़ोतरी को क्या फायदा हो सकता है? किसान परिवार की अतिरिक्त आमदनी भी नहीं बढ़ेगी। चूंकि कोरोना महामारी और लॉकडाउन के कारण मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में कार्यबल की छंटनी की गई। नौकरियां चली गईं या संबद्ध रोजगार भी छिन गया, नतीजतन लोग कुछ भी काम करने के मद्देनजर कृषि से जुड़ गए। 2022-23 में सिर्फ 11.4 फीसदी कार्यबल ही मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में था। इसका असर आम आदमी की निजी खपत और उपभोग पर भी पड़ा। उसका विस्तार नहीं हो सका। यही किसी भी उभरती और विकसित होती अर्थव्यवस्था का सबसे बड़ा हिस्सा होता है। भारत की आर्थिक विकास दर पर कइयों को हैरानी होगी, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर चिंताएं भी बहुत हैं। यदि निजी उपभोग ही कम होता जा रहा है, तो बेशक मांग भी कम होगी, तो अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी कैसे संभव है? जब भारत की अर्थव्यवस्था की गति तेज है, तो उसे विश्व स्तर पर ज्यादा समर्थन मिलना चाहिए। भारतीय उत्पादों की मांग बढनी चाहिए, भारतीय सेवाओं और उपयोगिताओं का विस्तार होना चाहिए, लेकिन विश्व स्तर पर अर्थव्यवस्थाओं में गिरावट जारी रहेगी या विकास दर नगण्य होगी, तो भारत को भी तेज अर्थव्यवस्था के लाभ नहीं मिल सकेंगे। बार्कले का सुझाव है कि खनन और उपयोगिताओं वाले और परंपरागत क्षेत्रों में निवेश को बढ़ाया जाना चाहिए। उनसे आर्थिक गतिविधियां तेज और व्यापक होंगी। अभी प्रौद्योगिकी और गहन पूंजी वाले मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर पर ही ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। बीते कुछ सालों में श्रम-बल निर्माण क्षेत्र में ज्यादा खपा है, मैन्यूफैक्चरिंग में कम हुआ है, लिहाजा संरचनात्मक बदलाव हो।


अब विश्व अर्थव्यवस्था को समग्रता में देखा जाए, तो वह कोरोना-पूर्व की स्थिति को छू तक नहीं पाई है। भारत की अर्थव्यवस्था ने लचीलापन और पलटाव के स्पष्ट संकेत दिए हैं। भारत और चीन की आर्थिक विकास दर की तुलना प्रासंगिक इसलिए है, क्योंकि दोनों पड़ोसी और प्रतिद्वंद्वी देश हैं, लेकिन दोनों की जीडीपी में 5 गुना का अंतर है। चीन की जीडीपी 17 .7 ट्रिलियन डॉलर की है, लिहाजा वैश्विक अर्थव्यवस्था में चीन का योगदान अपेक्षाकृत ज्यादा है। भारत की जीडीपी फिलहाल करीब 3 .75 ट्रिलियन डॉलर की है। बार्कले की एक हालिया रपट के मुताबिक, भारत की कुछ सालों तक विकास दर 8 फीसदी होनी चाहिए, ताकि वैश्विक योगदान के संदर्भ में चीन को पछाड़ा जा सके। विकास दर 6 .3 फीसदी से 8 फीसदी तक जाने के मद्देनजर हमें संरचनात्मक चुनौतियों का सामना करना होगा। भारत सरकार का डाटा साफ दिखाता है कि कोरोना-पूर्व 2018-19 से 2022-23 तक कार्यबल के एक हिस्से ने कृषि की ओर वापसी की है। अर्थव्यवस्था के लिहाज से अब यह सबसे कम उत्पादकता वाला क्षेत्र है। उदाहरण है कि यदि एक परिवार कृषि के धंधे में है, तो अन्य परिजन भी, किसी अन्य रोजगार या नौकरी के अभाव में, कृषि से जुड़ सकते हैं।


## कुछ अलग

# खोज में जीने की राह

**हिमाचल** सरकार अपने फैसलों की जमीन पर आईनों की दुरुस्ती और नए दर्पण की मजबूती में बहुत कुछ ऐसा भी चिन्हित कर रही है, जो वक्त की जरूरत को भविष्य तक रेखांकित कर रहा है। जाहिर है प्राकृतिक आपदा के बाद सरकार के लिए फर्ज के क्षेत्र बढ़े हैं। पहले चुनावी जीत के मंतव्य में जनता के आभार में मंजिलें खड़ी थीं, लेकिन अब रास्तों की रेत पर फिर से मुकद्दर लिखने की चुनौती आन पड़ी है। इसीलिए राहत कार्यों को मंत्रिमंडल सुदृढ़ करता हुआ क्षतिग्रस्त घर-आंगन को अपने पैकेज की बरसात दिखाना चाहता है, ताकि उजड़े परिवार फिर से स्वाभिमान के साथ छत के नीचे, स्वावलंबन के साथ रह सकें। आपदा के बाद हिमाचल जीना सीख रहा है, तो सरकार की भूमिका में नई पहरेदारी और दिशा निर्देशन की जिम्मेदारी परिलक्षित हो रही है। सुक्खू सरकार के सुधारवादी रुख का पता मंत्रिमंडल की बैठकें बताती हैं और इस बार भी घोषित कदमों के निशान बदलकर जनता की राहें आसान करने का योगदान साफ है। खास तौर पर शिक्षा विभाग के ट्रांसफर स्टे तोडऩे के लिए अब चालीस किलोमीटर दायरे में से दस किलोमीटर की छूट का जिक्र होगा। निजी संस्थानों के अधिग्रहण की 1994 से चल रही नीति भी वापस ली जा रही है। आपदा की परिस्थितियों में हिमाचल के नक्शे पर सूचना तंत्र विकसित करने के लिए सरकार सामुदायिक रेडियो को प्रोत्साहन देना चाहती है, लेकिन किन्हीं कारणों से आज तक विश्वविद्यालयों व बड़े शिक्षण संस्थानों के लिए इनके लाइसेंस हासिल करने की कोशिश या तो नाकाम रही या प्रबंधन प्रशासन ने इस दिशा में उचित कदम ही नहीं उठाए। सरकार का एक फैसला खड्डों व नदी-नालों के दायरे में भवन निर्माण की सीमा को निर्धारित करते हुए व्यावहारिक दृष्टि से सात मीटर तक पाबंदी लगा रहा है। बेशक यह पाबंदियां वक्त की आवश्यकता हैं, लेकिन हिमाचल में नवनिर्माण की गाथा को पूरी तरह संयमित, संतुलित, अनुशासित व नियमानुसार लिखने के लिए ग्राम एवं नगर योजना कानून को ही सही मायनों में सशक्त करना पड़ेगा। इस कानून की न केवल धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, बल्कि कानून के नाम पर आंखों में धूल डाली जा रही है। विडंबना यह है कि जो मंत्रिमंडल नदी-नालों के समीप बंदिशें लगा रहा है, वही शिमला की ग्रीन बेल्ट के ताले भी खोल रहा है। ये दोनों फैसले एक ही धरातल व शर्त पर सही नहीं हो सकते। प्राकृतिक आपदाओं के लिए जिस हद तक नागरिक व सार्वजनिक विकास दोषी है, वहां टीसीपी कानून का राज्य स्तरीय कार्यान्वय अनिवार्य हो जाता है। अगर राजधानी शिमला के लिए शहरी विकास योजना जरूरी है, तो यह सिरमौर, भरमौर या किन्नौर के हर गांव के लिए भी लाजिमी होनी चाहिए। खड्ड तो गांव की भी अपनी विकरालता का दोष नागरिक समाज पर डाल रही है, तो खेतों पर अनावश्यक रूप से जिस तरह सीमेंट-सरिया बीजा जा रहा है, उससे जल निकासी अब पहाड़ के जर्रे-जर्रे को रौंदने लगी है। ग्रामीण सडक़ें अपने किनारों पर उभरते बाजारों या नई बस्तियों से आजिज हैं, क्योंकि अफरातफरी के निर्माण से जेसीबी अब पहाड़ से जमीन छीनते-छीनते, प्राकृतिक संतुलन की तस्वीर छीन चुकी है।

## चुनावों ने नवम्बर में पांच राज्यों में होने वाले चुनावों में एक नई बहस को हवा दे दी है

# विधानसभाओं के चुनाव व जाति का प्रश्न

कुलदीप चंद अग्निहोत्री


पिछली बार भाजपा को एक सीट मिली थी। इस बार उसने दो सीटों जीती हैं और तीसरी सीट पर चालीस मतों से पराजित हुई। इन परिणामों से कांग्रेस और नैशनल कान्फ्रेंस अति उत्साह में हैं। नैशनल कान्फ्रेंस के अब्दुल्ला परिवार का कहना है कि इससे लोगों ने निर्णय दे दिया है कि सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 का उन्मूलन गलत था। उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणामों से यह भी पता चल गया है देश में भाजपा के विपरीत हवा बहना शुरू हो गई है। वैसे सोनिया गान्धी परिवार और अब्दुल्ला परिवार के पास ऐसी कौन सी साईंस है जिसके आधार पर कुल 56000 पड़े वोटों के परिणाम से 140 करोड़ की जनसंख्या के रुझान का पता लगाया जा सकता है।


**पांच** राज्यों की विधानसभाओं के लिए, जिनकी पांच साल की अवधि समाप्त हो रही है, चुनावों की घोषणा कर दी गई है। नवम्बर में चुनाव होंगे। इनमें से मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति पार्टी की सरकार है और मिजोरम में मिजो नैशनल फ्रंट की सरकार है। मध्य प्रदेश को छोडक़र बाकी सभी राज्यों में एक चरण में ही मतदान होगा। मध्य प्रदेश में दो चरणों में मतदान होगा। परिणाम तीन दिसम्बर को घोषित किए जाएंगे। लेकिन इन भावी चुनावों से ठीक पहले लद्दाख क्षेत्र में कारगिल पर्वतीय विकास परिषद की छब्बीस सीटों के लिए चुनाव हुआ था और उसके परिणाम आठ अक्तूबर को आए हैं। छब्बीस सीटों में से बारह सीटों पर नैशनल कान्फ्रेंस और दस सीटों पर सोनिया कांग्रेस को जीत हासिल हुई। दो सीटें भाजपा के खाते में गईं और दो ही निर्दलीय प्रत्याशियों को मिलीं। पिछली बार भाजपा को एक सीट मिली थी। इस बार उसने दो सीटों जीती हैं और तीसरी सीट पर चालीस मतों से पराजित हुई। इन परिणामों से कांग्रेस और नैशनल कान्फ्रेंस अति उत्साह में हैं। नैशनल कान्फ्रेंस के अब्दुल्ला परिवार का कहना है कि इससे लोगों ने निर्णय दे दिया है कि सरकार द्वारा अनुच्छेद 370 का उन्मूलन गलत था। उन्होंने कहा कि इन चुनाव परिणामों से यह भी पता चल गया है देश में भाजपा के विपरीत हवा बहना शुरू हो गई है। वैसे सोनिया गान्धी परिवार और अब्दुल्ला परिवार के पास ऐसी कौन सी साईंस है जिसके आधार पर कुल 56000 पड़े वोटों के परिणाम से 140 करोड़ की जनसंख्या के रुझान का पता लगाया जा सकता है। कारगिल बलतीस्तान का हिस्सा है जिसके बौद्धों ने सदियों पहले बुद्ध का रास्ता छोड़ कर मोहम्मद अली के शिया पंथ को अपना लिया था। शिया पंथ वालों का मुसलमानों से आम तौर पर झगड़ा रहता है। कश्मीर में भी यह देखा जा सकता है। लेकिन इन चुनावों में राहुल गान्धी ने एक नारा दिया था, जिसकी जितनी संख्या, उसका उतना हक। शिया पंथ वालों का अभी तक यही गिला रहा है कि उनके हिस्से का हक भी देश भर के मुसलमान खा जाते हैं। अब शायद कांग्रेस और नैशनल कान्फ्रेंस उनको उनका हक दिला देगी। लद्दाख में सभी जानते थे कि कारगिल में भाजपा जीत नहीं पाएगी। सोनिया परिवार और अब्दुल्ला परिवार को लगता था कि वे चुनाव आपस में मिल कर लड़ रहे हैं, इसलिए भाजपा कारगिल के नक्शे से गायब हो जाएगी। लेकिन भाजपा ने दो सीटें ही नहीं



जीतीं बल्कि पादुकोण की सीट पर भी वह बमुश्किल चालीस वोटों से ही हारी। स्थानीय विश्लेषक इसे भाजपा की जीत बता रहे हैं। अलबत्ता दिल्ली के गणितज्ञों की बात अलग है। अलबत्ता इन चुनावों ने नवम्बर में पांच राज्यों में होने वाले चुनावों में एक नई बहस को हवा दे दी है। बिहार में नीतीश कुमार ने जाति के आधार पर जनगणना करवा दी है और राहुल गान्धी को, जिसकी जितनी संख्या उसका उतना हक, का नारा रटा दिया है। वे बिना सोचे समझे देश भर में घूम घूम कर यह नारा लगा रहे हैं। उन्हें लगता है कारगिल में उन्होंने इस नारे को टैस्ट कर लिया है और अच्छे नम्बरों से पास भी हो गए हैं। इसके आधार पर वे अगले प्रधानमंत्री हो सकते हैं। लेकिन हक तो जाति संख्या के आधार पर ही मिलेगा। इसलिए अब यह खोजबीन होने लगी है कि राहुल गान्धी की जाति क्या है, जिसके आधार पर वे इस देश के प्रधानमंत्री होने का हक मांग रहे हैं। क्या वे हिन्दू होने के आधार पर यह हक मांग रहे हैं? क्योंकि वे मौके बेमौके जनेऊ पहन कर अपने हिन्दू होने का सबूत देने की कोशिश करते देखे गए हैं। लेकिन नीतीश कुमार ने तो स्पष्ट कर दिया है कि हिन्दू होने मात्र से काम नहीं चलेगा, जाति बतानी होगी। जाति की गणना की जाएगी, उसके आधार पर हिस्सेदारी या हक तय किया जाएगा। बहुत से लोगों ने नीतीश बाबू के इस सिद्धान्त को स्वीकार नहीं किया है। उनका कहना है कि यह चाल अंग्रेजों के रास्ते पर चलते हुए देश को तोडऩे या अराजकता फैलाने के षड्यन्त्र से ज्यादा नहीं है। लेकिन सोनिया परिवार ने तो नीतीश बाबू के इस सिद्धान्त को मान लिया है और उसका प्रचार करता हुआ देश भर में घूम भी रहा है। राहुल गान्धी की बहन प्रियंका गान्धी तो कह रही हैं कि हिमाचल प्रदेश में भी जाति के आधार पर गणना की जाएगी और उसी के आधार पर हिसाब किताब किया जाएगा। इसीलिए यह प्रश्न तेजी से उठ रहा है कि राहुल गान्धी की जाति क्या है? क्योंकि वे जाति के आधार पर हक मांग रहे हैं। इटली में जाति का आधार क्या है, इसके बारे में कहना मुश्किल है, लेकिन भारत में, चाहे सही चाहे ग़लत, जाति पिता की जाति से निश्चित होती है। पंडित जवाहर लाल नेहरु ब्राह्मण थे। उनकी बेटी इंदिरा गान्धी भी ब्राह्मण हुईं। इंदिरा गान्धी का विवाह एक पारसी फिरोज गान्धी से हुआ। राजीव गान्धी उनका बेटा था। इस लिहाज से राजीव गान्धी पारसी हुए। राजीव गान्धी की शादी ईसाई मत की सानिया माईनो से हुई। राजीव गान्धी ने शादी के बाद अपना मजहब नहीं बदला वे पारसी ही रहे। राहुल गान्धी उनके सुपुत्र हैं। कायदे से वह पारसी ही हुए। लेकिन यहां एक प्रश्न और पैदा होता है। पारसी को जाति माना जाए या मजहब। पारसी लोग जरदोशनी मजहब को मानने वाले हैं। ईरान में भारत की तरह जाति व्यवस्था नहीं है। इस लिहाज से राहुल गान्धी पारसी ही रहे। लेकिन यदि कोई पारसी या कोई विदेशी, उदाहरण के लिए कोई जर्मन या कोई फ्रांसीसी हिन्दू बन जाता है तो उसकी जाति क्या होगी? उसको जाति नहीं मिल सकती। क्योंकि हिन्दुस्तान की जाति व्यवस्था के अनुसार किसी भी व्यक्ति की जाति उसका जन्म ही तय करता है। यदि कोई व्यक्ति यादव पिता के घर जन्म ले लेता है तो वह यादव जाति का हो जाता है, कुर्मी जाति के पिता के घर जन्म ले लेता है तो कुर्मी जाति का हो जाता है। मजहब बदला जा सकता है जाति नहीं। इस लिहाज से राहुल गान्धी की जाति पिता के पक्ष से पारसी ही है। यह भारत की जाति व्यवस्था का घालमेल है जिसके बारे में सदियों से चर्चा हो रही है। इसीलिए कहा जाता है जाति को राजनीति से दूर रखना चाहिए। राज्य को सभी जातियों के समाज को समान भाव से देखना चाहिए और समान भाव से ही उनके उत्थान के लिए काम करना चाहिए। इसीलिए नरेन्द्र मोदी का कहना है कि हमारी सरकार जो योजनाएं चला रही हैं, उसमें जाति के आधार पर लाभ देने की व्यवस्था नहीं है बल्कि जरूरत के आधार पर लाभ देने की व्यवस्था है। लेकिन विपक्ष मान नहीं रहा। उसको लगता है कि प्रधानमंत्री की कुर्सी तक विचारधारा या काम के रास्ते से होते हुए पहुंचना बहुत मुश्किल है। जाति का रास्ता शार्टकट है व उसी रास्ते पर काफिला डाल देना चाहिए। जाति का यह रास्ता लालू यादव, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार, मल्लिकार्जुन खडग़े, स्टालिन आदि का देखा भाला रास्ता है। वे इस पर अपने राजनीतिक खेल भी खेलते रहे हैं।

# मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियां


जीवन का आरम्भ और जीने की पूरी प्रक्रिया परिस्थितियों के बीच उन्हीं के विभिन्न अवयवों से बनते-बिगड़ते एक गतिशील परिवेश के बीच आयोजित होती है। उदाहरण के लिए देखें तो पाएंगे सांस लेना भी परिवेश से मिलने वाले आक्सीजन पर निर्भर करता है जो नितांत स्वाभाविक और प्राकृतिक लगता है पर प्रदूषण होने पर या फेफड़े में संक्रमण हो तो मुश्किल हो जाती है। कोविड महामारी में यह सबने बखूबी देखा और पाया था। वस्तुत: हमारा परिवेश भौतिक, सामाजिक और मानसिक हर स्तर पर सक्रिय होता है और ये सभी एक दूसरे से सघनता से गुंथे होते हैं। इन परिवेशों को भी आदमी अपने हस्तक्षेप से रचता-गढ़ता रहता है। मनुष्य की अब तक की संस्कृति-यात्रा इसका ज्वलंत प्रमाण प्रस्तुत करती है। वस्त्र,आवास,आहार, अलंकरण और तमाम सामाजिक संस्थाएं इत्यादि-सभी कुछ मनुष्य रचता रहा है और अपनी इन रचनाओं के सम्पर्क में आकर खुद भी बदलता रहा है।


**आयुर्वेद** के अनुसार यदि आत्मा, मन और इंद्रियां प्रसन्न रहें तो आदमी को स्वस्थ कहते हैं। ऐसा स्वस्थ आदमी ही सक्रिय हो कर उत्पादक कार्यों को पूरा करते हुए न केवल अपने लक्ष्यों की पूर्ति कर पाता है बल्कि समाज और देश की उन्नति में योगदान भी कर पाता है। निश्चय ही यह एक आदर्श स्थिति होती है परंतु यह स्थिति किसी भी तरह निरपेक्ष नहीं कही जा सकती। जीवन का आरम्भ और जीने की पूरी प्रक्रिया परिस्थितियों के बीच उन्हीं के विभिन्न अवयवों से बनते-बिगड़ते एक गतिशील परिवेश के बीच आयोजित होती है। उदाहरण के लिए देखें तो पाएंगे सांस लेना भी परिवेश से मिलने वाले आक्सीजन पर निर्भर करता है जो नितांत स्वाभाविक और प्राकृतिक लगता है पर प्रदूषण होने पर या फेफड़े में संक्रमण हो तो मुश्किल हो जाती है। कोविड महामारी में यह सबने बखूबी देखा और पाया था। वस्तुत: हमारा परिवेश भौतिक, सामाजिक और मानसिक हर स्तर पर सक्रिय होता है और ये सभी एक दूसरे से सघनता से गुंथे होते हैं। इन परिवेशों को भी आदमी अपने हस्तक्षेप से रचता-गढ़ता रहता है। मनुष्य की अब तक की संस्कृति-यात्रा इसका ज्वलंत प्रमाण प्रस्तुत करती है। वस्त्र,आवास,आहार, अलंकरण और तमाम सामाजिक संस्थाएं इत्यादि-सभी कुछ मनुष्य रचता रहा है और अपनी इन रचनाओं के सम्पर्क में आकर खुद भी बदलता रहा है। इस तरह स्वयं और परिवेश पर दुतरफा प्रभाव डालने वाली अंतः प्रक्रिया विभिन्न स्तरों पर अनवरत चलती चली आ रही है। मनुष्य निजी और सामाजिक स्मृति धारण करता है जिससे सब कुछ संचित होता हुआ आगे के लिए भी उपलब्ध रहता है। इस सब के बीच हम अपने अल्पकालिक ( जैसे -क्षणिक और दैनिक )और दीर्घकालिक लक्ष्य और उपक्रम चलाते रहते हैं। मनुष्य के रूप में हमारा शरीर नित्य क्षण-क्षण की योजना के साथ निरंतर कार्य करता है। हमारा पाचन तंत्र , श्वसन तंत्र , ज्ञान और कर्म की इंद्रियां , हृदय, मस्तिष्क आदि सभी निरंतर कार्यरत रहते हैं और हमें इसका पता भी चलता रहता है कि उनकी गतिविधि किस तरह की है। इनको लेकर हम खासतौर पर तब सचेत हो जाते हैं जब इनमें कोई विशेष उतार-चढ़ाव मालूम पड़ता होता है। जब इनके बीच संतुलन बना रहता है तो जीवन की गति और लय हमारे अनुकूल रहती है और हम अपने को स्वस्थ कहते हैं पर जब यही लय रुकने-टूटने लगती है तो हम अस्वस्थ महसूस करते हैं जीवन व्यापार में व्यवधान आने लगता है। थोड़ी गहराई और ब्योरे में जाएं तो पता चलेगा कि इन व्यवधानों के मूल में मुख्यतः भौतिक, शारीरिक और मानसिक परिस्थितियां होती हैं। हम अपने साथ इच्छाओं , आशाओं , प्रेरणाओं , रुचियों, मनोवृत्तियों, क्षमताओं का भंडार भी रखते हैं जो घटता बढ़ता रहता है। ये स्वतंत्र तो होते हैं परंतु इनका साबका भौतिक और शारीरिक दुनिया से भी रहता है। इसलिए शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बीच दीवार खींचना बेमानी है। बहुतेरे शारीरिक रोग मानसिक कारण से और मानसिक रोग शारीरिक कारण से पैदा होते हैं। इसलिए 'मानसिक' और 'शारीरिक' के बीच भेद करना एक स्तर के बाद व्यर्थ हो जाता है। सत्य यही है कि दोनों एकीकृत और संघटित हो कर संयुक्त रूप से कार्य करते हैं। मन शरीर को और शरीर मन को निरंतर प्रभावित करता रहता है। प्रसिद्ध कहावत 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' यही भाव व्यक्त करती है कि स्वस्थ और प्रसन्न मन हो तो सब कुछ अच्छा लगता है। दूसरी ओर शरीर को सभी कार्यों का साधन भी कहा गया है : 'शरीरमाद्यम् खलु धर्मसाधनम्'। इसलिए शरीर और मन को परस्परनिर्भर मानना ही उचित है और दोनों की समुचित सेवा-सुश्रूषा होनी चाहिए। हमारी मनोवृत्तियां अपरिमित होती हैं और मन में संकल्प-विकल्प के ज़रिए कोई भी विचार प्रबल या दुर्बल हो सकता है। चूंकि इनके स्रोत बाह्य जगत या स्मृति कहीं भी हो सकते हैं इसलिए ये निर्बंध होते हैं। इन चित्तवृत्तियों को यदि बेलगाम छोड़ दें तो वे कुछ भी कर सकती हैं। स्मृति और कल्पना के योग से विचारों और भावनाओं का ताना-बाना बुना जाता रहता है जो आदमी को उलझाने के लिए काफ़ी होता है। व्यक्ति का उन्नयन और अधःपतन कुछ भी हो सकता है। इनको नियमित करना ही योग है और पूरा योग शास्त्र इसी के उपाय में संलग्न है। स्वास्थ्य के लिए युक्ताहार विहार बड़ा आवश्यक है। अतः नियमित व्यायाम , संतुलित आहार और पर्याप्त नींद को सामान्य जीवन का अंग बनाना जहां आवश्यक है वहीं स्वास्थ्य के लिए नुक़सानदेह व्यवहारों जैसे तम्बाकू सेवन और मद्यपान से बचना भी ज़रूरी है। रोगों के लिए अपने में प्रतिरोध की क्षमता बनाए रखने के लिए तैयारी होनी भी आवश्यक है। आज जिस तरह की परिस्थितियां बन रही हैं सजगता के साथ निगरानी, जांच पड़ताल और देखरेख भी आवश्यक है होती है कि कोई रोग तो विकसित नहीं हो रहा है। आज के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन का सत्य चिंताजनक दिशा का संकेत दे रहा है। यथार्थ को रचती आज की मीडिया चाहतों, जरूरतों और आवश्यकताओं के बीच अंतर को धूमिल करती जा रही है। उसके प्रभाव में आदमी यह विवेक खोता जा रहा है कि क्या करणीय है और क्या वरणीय है। आवश्यकताओं की सूची निरंतर बढ़ती जा रही है और बाजार इसी में अपनी सफलता मानती है। नई-नई प्रौद्योगिकी के हस्तक्षेप के चलते ये सवाल और जटिल होते जा रहे हैं। कुंठा, चिंता , अवसाद , तनाव और अकेलापन के साथ अनेक मानसिक रोग व्याप्त होते जा रहे हैं। आज व्यक्ति केंद्रित जीवन में जीवन के लक्ष्यों का प्रश्न नए ढंग से देखे जाने लगे हैं। इनके फलस्वरूप वास्तविकता के स्तर पर प्रतिस्पर्धा और हिंसा का दायरा बढ़ता जा रहा है। साथ में भौतिक जगत को ही सत्य की सीमा मान कर उपभोग पर अतिरिक्त बल देती आज की जीवन-शैली धरती की धारण क्षमताओं की सीमा को चुनौती दे रही है।



## देश दुनीया से

# सुशासन के प्रवेश द्वार पर

**हिमाचल** के जिलाधीशों और पुलिस कप्तानों की बैठक में सुशासन की सुर्खियां आबाद रहीं, लेकिन प्रशासनिक सुधारों की जिरह में वांछित मंत्रणा की जरूरत बरकरार है। नागरिक समाज से प्रशासनिक अपेक्षाओं की कई वजह हैं, लेकिन धरातल पर सरकार की प्राथमिकताएं इतनी चमत्कारिक हो जाती हैं कि कार्य निष्पादन की निरंतरता गायब हो जाती है। हो सकता है बड़े लक्ष्यों की पैरवी में कोई जिलाधीश या जिला पुलिस प्रमुख बाजी मार जाए, लेकिन क्या व्यवस्था में प्रशासनिक सुधार हो रहे हैं। क्या जिलों की देखरेख में नागरिक जीवन शैली के आदर्श बदल रहे हैं। क्या परिवहन की व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हो गए या ग्रामीण स्तर पर प्राकृतिक संसाधनों से इनसानी रिश्ता मजबूत हो गया। बेशक जिला प्रशासन राज्य व केंद्र सरकार के लक्ष्यों में अपनी भूमिका के दीप जलाए हुए है, लेकिन मानव इतिहास व लोकतांत्रिक विकास में ऊर्जा कहीं तो कमजोर है। खास तौर पर जब सुक्खू सरकार व्यवस्था परिवर्तन की बात करती है, तो सारा दारोमदार जिला प्रशासन की सूरत में देखा जाता है। प्रशासनिक फैसलों में निरंतरता, निष्पक्षता, पारदर्शिता, दक्षता, अनुशासन तथा नागरिक संवाद की जगह देखी जाती है। प्रशासन सरकार का मंच बनकर उद्घोषणाएं कर सकता है, सैकड़ों योजनाओं का उद्गार प्रकट कर सकता है, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन के ढोल बजाते हुए नहीं देखा जाता और इसकी एक वजह यह है कि हर अधिकारी ट्रांसफर की आंच के ऊपर बैठा है। छोटी सी सियासी दखल न काम करने देती और न ही विराम लगाने देती। मसलन ट्रैफिक नियंत्रण ही देख लें। राजधानी शिमला से कमोबेश हर जिला तक मजबूरियों के हालात में केवल वीआईपी गतिविधियों के दौरान ही गश्त होती है। इसी के साथ जनता का फरियादी होना हमारे लोकतंत्र व राजनीतिक पद्धति की जरूरत बन गई है। हर नीति और कार्यक्रम के पीछे एक मोटी फाइल है जो नागरिकों को घुमा रही है या किसी जमघट में खड़ा करके इंतजार करवा रही है कि बड़े साहब, विधायक, मंत्री या मुख्यमंत्री आएंगे और हल निकलेगा। पिछली भाजपा सरकार ने तो जनमंच को प्रश्रय देते हुए जनता को फरियादी घोषित कर दिया था। दरअसल जो फैसले शिमला में लिए जाते हैं, वे रफ्तार से नीचे नहीं सरकते या प्रशासनिक खंभों के नीचे इतने द्वार बना दिए जाते हैं कि लोग खुद को प्रवेश द्वार पर ही खड़ा पाते हैं। इतना जरूर है कि सुक्खू सरकार ने प्रशासनिक ट्रांसफरों में जल्दी न दिखाते हुए अधिकारियों पर रहम किया, लेकिन शिमला की राज्य स्तरीय सोच में दफ्तरों का माहौल आज भी जुओं के कब्जे में है। प्रशासन के कई आयाम और सदके हैं, जिनके तहत एक संसाधनविहीन राज्य को गतिमान बनाने की चुनौती है। इस दौरान एक बड़ा प्रशासनिक अमला राजधानी में एकत्रित हो गया, जो सरकार के कान में नजदीक से कह सकता है, लेकिन प्रदेश के दुरुह इलाकों तक सरकार की आवाज पहुंचाने के लिए यह इंतजाम मुकम्मल नहीं। हिमाचल की भौगोलिक तथा राजनीतिक परिस्थितियों में जोर-आजमाइश तो हुई, लेकिन कुछ राहें अनछुई रह गईं। प्रयास हुए, लेकिन प्रशासन का आधार आज भी स्वतंत्र रूप से कार्रवाई करने से हिचकिचाता है। जिन्हें त्वरित रूप से कानून व्यवस्था की शिकायत करनी होती है या अपनी ही जमीन-जायदाद की दुरुस्ती करनी होती है, वे किससे मिलकर इन्कलाब लाएं क्योंकि दफ्तरों में प्रशासनिक दुरुस्ती के निशान नहीं हैं। जरा पलट कर देखना कि ग्रामीण व शहरी आपूर्तियों में पानी व बिजली की व्यवस्था किस तरह की बहानेबाजी में शरीक रहती है। यह इसलिए भी कि होंगे बहुत चीफ इंजीनियर और इंजीनियर-इन-चीफ भी, लेकिन बिजली-पानी के महकमे आउटसोर्स किए हुए किसी अदने से व्यक्ति के भरोसे चल रहे हैं। आश्चर्य होता है कि जिस स्वच्छता मुहिम के ब्रांड एंबेसडर जिलाधीश होते हैं, उन्हीं के कार्यालय परिसर में फूलों की जगह झाडियां और पार्किंग की जगह आवारा पशु घूम रहे होते हैं।


प्रशासनिक फैसलों में निरंतरता, निष्पक्षता, पारदर्शिता, दक्षता, अनुशासन तथा नागरिक संवाद की जगह देखी जाती है। प्रशासन सरकार का मंच बनकर उद्घोषणाएं कर सकता है, सैकड़ों योजनाओं का उद्गार प्रकट कर सकता है, लेकिन व्यवस्था परिवर्तन के ढोल बजाते हुए नहीं देखा जाता और इसकी एक वजह यह है कि हर अधिकारी ट्रांसफर की आंच के ऊपर बैठा है। छोटी सी सियासी दखल न काम करने देती और न ही विराम लगाने देती। मसलन ट्रैफिक नियंत्रण ही देख लें। राजधानी शिमला से कमोबेश हर जिला तक मजबूरियों के हालात में केवल वीआईपी गतिविधियों के दौरान ही गश्त होती है।


## दृष्टिकोण

# चुनाव आयोग के फैसले

**चुनाव** आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों का कलैंडर घोषित किया है। उनमें दो घोषणाएं बेहद महत्त्वपूर्ण और देशहित में हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अनिवार्य नियम घोषित किया है कि जो राजनीतिक दल दागी और कथित अपराधी चेहरों को उम्मीदवार बनाएंगे, वे उनके संपूर्ण ब्योरे तीन स्थानीय, लोकप्रिय अखबारों में प्रकाशित कराएंगे। दल यह भी स्पष्ट करेंगे कि दागी या आरोपित व्यक्ति को ही प्रत्याशी बनाने की विवशता क्या थी? क्या अन्य उम्मीदवार का चयन नहीं किया जा सकता था? इस संदर्भ में ऐसी रपटें हैं कि करीब 44 फीसदी विधायक दागी हैं या उनका आपराधिक रिकॉर्ड है। करीब 20-25 फीसदी सांसदों का भी रिकॉर्ड आपराधिक है। यह नियम चुनाव आयोग ने सभी प्रमुख दलों से संवाद के बाद तय किया है। पहली बार यह कोशिश की जा रही है कि राजनीति के अपराधीकरण पर अंकुश लगाया जा सके और हमारे जन-प्रतिनिधि गंभीर आरोपों, दागों और आर्थिक घोटालों के अपराधी न हों। इसके लिए पारदर्शी और सार्वजनिक तंत्र निश्चित किया गया है। अब यह जनता के सामने साफ होगा कि कौनसा प्रत्याशी दागी और आरोपित है। इसके परिणाम देश के सामने होंगे। चुनाव आयोग का दूसरा महत्त्वपूर्ण फैसला देश की अर्थव्यवस्था के मद्देनजर है। आयोग ने राजनीतिक दलों को एक फॉर्म भरने का निर्देश दिया है कि चुनाव के दौरान जो गारंटियां दी जाती हैं या 'मुफ्तखोरी' के लोकलुभावन वायदे किए जाते हैं, उनके वित्तीय निहितार्थ क्या होंगे? वे देश या राज्य की वित्तीय स्थिति को कितना प्रभावित करते हैं? राजनीतिक दल इसका एक मोटा अनुमान लगाकर चुनाव आयोग को देंगे। आयोग का स्पष्टीकरण है कि यह मतदाता के अधिकार की रक्षा करने के मद्देनजर किया जा रहा है, लेकिन वित्तीय निहितार्थ या आशय के निर्देश व्यावहारिक नहीं हैं। राजनीति में 'मुफ्तखोरी' परिभाषित नहीं है। यदि 81 करोड़ भारतीयों को 5 किलो अनाज प्रति माह मुफ्त बांटा जा रहा है, किसानों को 6000 रुपए सालाना की सम्मान-राशि दी जा रही है, 'मुफ्त' गैस सिलेंडर की 'उज्ज्वला' योजना है, तो दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने 200-300 यूनिट्स बिजली मुफ्त देने, पानी, इलाज, कुछ शिक्षा मुफ्त मुहैया कराने आदि की योजनाएं घोषित की और देश भर में राजनीति कर रहे हैं, तो कांग्रेस समेत अन्य प्रमुख दल भी चुनाव जीतने के मद्देनजर ऐसी गारंटियां देने लगे हैं। महिलाओं, बुजुर्गों को एकमुश्त राशि भी दी जा रही है। इनके अलावा स्कूटी, मंगलसूत्र, साइकिल, लैपटॉप, बेरोजगारी भत्ता, 5 रुपए में भोजन की थाली, टीवी, साडियां आदि ऐसे आकर्षण परोसे जा रहे हैं, जो चुनाव को सीधा प्रभावित करते हैं। किसानों के कर्ज माफ करने की भी राजनीतिक प्रवृत्ति जारी है। बेशक हमारे देश की जीडीपी विकास दर अच्छी है, लेकिन 150 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज भी है। अधिकतर राज्यों पर कर्ज के बोझ हैं। ये जीडीपी के अनुपात में काफी ज्यादा हो गए हैं।

# गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** श्रीराम चरित मानस नवाह्न पारायण पाठ महायज्ञ का 50 वां महाधिवेशन को भव्य और एतिहासिक बनाने के लिए शनिवार को भव्य कलश यात्रा का निकाला गया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। यह कलश यात्रा अम्बा कोठी स्थित महायज्ञ स्थल से शुरू हुआ जो शहीद चौक, जुबली चौक, अम्वाटीकर चौक, पूराना बस स्टेशन, काली मंदिर चौक, महावीर मंदिर, थाना चौक, बाईपास चौक, चटनाही होते हुए औरंगा नदी पहुंची जहां पर पुजारी संतोष मिश्रा के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ जजमान और उत्साह से ओत प्रोत महिलाओं और नन्हे मुन्हें बच्चों के द्वारा कलश में जल भरा गया। इस एतिहासिक कलश यात्रा में मुख्य रूप ये महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक विधायक सह पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम, अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह, महामंत्री सुदामा प्रसाद गुप्ता, कोषाध्यक्ष बिनोद महालका, पूर्व नगर अध्यक्ष सह भाजपा नेता सुशील अग्रवाल, युवा नेता अंकित पाण्डेय, भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुकेश पाण्डेय, सुनील शौण्डिक, भाजपा नेता राजधानी प्रसाद यादव, भाजपा सोशल मीडिया प्रभारी सह अधिवक्ता राजीव रंजन पाण्डेय, राजू सिंह, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि पंकज तिवारी, पूर्व वार्ड पार्षद बीरेंद्र पासवान, भाजपा नेता संतोष पासवान, उज्जवल पाण्डेय, कौशल पाण्डेय आदि शामिल रहे।

## फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन राज्य सभा सांसद धीरज साहू ने फिता काट कर किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड मुख्यालय के एलेवन स्टार फुटबॉल मैदान में हाजी सुलेमान अंसारी एवं रामवतार सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन वतौर मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद धीरज साहू, मंत्री सत्यानन्द भोगता, तथा विशिष्ट अतिथि मनोज चंद्रा, डीएसपी केदार राम ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया। यह फुटबॉल टूर्नामेंट मैच में सर्व प्रथम रामगढ़ और हजारीबाग के खिलाड़ियों के बीच खेला गया। मैच का अध्यक्ष मो फारूक अंसारी के सौजन्य से यह टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। मैच के अध्यक्ष मो फारूक ने बताया कि यह टूर्नामेंट में 16 टीम भाग लेकर खेलेंगे। प्रथम एवं द्वितीय विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। जबकि 16 अक्टूबर को गया बनाम चतरा, तथा 18 अक्टूबर को लोहरदगा बनाम पिपरवार के बीच कड़ी मुकाबला होगी। किया जाएगा। मौके पर जीप सदस्या रोहणी देवी, शारदा देवी, सलीम अख्तर, कमख्या नारायण सिंह, सुभान अंसारी, प्रमुख रोहन साहू, उपेंद्र सिंह, बिनोद तिवारी, प्रेम रंजन पासवान, शाबिर हुसैन, अब्दुल्लाह अंसारी, मो उस्मान अंसारी, मो तसदीक अंसारी, गुड्डू आलम, नेमधारी महतो, एनुल हक, उपेंद्र सिंह, अरुण कुमार यादव, मेराज अंसारी, मो कारी नेशाउद्दीन, कॉंग्रेस जिला महासचिव राजबीर के अलावे सैकड़ों लोग शामिल थे।

## आम्रपाली के सीएसआर मद से लगाया गया तीन हाई मास्क सोलर लाईट



**टंडवा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आम्रपाली चन्द्रगुप्त कोल परियोजना क्षेत्र के सीएसआर मद के तहत धनगड्डा पंचायत में तिन हाई मास्क सोलर लाइट लगाया गया। जिसमें से पहला शिव मंदिर खरीका दूसरा टण्डवा सिमरिया रोड रक्सी मोड़ पर एवम् तीसरा धनगड्डा में दुर्गा मंदिर के पास लगाया गया है। लगाए गए तीनों हाई मास्क सोलर लाईट का शनिवार को धनगड़ा पंचायत के मुखिया सह जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह ने विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर भागवत प्रसाद गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा के टण्डवा मंडल मंत्री अभिषेक राज, सुनिल गुप्ता, रेयाज मियां, मो मुस्तफा, मो शरिफ सहित पंचायत क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। सीसीएल के द्वारा किए गए इस कार्य को लेकर सभी लोगों ने आम्रपाली चंद्रगुप्त कोल परियोजना के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह एवम् सीएसआर के पदाधिकारीयो के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सरकारी भूमि में अवैध कब्जा, कर पीसीसी निर्माण कार्य रुकवाया

**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नोनगांव पंचायत के बनवारा के अस्पताल रोड के मुख्य पथ से धरनवा तक पीसीसी निर्माण कार्य के लिए जेसीबी मशीन से रास्ते का स्ट्रक्चर निर्माण तीन दिन पहले शुरू किया गया था जिसमे बनवारा के ही कुछ लोगो के द्वारा सरकारी भूमि का अवैध कब्जा कर मकान वा भूमि को हतियाने में लगे है। वही बनवारा में सरकारी गैरमजरूवा भूमि का पेपर अपने पूर्वज के नाम से बना कर सरकारी भूमि को अवैध कब्जा कर गांव के विकास कार्य में बाधा उत्पन्न कर सरकारी भूमि को हतियाने में लगे हुए हैं। वही स्थानीय ग्रामीण में सुधीर कुमार ठाकुर समेत पूरे गांव के ग्रामीणों का कहना है इस सरकारी भूमि में कई वर्षो से विवाद चल रहा। ग्रामीणों ने अपनी मांग रखते हुए अंचलाधिकारी से इस सरकारी विवादित भूमि का जांच करने की मांग किया है। जबकि स्थानीय ग्रामीण का कहना है बनवारा गांव में सरकारी गैर मजरुवा भूमि को आधे से अधिक कब्जा कर मकान का निर्माण जा रहा है।जिसका जांच अंचलाधिकारी से करने के साथ साथ पूरे सरकारी गैर मजरुवा भूमि का सरकारी अमीन से नापी कराने की मांग किया है।इन भू माफिया के द्वारा विकास निर्माण कार्य रूकवारा जाता है और इन लोगो के द्वारा बुनियाद पेपर दिखाकर कार्य को रोक दिया जाता है। सरकारी भूमि पर लगभग बहुत वर्षो से विवाद चल रहा है अंचल के द्वारा इन भू माफिया से भूमि से संबंधित पेपर मांगा गया लेकिन इन लोगों के द्वारा ना ही पेपर दिखाया गया ना ही अभी तक इसका नतीजा सामने आया।

## सार्वजनिक दुर्गा पूजा में पंडाल हुआ सज के तैयार आज होगी भव्य कलश यात्रा, हजारों की उमड़ेगी भीड़



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय के अंतर्गत होने वाली ठाकुरबाड़ी में सार्वजनिक दुर्गा पूजा का पंडाल सज धज कर तैयार हो गया है। पंडाल में माता भवानी दुर्गा की प्रतिमा विराजमान होगी। एवं प्रखंड भर के लोग कलश यात्रा में भाग लेंगे। इस कलश यात्रा में हजारों की संख्या में भीड़ उमहती है। यहां की दुर्गा पूजा प्रखंड में एवं राज स्तरीय तक प्रचलित है बता दे की दुर्गा पूजा का शुरुआत 50 साल पहले फोटो से शुरूआत किया गया था और अब अत्यंत बेहतरीन तरीके से किया जा रहा है। शारदीय नवरात्र दुर्गा पूजा में अभी के मुताबिक लगभग 10 लख रुपए की खर्च की जाती है। पूजा की शुरुआत रविवार को सुबह 11:45 के पहले कलश स्थापना किया जाएगा। शक्ति की उपासना का महापर्व शारदीय नवरात्र की शुरुआत होगी। कई शुभ संयोग इस बार अभिजीत मुहूर्त में होंगे कलश स्थापना पूरे 9 दिनों का नवरात्र होगा। इस बार मां का आगमन शुभ और गमन अशुभ ग्रह-नक्षत्रों के कई संयोग बनेगा। इस नवरात्र और दुर्गा पूजा के दरमियान पंचांग के मुताबिक बारिश की संभावना बन रही है। देवी प्रसन्नता के लिए शारदीय नवरात्र का महात्म्य वैदिक काल से चला आ रहा है। मार्कंडेय पुराण में देवी का महात्म्य दुर्गा सप्तशती द्वारा प्रकट किया गया है। वहां वर्णित है कि शुम्भ-निशुम्भ व महिषासुर आदि तामसी प्रवृत्ति वाले असुरों का जन्म होने से देवता दुखी हो गए। सभी ने चित्त शक्ति से महामाया की स्तुति की। देवी ने वरदान दिया कि-डरो मत, मैं अचिरकाल में प्रकट हो कर इस असुर पराक्रमी असुरों का संहार करूंगी। आप देवों का दुख दूर करूंगी। मेरी प्रसन्नता के लिए आप लोगों को आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से घट स्थापन पूर्वक नवमी तक नौ दिन पूजा करनी चाहिए। इस आधार पर नवरात्र का महत्व अनादि काल से चला आ रहा है।

# आरकेएस कंपनी ने 2000 ट्रैक्टर बालू का किया स्टॉक

### ग्रामीण नदी का अस्तित्व संकट में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** थाना क्षेत्र के चमातू ग्राम में आरकेएस कंपनी द्वारा निर्माण कराये जा रहे लगभग 600 करोड रुपए की लागत से जीएम ऑफिस एवं सीसीएल कर्मियों को रहने के लिए क्वार्टर में कंपनी द्वारा सरकार के नियम को धत्ता बताते हुए ग्रामीण नदी से बालू का उठाव दिनदहाड़े कर रहा है। जबकि 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदियों से बालू उठाव पर रोक लगाया गया है। उसके बावजूद आरकेएस कंपनी द्वारा पिछले 15 से 20 दिनों के अंदर ट्रैक्टर व जेसीबी लगाकर लगभग 2000 ट्रैक्टर अवैध रूप से चमातू ग्राम में तीन अलग अलग जगहों पर बालू का भंडारण रखे हुए है। ग्रामीण के अनुसार कंपनी को एक हाईवा लीज बालू लाने में लगभग 30 से 40 हजार की लागत आती है। लेकिन कंपनी द्वारा स्थानीय नदी से बालू उठाव कर मात्र 8 से 10 हजार में ही बालू उपलब्ध करा ले रहा है। इस तरह 15 दिनों के अंदर लगभग 400 हाईवा बालू स्थानीय नदियों से उठाकर स्टॉक कर रखा है। अगर देखा जाए तो सिर्फ बालू से ही कंपनी 15 दिनों के अंदर एक करोड रुपए से ज्यादा का बालू गलत रूप से बचत कर लिया है। इतना वृहद पैमाने पर बालू उठाव की सूचना जिला प्रशासन को भी है लेकिन संवेदक के ऊंचे पकड़ एवं अच्छी साठ-गाठ होने के कारण इस पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि संवेदक द्वारा चेटर, गणेशपुर, हहारो कुडलंगा नदी से बालु का उठाव दिनदहाड़े कर रहा है।

## वज्रपात से निधन सुरेंद्र यादव व पत्नी की मौत पर राज्य सभा सांसद धीरज साहू ने उनके बच्चे से किया मुलाकात



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के चौराही-जांगी गांव निवासी सुरेंद्र यादव व उनकी पत्नी सुलेखा देवी का वज्रपात होने के कारण पति-पत्नी दोनों का निधन हो गया है । उनके निधन के उपरांत राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने मृतक के बच्चों से मुलाकात कर आर्थिक सहयोग किया। और उनके पढाई को लेकर कहा कि पढाई के लिए किसी तरह का परेशानी होगी तो हम उनके साथ हैं और सहयोग करते रहेंगे। मौके पर उपस्थित कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार दुबे, कांग्रेस नेता सच्चिदानंद चौधरी, युवा जिला अध्यक्ष मोती पासवान, राज्यसभा प्रतिनिधि नसरुद्दीन अंसारी, युवा विधानसभा अध्यक्ष अरुण यादव, कांग्रेस नेता प्रेम रंजन, प्रदेश पप्पू राजा, कांग्रेस मीडिया प्रभारी विक्रम कुमार सिंह इस मौके पर कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस के तहत आस्क ऑफिस में हुआ एकेएम एपिएस का मासिक बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड पंचायत के अंतर्गत जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित आस्क आफिस में आजीविका कृषक मित्र आजीविका पशु सखी के साथ मासिक बैठक शनिवार को किया गया। बैठक एलएच सीआरपी सुमन वर्मा के अध्यक्षता में की गई। बैठक की समीक्षा एफटीसी अनिल प्रजापति एवं बीआरपी विजय रजक व युगेश्वर कुमार ने किया। बैठक में महीने भर का कार्य का समीक्षा किया गया। जैसे किसानों के द्वारा गांव में जैविक खेती करवाना, नाडेप, घनजीवामृत जैसे खाद निमास्त्र जैसे दवाई का छिड़काव करना पशु सखी से मुर्गी बकरी सूअर गाय जैसे जानवरों को छमाही टीकाकरण करवाना इत्यादि।एवं निशुल्क एल्बेंडाजोल विलफें टैबलेट सभी पशु सखी को दिया गया। जो छोटे बड़े जानवरों को खिलाने से उनके पेट में कीड़ा नहीं होती है। विस्तृत जानकारी भी बताई गई। सभी का मासिक वर्क डन जमा करवाया गया। मौके पर उपस्थित बेबी कुमारी अंगिरा कुमारी रेखा कुमारी अंजू कुमारी जयंती देवी सरस्वती कुमारी सूजा कुमारी सुगी कुमारी रंजीता कुमारी मालती कुमारी एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

## फर्जी केवाला पर रसीद कटवाने का आरोप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड के जोगियाडीह ग्राम के प्रदीप गंझु ,मदन गंझू धनेश्वर गंझू समेत कई लोगों ने बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम को आवेदन देकर फर्जी केवाला के द्वारा शंभू शरण सिंह पिता ब्रजमोहन सिंह के द्वारा रसीद कटवाने का आरोप लगया है। दिए गए आवेदन में कहा है कि बालूमाथ थाना के सीएस एच एन 29 पर बीवी पाहन पिता रूपनारायण पाहन के नाम से हम लोगों के पूर्वज के नाम से मांग चलती आ रही है। हम लोग के पिता दादा व परदादा के द्वारा कभी जमीन की बिक्री नहीं की गई है जबकि इस खाता का प्लाट 2, 3, 21, 23, 26, 30, 32, 38, 88, 97, 105, 204, 205, 210, 216, 224, 136, 104 जिसका आर एस खाता नंबर 76 बना है उपरोक्त खाता प्लॉट की जमीन पर सभी पीढ़ी दर पीढ़ी जोत कोड करते आ रहे हैं। एवम अपना अपना जीवकोपार्जन इस जमीन से करते हैं शंभू शरण सिंह द्वारा फर्जी केवाला व फर्जी वसीयत के द्वारा लगान रसीद कटवा लिया है। आवेदन में कहा गया है कि शंभू शरण सिंह, संतोष सिंह, राजेश सिंह, चंदन सिंह, विक्रम सिंह, से मूल प्रति मांग कर देखा जा सकता है। आवेदक ने शंभू शरण सिंह का डिमांड बंद करते हुए हमलोगों के नाम पर पुनः रसीद काटने की बात कही है। आवेदन में राज देव गंझू, चरकू गंझू, संतोष गांझू, दिलीप गंझु, बालेसर गंझू, रामविलास गंझू सुखिया देवी, हरी गंझू, केसरी देवी, समेत कई लोगों का हस्ताक्षर मौजूद है।

# मॉक ड्रिल में पुलिस ने दंगे से निपटने का डेमो दिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** दुर्गा पूजा पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर जिले के कप्तान अंजनी अंजन व उपायुक्त हिमांशु मोहन के निर्देश पर बरवाडीह प्रशासन के द्वारा मुख्यालय अंतर्गत अंबेडकर चौक के पास मॉक ड्रिल किया गया जिसमें पुलिस के जवानों को उपद्रवियों से निपटने के लिए अलग अलग तरीके बताए गए। मौके पर अंचलाधिकारी राकेश सहाय ने कहा कि दुर्गा पूजा पर्व आपसी सौहार्द वातावरण में मनाने की जिम्मेदारी सभी को है। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी उपद्रवियों द्वारा माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई तो हम किसी भी हद तक जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम लातेहार के साथ जो उपद्रवियों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल किया गया ठीक इसी अंदाज में निपटा जाएगा। वहीं थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा पर्व खुशियों का पर्व है इसके शांतिपूर्ण तरीके मनाएं, इस अवसर पर किसी भी तरह का हुड़दंग, आस्था को ठेस पहुंचाने वाले उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा, हमारी पैनी नजर रहेगी। हमारी तरफ से सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है।

## प्रमुख की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों हुई बैठक

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार में शनिवार को प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों का एक बैठक हुई. बैठक में उप प्रमुख निशा शहदेव भी उपस्थित रही। बैठक का संचालन बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने किया। इस बैठक में प्रमुख उर्मिला देवी ने सर्वप्रथम अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों पर नाराजगी जताई।इसके पश्चात प्रखंड में संचालित योजनाओं का पंचायतवार जानकारी लिया। कहा पंचायत प्रतिनिधियों के साथ आपसी समन्वय स्थापित किये बिना विकास संभव नहीं है। कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि पुरे वन क्षेत्र में अबतक की हाथियों द्वारा बर्बाद किया गया फसल में कितने किसानों को मुआवजा मिला है। पुरे प्रखंड में खराब पड़े सोलर जलमिनार की मरम्मती किसके द्वारा किया जायेगा, कृषि में कितने मक्का, धान, किसानों के बीच वितरण किया गया सहित कई अन्य विभाग की जानकारी मांगी। प्रमुख देवी ने अगले बैठक में सभी विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। मौके पर मनरेगा बीपीओ रवी यादव, पंचायत सेवक ओमाशंकर सिंह, राम लखन यादव, अरविंद कुमार, शशि कुजुर, बिमला कुमारी, पंकज पांडे व अन्य कर्मी मौजूद रहे।

# दादा- दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर लातेहार में आज दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि अजय कुमार श्रीवास्तव, लालिमा (पूर्व आचार्या), विद्यालय प्रबंधन कार्यालय समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर, विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की भूमिका विद्यालय के आचार्य कपिल देव प्रमाणिक के द्वारा किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि आज के बाजारवाद् संस्कृति में बच्चे पल बढ़ रहे हैं वे केवल अपने माता-पिता को ही अभिभावक के रूप में पहचानते हैं वे जानते नहीं है कि दादा-दादी ,नाना -नानी कौन है? और परिवार में उनकी भूमिका क्या है?इसके पश्चात सभी भैया बहन अपने दादा-दादी, नाना- नानी के पांव धोकर, उनका तिलक लगाकर, आरती करके एवं अंग वस्त्र देकर सम्मान देने का कार्य किया। कार्यक्रम के अगले कड़ी में कक्षा अरुण के भैया बहनों के द्वारा वेलकम गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसे देखकर दादा-दादी, नाना- नानी मोहित हो गए। साथ ही उदय के भैया बहनों द्वारा नानी तेरी मोरनी को मोर ले गए गाने पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसे देखकर दादा दादी व नाना नानी ने खूब तालियां बजाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि आज के समय मे इस तरह के कार्यक्रम को करना सराहनीय विषय है, आज के बच्चे अभिभावक मतलब माता-पिता को ही समझते हैं, बच्चों के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में दादा-दादी नाना-नानी का विशेष योगदान होता है हमें यह याद रखना चाहिए। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कार्यक्रम के महत्व को बताते हुए कहा कि आज का समाज दादा- दादी, नाना- नानी के महत्व को भूलते जा रहे हैं साथ ही लोग अपने प्राचीन भारतीय संस्कृति को भी भूलते जा रहे हैं बच्चों के लालन पालन में दादा-दादी, नाना- नानी की महति भूमिका होती है, बच्चों के द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम दादा -दादी ,नाना-नानी पर आधारित कार्यक्रम है आज हमारी धर्म, संस्कृति, शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप जैसे राष्ट्र भक्तों के कारण ही बचा है बच्चों में संस्कार भरने का कार्य हमारे बुजुर्गों के द्वारा ही किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर के द्वारा किया गया उन्होंने कार्यक्रम में आए हुए सभी दादा-दादी ,नाना -नानी अभिभावक महोदय का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी आचार्य दीदी जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# शिक्षा व मध्याह्न भोजन के नाम पर खानापूर्ति, मौज का वेतन उठा रहे यूपीएस दारी के शिक्षक

- वेतनमान के रूप मोटी रकम उठाने वाले शिक्षक का अजीबोग़रीब बहाने सुन चौक जाएंगे आप
- विद्यालय में दो दिनों से मध्याह्न भोजन बंद, क्लास से बच्चे नदारद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुन्दा :** एक तरफ जहाँ सरकार शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लाखों करोड़ों खर्च कर रही है तो वहीं दूसरी ओर विद्यालय के शिक्षक ही इस सपने को चकनाचूर कर रहे हैं। गाँव की बच्चे की बेहतर शिक्षा गाँव मे हीं मिले इसे लेकर सरकार हरसंभव प्रयास कर रही है। लेकीन इसी सपने को चकनाचूर व शिक्षा व्यवस्था को सरकारी शिक्षक ही चौपट कर रहे हैं। दरअसल प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय दारी में शिक्षक की घोर लापरवाही देखी गई। ये साहब अपने कार्यालय में मस्ती से बैठे रहते हैं जबकी क्लास में एक भी छात्र नजर नहीं आ रहें। वही मिली जानकारी के अनुसार 2 दिनों से मध्यान भोजन बंद है। अब ऐसी शिक्षा व्यवस्था को गुणवत्ता पूर्ण कहना नकाफ़ियत ही होगी।यानी कहे तो सरकार से वेतनमान के रूप में गुरू जी मौज का वेतन उठा रहें हैं। विद्यालय की बदहाली ऐसी की पूछिए मत विकास फंड के नाम पर मिलने वाले राशि के बाद भी विद्यालय की बद्तर स्थिति है।अब जाहिर सी बात है की जिस विद्यालय के शिक्षक सिर्फ उपस्थिति दर्ज कर वेतनमान के रूप मोटी रकम उठा रहें हैं उसकी गुणवत्ता की क्या बात की जाय।अब देखना दिलचस्प होगा कि वैसे शिक्षक पर शिक्षा विभाग क्या कुछ कार्रवाई करती है जो बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहें है।पिछले 2 दिनों से मध्यान भोजन बंद है व क्लास के बच्चे कहाँ गये पूछे जाने पर प्रधानाचार्य का अजीबोग़रीब बहाने कभी बच्चे भोजन करने गए हैं तो कभी छुट्टी कर दी गई है।अब जाहिर सी बात है जब रसोइया छुट्टी पर है तो बच्चे भोजन करने गये कहाँ?वही जब क्लास में बच्चे न होने व मध्यान भोजन के बारे में जब प्रधानाचार्य भोला पासवान से पूछा तो उन्होंने बताया कि रसोइया दो दिनों से छुट्टी पर है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी.के पाण्डेय के प्रयास से पंचरुखी का ट्रांसफॉर्मर मिला

**बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत चेचकप्पी अंतर्गत ग्राम पंचरुखी में ट्रंसफॉर्मर जले 3 महीना हो गया था. जब कोई जनप्रतिनिधि ध्यान नही दिए तो अंत मे चेचकप्पी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव,



सुरेश सिंह, साहेब राम सोरेन,शीतल टुडू,परमेश्वर प्रसाद व अन्य के माध्यम से जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी.के पाण्डेय को सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग के जेई,एसडीओ, एक्सक्यूटिव एवं जीएम से बात करके आज 63यङ्क का ट्रंसफॉर्मर दिलवाया ट्रांसफॉर्मर मिलने के बाद पंचरुखी की जनता ने जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया एवं समाजसेवी सी.के पाण्डेय को धन्यवाद दिया. जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने कहा कि पंचरुखी में बिजली नही रहने से विद्यार्थियों को बहुत समस्या का सामना करना पड़ रहा था.समाजसेवी सी.के पाण्डेय ने कहा कि क्षेत्र की कोई भी समस्या हो तुंरत सूचना दें समस्या का समाधान एवं क्षेत्र की विकास ही मेरी पहली प्राथमिकता है. इस अवसर पर बाबूराम माँझी,सीतल टुडू, सानू टुडू, तशिलमअंसारी, मुजाहिद अंसारी व अन्य उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के 44 स्वीकृत लाभुक फंड के अभाव में हो रहें हैं इलाज से वंचित

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर विधानसभा क्षेत्र के एक ऐसे ही जरूरतमंद मरीज जिनका इस योजना से एक माह पूर्व स्वीकृति पत्र मिलने के बाद कोलकाता के एक सूचीबद्ध अस्पताल में इलाज नहीं होने की सूचना पर हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इसे गंभीरता से लिया और तत्काल हजारीबाग सिविल सर्जन डॉ.सरयू प्रसाद सिंह से मुलाकात कर महीने से भुगतान लंबित होने का कारण जाना तब यह बात सामने आई की फंड में राशि उपलब्ध नहीं होने से यह स्थिति हुई है। ऐसे विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को सिविल सर्जन डॉ. सरयू प्रसाद सिंह ने बताया की आवंटन के लिए पत्राचार किया गया है जैसे ही आवंटन आएगा स्वीकृत लाभुकों के नाम से संबंधित अस्पताल को राशि भेज दी जाएगी। सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इस मामले को लेकर सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता को ट्वीट कर जानकारी देते हुए तत्काल संज्ञान लेने का गुहार लगाया है। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने बताया की सरकार ने इस महत्ती योजना को लेकर भी लोगों को गुमराह करने का काम किया है। इस योजना की सहायता राशि में वृद्धि और कई असाध्य रोगों को सूचीबद्ध तो किया है लेकिन फंड के अभाव में योजना के तहत स्वीकृत मरीजों को भी ससमय लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं बताया जा रहा है की अब पांच लाख से कम राशि के लाभुकों का इलाज आयुष्मान भारत योजना से होगा लेकिन देश के कई नामचीन अस्पताल आयुष्मान से इलाज करने से मना करते हैं ऐसे में इस महत्ती योजना का संपूर्ण लाभ जरूरतमंदों को नहीं मिल सकेगा। विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने पूर्व की भांति 5 लाख रुपए तक का भी भुगतान जरूरतमंद मरीजों के हित में मुख्यमंत्री गंभीर रोग उपचार योजना से ही करने की मांग झारखंड सरकार और स्वास्थ्य विभाग से की है ।

### मृतक संतोष हासदा के परिजनों से मिलने पहुंचे विधायक, दिया मदद का भरोसा

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार शाम मध्य विद्यालय बरही के सामने सड़क दुर्घटना में बाइक सवार रानीचुवा पंचायत के कुटमा गांव निवासी संतोष हांसदा की मौत हो गयी थी। जिसके बाद शव यात्रा में विधायक उमाशंकर अकेला शामिल हुए। उन्होंने पीड़ित परिवार के बीच शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे उनके साथ है। भविष्य में उन्हें सरकारी मदद दिलाने का भी भरोसा दिया। मौके पर राजदेव यादव, बाबूलाल मुर्मू, रवि सिंह, सोनाराम हांसदा, जगदीश यादव, बासु मुर्मू, राजू बास्के, जगदीश हांसदा, रामजी सोरेन, भोला सिंह, रामजी यादव सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद थे।

### ग्रामसभा के द्वारा विष्णुगढ़ में स्टेडियम भूमि का चयन

**विष्णुगढ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ प्रखण्ड अन्तर्गत बेड़ाहरियारा पंचायत के रमुआँ,देवी मंडप परिसर में 14 अक्टूबर 2023 को अपर समहर्ता हजारीबाग के पत्रांक 3039/रा. दिनांक 02/09/2023 के आलोक में एवं



भवदीय के ज्ञापांक 500 दिनांक 09/10/2023 के आदेशानुसार ग्राम रमुआ में प्रखंड स्तरीय स्टेडियम निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण के लिए ग्राम सभा का आयोजन किया गया।बेड़ाहरियारा मुखिया रामचंद्र यादव की अध्यक्षता में ग्राम सभा की गई। गैरमजरूवा खास जंगल भूमि का वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत एफआरए किया गया है,जो वन अधिकार के अध्यक्ष सचिव एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में ग्राम रमुआ थाना नंबर 205 के खाता संख्या 110 प्लॉट संख्या 642 विष्णुगढ़ प्रखंड स्तरीय स्टेडियम हेतु ग्राम सभा में उक्त भूमि का चयन किया गया जो अध्यक्ष सचिव तथा ग्रामीणो की उपस्थिति में हुई। इस मौके पर मुख्य रूप से वन अधिकार समिति अध्यक्ष माणिक यादव,सचिव चिंता देवी ग्राम पंचायत,बेड़ा हरियारा मुखिया रामचंद्र यादव,बेड़ाहरियारा पंसस कल्पना देवी,विष्णुगढ़ मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार दास,पूर्व पंसस दीपक कुमार रजक,भू राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार, संदीप कुमार,अमित कुमार,ओम प्रजापति, कारू प्रजापति,नितीश कुमार,बुधन यादव,राजू रवानी कैलाश कसेरा,आकाश कुमार, राहुल कुमार,अनुज मिश्रा,आशीष कुमार,गोविंद शर्मा,सुधीर प्रसाद, दिलीप कुमार,रणधीर कुमार,टिंकू कुमार,सूरज कुमार पासवान, अनूप कुमार,सत्येंद्र कुमार,बिरजू कुमार,राहुल कुमार,द्वारिका यादव,विजेंद्र प्रसाद,महेंद्र प्रजापति समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### विष्णुगढ़ वनाधिकार समिति का गठन संजय प्रजापति बने अध्यक्ष

**विष्णुगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विष्णुगढ़ पंचायत में उपायुक्त हजारीबाग के पत्रांक 1690/03/10/2023 के आलोक में अंचलाधिकारी के आदेशानुसार ग्राम सभा का आयोजन किया गया।ग्राम सभा के जरिए 15 सदस्यों के वनाधिकार समिति का



गठन किया गया।ग्रामसभा में सर्वसम्मति से संजय कुमार प्रजापति अध्यक्ष चुने गए,तथा विश्वजीत कुमार कसेरा सचिव,सदस्यों के रूप में सुरेश मिस्त्री,रोहित लहरी,सहदेव प्रजापति, शिवम कुमार दास,सुरेश कुमार दास,विजेंद्र कुमार,लालजी प्रजापति,किशोर कुमार,अनिता देवी,मुंदरी देवी,उर्मिला देवी का चयन किया गया।इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीणों एवं पदाधिकारियो की मौजूदगी रही।

## रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी को दिया आवेदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के रांची रोड मरार निवासी अनिता कुमारी पति शिवशंकर प्रसाद ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन दिया है। जिसमें बताया की वह हिरक नगर के अपने आवास में रहती थी। कुछ कार्य से मायके कुजू गई थी। आवेदन में बताया की मायके से वापस आने पर हिरक नगर के अपने आवास जाने लगी तो गेट पर ताला लगा पाया। जब मैंने वहां मौजूद अनिल सिंह से गेट खोलने से इंकार कर दिया। बताया की उन्हें गेट नही खोलने के लिए आदेश दिया गया है। बताया की जब मैं पति और भैंसूर के साथ पीछे की ओर से मकान पहुंची तो अपने तीनो रूम में ताला लगा पाया। साथ ही किचन रूम में रखे सामान गायब थे। अनिता कुमारी ने आवेदन में बताया की जब मैंने वहां मौजूद अनिल सिंह से पूछा की वहां ताला किसने लगाया और किचन का सामान कौन ले गया। बताया की अनिल ने पूछने पर कहा की उसे नही मालूम है कि ताला किसने लगाया और सामान कौन ले गया। अनिता देवी ने आवेदन में कहा की थाना प्रभारी की ओर से पूर्व में कहा गया था की यथास्थिति बनायी रखी जाए, तो फिर नया गेट कैसे लग गया। उन्होंने आवेदन में कहा की मुझे मेरे घर जाने से रोका जा रहा है, कृपया इस मामले में कार्रवाई कर मुझे न्याय दें।

## सांढ पंचायत को नशा मुक्त बनाने के लिए महिलाओं ने बढ़ाया कदम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत सांढ़ पंचायत में नशा मुक्त जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सुलेखा कुमारी व संचालन कुमारी गिन्नी वर्मा ने किया। दर्जनों महिलाओं ने तख्तियां लेकर नारा लगाया, नशा से रहे कोशो दुर, शिक्षा हर घर में हो जरूर, हम महिलाओं ने ठाना है सांढ़ पंचायत को नशा मुक्त बनाना है। मौके पर मुखिया सुलेखा कुमारी ने कहा कि पंचायत को नशा मुक्त बनाना है जिसके लिए हर घर की महिलाएं जागरूक हो रही हैं। गिन्नी वर्मा ने कहा कि नशा से दूर रहे बच्चों को शिक्षा दें तभी आपके घर परिवार का विकास होगा। मौके पर उप मुखिया हेवन्ति देवी, पूर्व मुखिया भीखन महतो, रामचरित्र कुमार, पूनम कुमारी, ममता देवी, पिंकी कुमारी, संगीता, हेमा, अंजू कुमारी, रिंकी कुमारी, सुनीता कुमारी, सोनिया कुमारी, वार्ड सदस्य पूनम देवी, सीता देवी, अंजू, सुषमा कुमारी, रिया कुमारी ,सावित्री, लाखों, गुड़िया देवी, लीलापति, अंजली देवी, रीता, खुशबू ,अंजू, काजल, उर्मिला, रेखा ,मानव, आशा, सरिता ,गीता, मधु देवी, विनीता देवी, सीमा, प्रमिला के अलावा सैकड़ो महिलाएं शामिल थी।

## मादक द्रव्य पदार्थ के रोकथाम हेतु आश्रम विधालय भेलवारा में कार्यशाला का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** नशा उन्मूलन कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण पहल है जिसका उद्देश्य नशे के प्रभावों को कम करना और समाज को नशामुक्त बनाना है। इसके तहत विभिन्न प्रकार के शिक्षा, उपचार,सामाजिक समर्थन एवं जनजागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में आज शानिवार को कल्याण विभाग द्वारा संचालित आश्रम विधालय, भेलवारा ने अध्ययनरत छात्रों के बीच मादक द्रव्य पदार्थ के रोकथाम से संबंधित जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर जिला कल्याण पदाधिकारी ने नशे के दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी देते हुए युवाओं को इस लत से दूर रहने की नसीहत दी।

## गोला प्रखंड सभागार में हुआ बैठक का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला :** शनिवार को गोला प्रखंड सभागार में उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देशानुसार सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद के निर्देशन में जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. स्वराज की अध्यक्षा में टी बी मुक्त ग्राम पंचायत जागरूकता अभियान के तहत मुखिया और वार्ड सदस्यों एवं पंचायत समिति सदस्यों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान डॉ. स्वराज ने ग्राम पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्यों एवं सामुदायिक सदस्यों को टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए जागरुक किया और टी.बी. उन्मूलन के लिए सामुदायिक सहभागिता के द्वारा टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत तथा रामगढ़ जिले को 2025 तक टी.बी. मुक्त करने हेतु किए जाने वाले कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डा. स्वराज ने उपस्थित सामुदायिक सदस्यों को टी.बी. के लक्षण बताते हुए कहा कि टी.बी. बीमारी का इलाज संभव है और जिला यक्ष्मा विभाग सभी टी.बी. यूनिट में निःशुल्क जाँच कर टी.बी. मरीजों की पहचान और निःशुक्ल दवा उपलब्ध कराने के साथ-साथ डिबीटी के माध्यम से 500 रुपए प्रतिमाह पोषण युक्त खान पान के लिए इलाजरत टी.बी. मरीजों को दिया जाता है। उपायुक्त रामगढ चंदन कुमार के पहल से निश्चय मित्र टाटा स्टील फाउंडेशन घाटो के द्वारा प्रोटीन युक्त पोषण पैकेट प्रतिमाह इलाजरत टी.बी. मरीज को दिया जा रहा है ।

## भाजपा ने बरही पश्चिम मंडल में चलाया जन संपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** भारतीय जनता पार्टी का प्रदेश के आदेश अनुसार बरही पश्चिम मंडल में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें बेन्दगी पंचायत के हरिजन टोला एवं रसोईया धमना पंचायत के हरिजन टोला में प्रवास वासियों की समस्याओं को सुना गया। जनसंपर्क में पहुंचे लोगों ने मोदी सरकार में किया गए काम को ग्रामीणों के बीच सुनाया और कहा कि मोदी का विकास योजना हर पंचायत के गांव तक पहुंच रही है और इसका लाभ अंतिम व्यक्तियों तक पहुंच रही है। वहीं बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि यह कार्यक्रम पूरे प्रदेश में किया जा रहा है। इस निमित्त को हमलोग अपने मंडल में कार्यक्रम किया है। इस दौरान पार्टी की ओर से अनुसूचित जाति के बस्ती का संयोजक और सहसंयोजक भी बनाया गया। कार्यक्रम में प्रवासी प्रभारी संजीव कतरियार, बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष दिनेश साव, बेंदगी बूथ अध्यक्ष वासुदेव यादव एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

## ग्रामीणों ने श्रमदान कर तीन किलोमीटर सडक़ का मरम्मत कार्य किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र चेचकप्पी पंचायत में ग्रामीणों ने श्रमदान कर ग्राम पिपराही से ग्राम धोबारी टोला लसकरी तक तीन किलोमीटर तक सडक़ मरम्मत कार्य किया। इसी सड़क से सभी आसपास के गांवों के लोगो का आवागमन होता है.सडक़ मरम्मती में चेचकपी पंचायत के मुखिया रीता देवी एवं पंचायत समिति सदस्य सुरजमुनी देवी का अहम भूमिका रही.वंही गूंज के सहयोग से मानव विकास द्वारा श्रमदान करने वाले ग्रामीणों के बीच कीट का वितरण किया गया.कीट वितरण कार्यक्रम के दौरान मौजूद संस्था सचिव बीरबल प्रसाद,मुखिया रीता देवी,पंचायत समिति सदस्य सुरजमुनी देवी,डेगलाल साव,महेश मांझी,अंजू देवी,मोनिका देवी,रोज़ बेनित एक्का,राहुल कुमार एवं अन्य गांव के दर्जनों लोग मौजूद थे।

## दुर्गापूजा एवं दशहरा त्योहार के अवसर पर शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दुर्गापूजा त्योहार के अवसर पर जिले में विधि-व्यवस्था संधारण के मद्देनजर आज 14 अक्तूबर को स्थानीय नगर भवन में उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में सर्वप्रथम विभिन्न प्रखंडों से आए शांति समिति के सदस्यों से उनके क्षेत्र में हो रहे दुर्गा पूजा के संबंध में जानकारी ली गई। अधिकांश नागरिकों द्वारा बताया गया कि उनके प्रखंडों में शांतिपूर्ण तरीके से दोनों समुदाय आपस में मिलकर हर्सोल्लास के साथ एक दूसरे का त्यौहार मनाते हैं एवं किसी भी प्रकार की हमारे बीच आपसी द्वेष या तनाव का माहौल नहीं है।

मौके पर उपस्थित लोगों ने अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं मसलन क्षतिग्रस्त सड़क, पुल पुलिया, बिजली के तारों का व्यवस्थिकरण, साफ सफ़ाई, जल जमाव आदि मुद्दों से जिला प्रशासन को अवगत कराया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारीयों को संज्ञान में आए मामलों को गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए तय समय सभी समस्याओं को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने बताया कि शान्ति पूर्ण पर्व के संपादन के लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक तैयारियां पूरी की जा रही है। निर्बाध बिजली आपूर्ति/शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर कार्यरत रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी के लिए मेडिकल प्लान तैयार है। अगले सात दिनों तक निगम के द्वारा साफ सफ़ाई की जायेगी। रूट के दौरान जन सुविधाओं का ख्याल रखा जाएगा। विधि व्यवस्था के मद्देनजर पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट एवं फोर्स की तैनाती होगी। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए ट्रैफिक प्लान को स्ट्रीमलाइन कराया जाएगा। सभी पूजा पंडाल में सीसीटीवी लगाए जायेंगे। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न करने व अफवाहो पर ध्यान न देकर प्रशासन से खबरों का सत्यापन कराने की बात कही। उन्होंने दशहरे को लेकर आयोजित जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक में उपायुक्त द्वारा विभिन्न स्तर की तैयारीयों को लेकर उपस्थित प्रशासनिक पदाधिकारी एवं हिंदू मुस्लिम समन्वय समिति एवं शांति समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पूजा पंडाल का निर्माण पूर्व से चिन्हित स्थलों पर ही कराया जाए एवं प्रत्येक पंडालों में महिला एवं पुरुषों के आवागमन हेतु अलग-अलग व्यवस्था सुनिश्चित किया जायेगी। उपायुक्त ने बताया की आम

## रैयतों को नौकरी से हटाने पर कंपनी के खिलाफ की जाएगी तालाबंदीः अम्बा प्रसाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** प्रखंड में ओएनजीसी गैस परियोजना के अधीन कार्य कर रही प्रभा एनर्जी द्वारा रैयतों को सिक्योरिटी गार्ड से हटाए जाने पर रैयतों ने स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद से मदद मांगी है। रैयतों ने बताया कि विगत लगभग 6-7 वर्ष से सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्य कर रहे रैयतों को कंपनी प्रबंधन एकाएक हटाने का कार्य कर रही है। रैयतों का मामला विधायक अंबा प्रसाद के संज्ञान में आने के बाद विधायक ने प्रभा एनर्जी कंपनी को हिदायत दी है कि लगभग 6-7 साल से जो रैयत सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर कार्य कर रहे हैं उन्हें किसी भी हाल में कार्य से वंचित न किया जाए, और अगर ऐसा किया जाता है तो कंपनी प्रबंधन को विरोध का सामना करना पड़ेगा। अंबा प्रसाद ने कहा की रैयतों ने बताया कि शुरुआती परियोजना में ही कंपनी ने रैयतों को जमीन लेने के वक्त आस्वसत किया था कि जमीन लेने के बाद सबको सिक्योरिटी गार्ड के पद पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा लेकिन कंपनी द्वारा जमीन लेने के उपरांत 6-7 साल के लगभग कार्य करवाने के बाद अब बाहर से होमगार्ड लाकर स्थानीय रैयतो के जमीन का निगरानी करवाया जाएगा तो यह किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कंपनी प्रबंधन अगर रैयतों को हटाकर अन्य बाहरी सिक्योरिटी कार्ड को बहाल करने का निर्णय अगर कंपनी वापस नहीं लेती है तो कंपनी का संपूर्ण कार्य को बंद करवाकर तालाबंदी की जाएगी उन्होंने कहा कि प्रभा एनर्जी स्थानीय रैयतों का शोषण करना बंद करें।

## जल जमाव को लेकर बीडीओ ने किया स्थल निरीक्षण, दिए कई निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** बरही मल्लाह टोली के नाली का गंदे पानी का निकासी एवं बड़ा शिव मंदिर के बगल में जल जमाव को लेकर निरीक्षण करने बरही बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार समेत ब्लॉक कर्मी एवं बरही पश्चिमी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, पंसस जितेंद्र कुमार दिव्य स्थल पर पहुंचे। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने नाली के जल जमाव और इसका निकासी के संदर्भ में नाली से प्रभावित ग्रामीणों की राय सुनी। ग्रामीणों ने बताया कि मल्लाह टोली के निकासी पानी मंदिर परिसर होते हुए किसी का रैयती प्लॉट में जमा हो रहा है, जिससे आम जन हलकान है। नाली के जल जमाव से मलेरिया, डेंगू जैसे बीमारी का भय होने का आशंका सता रहा है। वहीं दुर्गा पूजा समिति के लोगों ने बताया कि जल जमाव को निकालना अति आवश्यक है, क्योंकि मंदिर परिसर में मेला भी आयोजित होती है। वहीं ग्रामीणों ने बीडीओ को अवगत कराया कि मल्लाह टोली के नाली का पानी मंदिर की ओर आ रहा है, जिसे विपरीत दिशा में मोड़ कर मेन नाली से जोड़कर किया जाना है, जो महावीर मंदिर से होते पांडे आहार में जाता है। इस बाबत बीडीओ ने जेई को यथाशीघ्र नाली का स्टीमेट तैयार करने आदेश दिया। वहीं पंचायत सेवक रामवृक्ष सिंह को निर्देश दिया कि जो व्यक्ति नाली का पानी का रोका है, उससे सहमति बनाकर मंदिर के बगल में जल जमाव पानी का समाधान करें। मौके पंचायत सेवक रामवृक्ष सिंह, बीपीएम विनोद कुमार, जेई मो आसिफ अक्रम, पंसस जीतू ठाकुर व विकास सिंह मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम एवं ग्रामीण में पूजा समिति के शिवा निषाद, सुरेंद्र निषाद, सुनील सहानी, रोहित वर्णवाल, महेंद्र निषाद, किशोर निषाद, अभिषेक आनंद, सौरभ सहानी समेत कई लोग मौजूद थे।

## अंतर्विभागीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का विजेता बना आईटी विभाग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में आयोजित अंतर्विभागीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला शनिवार को आईटी विभाग व वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के बीच खेला गया, जिसका उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद व डीन एडमिन डॉ एसआररथ ने संयुक्त रूप से किया। खेले गए फाइनल मुकाबले में आईटी विभाग की टीम वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग की टीम को पराजित कर विजेता बनी। बता दें कि बीते शुक्रवार को शुरू हुए इस प्रतियोगिता में कला, वाणिज्य, विज्ञान, आईटी समेत अन्य विभागों ने हिस्सा लिया था, जिसमें शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए आईटी विभाग और वाणिज्य विभाग फाइनल में जगह बनाई। कप्तान रूपेश कुमार के नेतृत्व में आईटी विभाग ने वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग को कोई मौका दिए बिना 2-0 से जीत दर्ज की। इस मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने सभी खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल, विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के जीवन में नया ऊर्जा उत्पन्न करता है। वहीं आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने बताया कि अबतक अंतर्विभागीय कबड्डी, फुटबॉल और वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी है और आने वाले दिनों में क्रिकेट के अलावा अन्य क्षेत्रीय खेलों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित कर विभिन्न खेलों के लिए विश्वविद्यालय की सुसज्जित टीम बनाई जाएगी, जो विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। साथ ही विद्यार्थियों को खेल भावना से सभी खेलों को खेलने के लिए डॉ गोविंद ने प्रेरित किया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र



## संक्षिप्त खबरें

### बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने शानदार प्रदर्शन दर्ज किया




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 2023 में अभी तक का सर्वश्रेष्ठ एच 1 दर्ज करने के बाद बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया सभी तीन ब्रांडों - बीएमडब्ल्यू मिनी और बीएमडब्ल्यू मोटोराड के लिए इस वर्ष के शुरु से आज तक (जनवरी-सितम्बर) का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए लगातार सफलता हासिल कर रही है। साल के पहले नौ महीनों में 9ए580 कारों (बीएमडब्ल्यू और मिनी) तथा 6778 मोटरसाइकिलों ( बीएमडब्ल्यू मोटोराड) की डिलीवरी की जा चुकी है। बीएमडब्ल्यू की 8998 यूनिट्स और मिनी की 582 यूनिट्स की बिक्री हुई। विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि, फ्रबीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया एक बेरोक रिकॉर्ड-ब्रेकिंग राह पर बढ़ रही है। हमने पिछले साल एक दशक में उच्च वृद्धि दर्ज की और यह प्रवृत्ति पहले अभी तक का सर्वश्रेष्ठ एच 1 और अब अभी तक का सर्वश्रेष्ठ जनवरी से सितम्बर सेल्स दर्ज करते हुए 2023 में जारी है।

### शक्ति पम्पस् को मोटर स्टार्टर के लिए मिला एक और पेटेंट

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनर्जी एफिशिएंट पम्पस् और मोटर्स के साथ साथ सोलर पंपिंग सॉल्यूशन प्रदान करने वाली देश की अग्रणी कंपनी शक्ति पम्पस(इंडिया) लिमिटेड को एक खास मोटर स्टार्टर एडीए कन्वर्जन बेस्ट कान्टेक्टर लैस सॉफ्ट स्टार्टर के लिए एक पेटेंट हासिल किया है। इस पेटेंट के जुड़ जाने से अब शक्ति पम्पस् के पास कुल 5 पेटेंट हो गए हैं। इतना ही नहीं, 25 और पेटेंट्स् के लिए देश में और अंतर्राष्ट्रीय न्यायालयों में आवेदन किया जा चुका है। भारत सरकार पेटेंट अधिनियम 1970 के अनुसार शक्ति पम्प को यह पेटेंट प्रदान किया गया है। इस पेटेंट की वैलिडिटी फाईल करने की दिनांक से 20 वर्ष तक है। इस उपलब्धि पर शक्ति पम्पसइंडिया लिमिटेड के चैयरमेन श्री दिनेश पाटीदार ने कहा-फ्रहमें अपने नए पेटेंट के बारे में बताते हुए बेहद खुशी हो रही है। ग्राहक इस तकनीक का उपयोग अपने स्मार्ट फोन के माध्यम से कर सकते है जिससे उनकी उपस्थिति का समय कम किया जा सकता है।

### ओप्पो ने भारत में फाइंड एन 3 फ्लिप लॉन्च किया




**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ओप्पो इंडिया ने 94,999 रुपए में अपना नया फोल्डेबल, फाइंड एन 3 फ्लिप पेश किया है। यह फ़ोल्डेबल फ़ोन 22 अक्टूबर, शाम 6 बजे से क्रीम गोल्ड और स्लीक ब्लैक कलर्स में ओप्पो स्टोर्स, फ्लिपकार्ट और मेनलाइन रिटेल आउटलेट्स पर मिलना शुरू हो जाएगा।फाइंड एन 3 फ्लिप का वजन केवल 198 ग्राम है, तथा मोड़े जाने पर 8.55 सेमी मोटा यह फ्लिप फ़ोन पर्स या पॉकेट में आसानी से आ जाता है। इस स्मार्टफोन में फ्लिप डिवाइस में पहली बार पर हैसलब्लैड-बैक्ड ट्रिपल-रियर-कैमरा सेटअप दिया गया है। फाइंड एन 3 फ्लिप में 17:9 एस्पेक्ट अनुपात के साथ 3.26 इंच की बड़ी वर्टिकल कवर स्क्रीन है। इसमें वर्टिकल ओरिएंटेशन के लिए 90न से ज़्यादा एंड्रॉयड ऐप्स को ऑप्टिमाइज़ किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप, फाइंड एन 3 फ्लिप जीमेल, फोटो, आउटलुक, उबर, एक्स (पूर्व में ट्विटर) और गूगल मैप्स सहित 40+ ऐप्स को सपोर्ट करता है, जो सीधे इसके डिस्प्ले से चलाये जा सकते हैं। इसकी कवर स्क्रीन ईमेल और इंस्टैंट मैसेजेस का जवाब देने के लिए क्वर्टी कीबोर्ड को सपोर्ट करती है।

### हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग

**गिद्दी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड भुइंया समाज विकास समिती रामगढ़ जिला कमिटी के बैठक सिरका जीएम ऑफिस भुइंया टोला में किया गया । बैठक के अध्यक्षता गोविन्द राम भुइयाँ जिला सचिव रामगढ़ व संचालन जिला कोषाध्यक्ष गरीबा भुइंया ने किया बैठक में जिला अध्यक्ष अजाद भुइंया मौजूद थे सर्वप्रथम चतरा जिला के अन्तर्गत इंटरगंज थाना क्षेत्र के एक गाँव के बच्ची मुस्कान कुमारी पिता प्रमोद भारती 13 वर्ष के मृत्यू पर एक मिनट के मौन रख कर श्रद्धांजली अर्पित किया गया भगवान से प्रर्थना किला गया के उनके आत्मा को शांती प्रदान करें मालूम हो कि पिछले दिन 12 अक्टूबर को कपड़ा वेवसाई टुन टुन प्रसाद गुप्ता उनकी पत्नी और परीवार की सहयोग करने वाले भाजपा नेता अरुण चौरसीया के मिली भगत से बच्ची मुस्कान कुमारी को दुष्कर्म कर फाँसी पर लटका दिया गया था, इससे पुरे झारखण्ड के भुइंया समाज में उबाल है आरोपी को तत्काल गिरफ्तारी के माँग झारखंड डिजीपी से किया गया अन्यथा पुरे झारखंड में उग्र आन्दोलन किया जाएगा ।


### ब्राह्मण शिरोमणि पंडित मांगेराम शर्मा हुए पंचतत्व में विलीन

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विप्र शिरोमणि पंडित मांगेराम शर्मा अब हमारे बीच नही रहे, कल संध्या रामबाग- मदनपुरी में उनके दोनों बेटे रवि कांत एवं शशिकांत ने मुखानजली दी। विश्व ब्राह्मण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के सी पांडेय ने बताया कि पंडित मांगेराम शर्मा सेक्टर 5 में रहते थे, उन्होंन अपना सारा जीवन समाज कि सेवा मे समर्पित कर दिया था , उनकी उम्र 87 वर्ष थी। उन्हे ब्राह्मण समाज के नामी नेतागण में जाना जाता था, वे पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के राजनीतिक सलाहकार भी रह चुके थे, उन्होने हरियाणा सरकार से भी ब्राह्मण कल्याण बोर्ड की मांग कि थी एवं अनेको राज्यो में ब्राह्मण कल्याण बोर्ड कि स्थापना कराई , वे 1973 में शिक्षकों के लिए आन्दोलन कर शिक्षकों के लिए आवाज उठाई थी लगभग 26000 शिक्षको ने गिरफतारी दी थी, 1991 में टीचर रहते हुए ग्लोबल टीचर्स कन्वेंशन मे मनिला गये थे।

### बोलेरो व पैशन प्रो की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा जीएम ऑफिस गिद्दी मुख्य सड़क के केडी कंपनी के पास शनिवार संध्या करीब 4 बजे सीसीएल भाड़े पर चलने वाले बोलेरो व हीरो होण्डा पैशन प्रो मोटरसाइकिल के बीच की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार सीसीएल कर्मी सह तेलियाटांड़ सिरका निवासी बबलू महतो उम्र करीब 46 गंभीर रुप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद लोगो के मदद से घायल को सीसीएल नईसराय अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने घायल को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद अफरा तफरी का माहौल रहा। वहीं दुर्घटना के बाद मृतक के पुत्र, परिजन, मित्र अस्पताल पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई में लग गए। दुर्घटना के बाद पुलिस दुर्घटनाग्रस्त बाइक एंव बोलेरो को थाने ले जाने की तैयारी में लगी हुई थी।

### बाल विवाह रोकने के लिए सभी लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता : सुधीर मंगलेश



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश व बीडीओ सुनील प्रजापति ने गुरुवार को प्रखण्ड कार्यालय परिसर से कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सौजन्य से अग्रगति संस्था के द्वारा चलाये जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरुकता रथ को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर बाल विवाह के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम करेगा। बताया गया कि बाल विवाह मुक्त भारत के लिए सितंबर से अक्टूबर तक विशेष अभियान का आयोजन किया गया है। इसके तहत पूरे प्रखण्ड में स्कूल,कॉलेज,हाट बाजार,रेलवे स्टेशन, सहित अन्य जगहों ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचने का लक्ष्य निर्धारित किया है। यह रथ उन्ही स्थानों में जाकर लोगों को जागरूक करने का काम करेगा।

## बरका सयाल में फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम दौड़ 4.0 की शुरुआत



**उरीमारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल क्षेत्र के महाप्रबंधक कार्यालय में फिट इंडिया स्वच्छता फ्रीडम दौड़ 4.0 का आयोजन किया गया। जहा दौड़ में शामिल प्रतिभागियों को बरका सयाल महाप्रबंधक संचालन बिनोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं इस दौड़ में अधिकारी, कर्मचारी, क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य व कल्याण समिति सदस्य, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य, संयुक्त सलाहकार समिति एवं सौ से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वहीं दौड़ समाप्त होने के बाद बरका सयाल महाप्रबंधक संचालन बिनोद कुमार ने कहा कि दौड़ से इंसान का शारीरिक व मानसिक फिटनेस बना रहता है। दौड़ को अपने दैनिक जीवन में शामिल करना चाहिए वही व्यायाम करने से संबंधित जानकारी सभी लोगों को दि गई ।

## मां दुर्गा भक्तों को सिरका में दिल्ली एनसीआर प्रारूप मंदिर पंडाल में देंगी दर्शन



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोयलांचल सिरका में मां दुर्गा अपने भक्तों को दिल्ली के एनसीआर पंडाल प्रारूप में बनाए जा रहे भवन में दर्शन देगी। इसके लिए पंडाल निर्माण में कोलकाता के मिस्त्री गौतम बनर्जी व मूर्तिकार प्रदीप करमाली अपने सहयोगियों के साथ लगातार पंडाल व मूर्ति निर्माण में लगे हुए हैं। श्री श्री दुर्गा पूजा समिति सिरका के सचिव सतेंद्र कुमार ने बताया कि सिरका पूजा पंडाल दिल्ली एनसीआर मॉडल आधार पर बन रहा हैं। जिसमें करीब 3 लाख 15 हजार, मूर्ति निर्माण में 65 हजार, रावण दहन में तकरीबन डेढ़ लाख रुपए खर्च होंगे। रावण ढांचे का निर्माण गया के कल्लू जी और आतिशबाजी मोहम्मद समीर के द्वारा करने की तैयारी की जा रही हैं। सिरका पूजा समिति के द्वारा आम भक्तजनों से सहयोग की भी अपील की गई हैं।

## तनाव में मंजिल पाना असंभव, सकारात्मकता ही विजेता की पहचान : चौहान



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार को फेंडामेंटल साइंस स्कूल भदानीनगर और सौंदा हाई स्कूल में खुशी क्लास का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान और खुशी दूत डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें। अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं। जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं। बस इसी तरह अंक बता देता है कि अभी आपको और आगे जानी है या आप कहां खड़े हैं। इसलिए अंक को तनाव के रूप में कभी नहीं लें, कतई नहीं लें। सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकाश पर ध्यान केंद्रित करें। यह खुशी के साथ ही संभव है। चौहान ने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्मती है। खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं। इसका कोई विकल्प है ही नहीं। तनाव क्रोध के रूप में बाहर निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है। तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते। इसलिए खुशी के साथ सकारात्मकता को हथियार बना मंजिल फतेह कीजिए।

## शोकाकुल परिवार से मिले जयंत सिन्हा



**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा महामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि ऋषिकेश सिंह ने बताया रामगढ़ कैंट मंडल भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो जी के माता का निधन गत 12/10/2023 हो गया था निधन होने के तद उपरांत सांसद ने फोन कर मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो से बातचीत की तथा शनिवार को? उनके आवास नई सराय महतो टोला में जाकर उनके परिवार जनों से मिलकर बैठकर काफी लंबी बातें हुई परिवार के सभी लोगों को ढांढस बढ़ाया और भगवान उन्हें अपने चरणों में स्थान दें तथा प्रार्थना कर इस दुख की घड़ी में परिवार जनों को शक्ति दे दुख सहने की मौके पर उपस्थितलोक सभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक पूर्व विधायक प्रतियाशी कुंटू बाबू कैंट मंडल सांसद प्रतिनिधि रविंद्र शर्मा सांसद प्रतिनिधि सुमन सिंह सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र सिंह राजीव रंजन प्रसाद ,मनी संकर ठाकुर ,सोनू सिंह तथा अनेक स्थानीय लोग शामिल थे।

## मनुआ में विश्व मानसिक सप्ताह मनाया गया



**सिरका (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्क्रमित उच्च विद्यालय मनुआ मांडू में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान वर्ग 6 से 10 तक के विद्यार्थियो के बीच कार्यशाला का आयोजन किया गया । मस्तिष्क के मुख्य कार्य और नियंत्रण प्रणाली के बारे बताया गया मानसिक अस्वस्थता भी शरीर का एक समस्या है जिसका निदान सकारात्मक सोच योगाभ्यास और मनोचिकित्सक के द्वारा समाधान किया जा सकता है बच्चो को हमेशा अच्छी पुस्तक पढ़ने अपने घर में भाई बहन माता पिता मित्र पड़ोसी विद्यालय के गुरुजनों के साथ अच्छे व्यवहार के साथ रिश्ता बनाना चाहिए आपस में ईर्षा द्वेश निंदा नही करना चाहिए विद्यालय में शिक्षक और विद्यार्थी के बीच एक मानसिक भलाई को प्राथमिकता के साथ माहौल को बढ़ावा देना है ताकि स्वस्थ मानसिक विकास हो विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेन्द्र प्रसाद गुप्ता सहायक शिक्षक किशोरी साहू अजीत कुमार आरोग्य दूत रूबी ठाकुर ने बारी बारी से बच्चो को कार्यशाला के द्वारा विस्तार से चर्चा किए हम होंगे कामयाब एक दिन शान्ति होगी चारो ओर गीत के साथ सभा की समाप्ति की गई।

# रामगढ़ थाना में शांति समिति की बैठक हुई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना के प्रांगण में आगामी दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक हुई । इस बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ अंचल अधिकारी सत्येंद्र पासवान, बीडिओ पूजा कुमारी , रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक हुई। इस बैठक में शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे । इस बैठक में आगामी त्योहारों को लेकर चर्चाएं हुई जिसमें सभी समाज के लोगों ने अपना सहयोग करने का बात कही । इस मौके पर रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार ने कहा कि आगामी त्यौहारों को लेकर यह बैठक की गई है जिसमें सभी से अपील की गई है कि त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाए। साथ ही उन्होंने उपद्रवियों को चेतावनी दी है यदि कोई भी शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की जाएगी तो उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी । इस मौके पर शहर के गणमान्य व्यक्ति मुख्य रूप से म उपस्थित विमल बुधिया , कमल बगड़िया, धनंजय कुमार पुटूस , शाहिद अफरीदी , मुस्तफा मनसुरी , छोटू पटेल आदि उपस्थित थे।

## उरीमारी में वन अधिकार समिति के अध्यक्ष शिगू मांझी व सचिव रमेश किस्कू बने



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी पंचायत सचिवालय में अबुआ वीर दिशोम अभियान का क्रियावायन तथा वन अधिकार समिति के पुनर्गठन को लेकर उरीमारी पंचायत भवन मे ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उरीमारी पंचायत की मुखिया कमला देवी ने किया। ग्राम सभा में बतौर पर्यवेक्षक अमीन नरेन्द्र प्रसाद महतो एव रोजगार सेवक राजू कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। वही इसदौरान वन अधिकार समिति के पन्द्रह सदस्यों का हुआ चयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सिगु मांझी, सचिव रमेश किस्कू एवं प्रस्तावित सदस्यों में आशा देवी, आशा लता देवी, भादो करमाली, कार्तिक मांझी, मनिक लाल करमाली, असमीना प्रवीण, सुनीता बेसरा, जतरू मांझी, अमन हेम्ब्रोम, शंकर टुडू, शांति देवी, फलासरी देवी, विकास किस्कू का चयन किया गया।वही इस मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, उप मुखिया सतीश कुमार, वार्ड सदस्य फुलमती देवी, लालमुनी देवी, सरस्वती कुमारी, सोनी देवी, डॉ जी आर भगत, रवि पवरिया, महादेव बेसरा, दिनेश करमाली, राजपति कुमार, संजय कुमार टुडू, तालो बेसरा, कौलेश्वर मांझी, मुनिश मांझी, सुखू मांझी, सीतामुनी देवी, अंजू कुमारी, लक्ष्मी हेंब्रोम, बबीता देवी, शारदा देवी, ममता कुमारी, सुनीता कुमारी, ममता देवी, तेतरी देवी, फूलमूनी देवी, शांति देवी, अफरीदा खातून, मनु टुडू, लखन, मनाराम मांझी,राम बेसरा, प्रभू मांझी, आनन्द टुडू, राजेश बेसरा, सुरेन्द्र मांझी, सुजाता देवी, साबी देवी इत्यादि लोग मौजूद थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई-निविदा सं.: पूमरे-मुप्रअ-नि-द-ईटीएन-31-23-24**

1. कार्य का नामः पूर्व मध्य रेल धनबाद मंडल के अन्तर्गत उप मुख अभियंता/निर्माण/धनबाद के अधीन कोडरमा से तिलैया तक नई बीजी किमी 49.500 से किमी 64.756 रेल लाइन के निर्माण में सीआरएस शर्तों के अनुपालन में विविध कार्य जिसमें प्रमुख पुल का कार्य जैसे साइड पाथवे का निर्माण, निरीक्षण प्लेटफार्म, एचएसएफजी बोल्ट का प्रतिस्थापन और डीटीआई वॉशर के साथ एचएसएफजी बोल्ट की आपूर्ति, आरओआर 95, प्रमुख पुल संख्या 79 के लिए गर्डर को धातुकरण आदि। ओरओबी नंबर 71, 72 और 74 तथा फॉर्मेशन चौड़ीकरण और छोटे पुल का कार्य यानी रिटेनिंग वॉल का निर्माण, कैच वॉटर ड्रेन, साइन ड्रेन, रेन कट रिपेयरिंग, सेस चौड़ीकरण इत्यादि। **2. अंकलित मूल्य (रु.) :** 101395093.21, **3. निविदा प्रपत्र का लागत (रु.):** 0.00, **4. अग्रधन राशि (रु.):** 657000.00 **5. कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 06 (छः) माह, **6. निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः** 31.10.2023 at 15.30 बजे अपराह्न।

ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइटः **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **द्रष्टव्यः** निविदा सूचना में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाने पर अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम-से-कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर उपलब्ध किये जायेंगे।

कृते मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/01406/सीओएनएस/ईएनजीजी/टी/23-24/52

## नये मांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी ने पदभार ग्रहण किया

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ के मांडू मैं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शनिवार को पदभार ग्रहण किया । मांडू प्रखंड विकास पदाधिकारी का पदभार ग्रहण के दौरान नए प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगाड़ी एवम पुराने प्रखंड विकास पदाधिकारी सुधीर प्रकाश को मांडू चट्टी पंचायत के मुखिया अनीता देवी ने सॉल देकर नए को स्वागत किए वा पुराने को भाव भीनी बिदाई दिए ।इस दौरान समाज सेवी छोटेलाल,जोगेशर महतो,राजेश

### कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

**आम सूचना**

**"स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता-2023"**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 अंतर्गत आगामी "स्वच्छ सर्वेक्षण- 2024 को देखते हुए दुर्गा पूजा 2023 के अवसर पर स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता के माध्यम से पूजा पंडालों के द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य किया जना है। पूजा एवं त्योहारों के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ एवं पंडालों के ईद-गिर्द ठोस अपशिष्ट का बढ़ना आम बात है। जिसको कम करने का उत्तरदायित्व आम नागरिकों का भी है। उक्त प्रयास में आगामी दुर्गा पूजा में आम जनता की भागेदारी सुनिश्चित करने हेतु स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। निकाय अंतर्गत आने वाले पूजा पंडालों की स्वचछता का मूल्यांकन दिनांक 20.10.2023 से 24.10.2023 के दौरान निकाय द्वारा गठित टीम/समिति के द्वारा नीचे दिए गए तालिका में अंकित मापदंडो के आधार पर किया जाएगा। मानदंड निम्नवत हैं :-

| क्र0 सं0 | मापदंड | अधिकतम अंक |
|---|---|---|
| 01 | पूजा पंडाल/परिसर में सुरक्षा के दृष्टिकोण से CC TV का अधिष्ठापन | 10 |
| 02 | पूजा पंडालों में कागज, पत्ता, जुट या किसी बायोडिग्रेडेबल सामग्री से बने सामग्री का उपयोग। | 10 |
| 03 | पूजा पंडालों/परिसर में पेयजल सरबत पीने एवं प्रसाद वितरण के लिए Reusable ग्लास या कागज का ग्लास का उपयोग। | 10 |
| 04 | पूजा पंडालों में प्रवेश व निकासी द्वार अलग-अलग तथा महिला एवं पुरूष हेतुअलग-अलग कतार की व्यवस्था सुनिष्चित करना। | 10 |
| 05 | पूजा पंडाल/परिसर में Volunteer, ID Card के साथ होने चाहिए। | 10 |
| 06 | पूजा पंडाल/परिसर में Single use plastic का उपयोग ना करना। | 10 |
| 07 | पूजा पंडाल/परिसर में आस-पास के दुकानदारों एवं आम नागरिकों द्वारा गंदगी ना फैलाना। | 10 |
| 08 | स्वच्छता से संबंधित विज्ञापन पट्ट का प्रदर्शन और ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से प्रचार प्रसार। | 10 |
| 09 | पूजा पंडाल/परिसर में Fire extinguisher का उपयोग। | 10 |
| 10 | पूजा पंडाल के आकार के अनुसार पर्याप्त संख्या में हरा एवं नीला डस्टबीन की व्यवस्था कर आगंतुको द्वारा उनका प्रयोग। | 10 |
| | कुल अंक | 100 |

त्योहार के अवसर पर नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु निकाय स्तर से "स्वच्छ पूजा पंडाल प्रतियोगिता" का आयोजन किया जा रहा है, तथा उपरोक्त मापदंडो के आधार पर रैंकिग करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आनेवाले पंडालों को पुरस्कृत किया जाएगा। इस संदर्भ में जानकारी हेतु श्री राज कुमार वर्मा, नगर प्रबंधक,नगर पंचायत लातेहार (8757678835) से सम्पर्क कर सकतें है।

PR.NO.309134 Urban Development(23-24):D

प्रशासक, नगर पंचायत, लातेहार।

### वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार
### न्यायालय प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वनप्रमंडल, पदाधिकारी, रामगढ़ वनप्रमंडल, रामगढ़

**-: सूचना :-**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित वन वाद में जप्त वाहन/सम्पदा के स्वामियों या दावेदारों को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में निम्न जप्त वाहनों एवं उस पर लदे सामग्री के विरूद्ध राज्य सात वाद चल रहा है। एतद् द्वारा उन्हें सूचित किया जाता है कि न्यायालय द्वारा दिनांक-28.10.2023 निर्धारित तिथि को जप्त वाहन/सम्पदा के स्वामी या उस पर दावा करने वाला कोई व्यक्ति स्वयं या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें एवं कारण पृच्छा समर्पित करें। यदि उक्त तिथि तक कारण पृच्छा समर्पित नहीं किया जाता है तो अभिलेख के आधार पर वाद का निष्पादन कर दिया जाएगा।

| क्र0 सं0 | जप्त वाहन की विवरणी (वन पदार्थ सहित) | वन अपराध जी0(एफ0) संख्या | रामगढ़ वन प्रमंडल का राज्यसात वाद संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | मारूतीवैन संख्या-DL-3CC-0528 | G.Case No. 213/2012 | 52/2012 |
| 2 | सोनालिका डी0आई0 ट्रैक्टर-सह-टेलर बिना नम्बर का | G.Case No. 219/2012 | 53/2012 |
| 3 | महिन्द्रा डी0आई0 256 ट्रैक्टर-सह-टेलर बिना नम्बर का | G.Case No. 220/2012 | 54/2012 |
| 4 | ट्रक संख्या-MP-20HB-3731 | G.Case No. 515/2012 | 113/2012 |
| 5 | 407 ट्रक संख्या-BR-20A-9977 | G.Case No. 536/2012 | 115/2012 |
| 6 | 407 ट्रक संख्या-JH-02C-3818 | G.Case No. 554/2012 | 120/2012 |
| 7 | पीकअप वैन संख्या-BR-02E-1926 | G.Case No. 11/2013 | 7/2013 |
| 8 | बेलेरो गाड़ी संख्या-BR-53A-1983 | G.Case No. 65/2013 | 15/2013 |
| 9 | मारूती वैन बिना नम्बर का | G.Case No. 97/2013 | 40/2013 |
| 10 | टाटा 207 पीकअप वैन बिना नम्बर का | G.Case No. 139/2013 | 62/2013 |
| 11 | ट्रक संख्या-WB-37-9632 | G.Case No. 194/2013 | 80/2013 |
| 12 | ट्रक संख्या-JH-02H-2753 | G.Case No. 361/2013 | 119/2013 |
| 13 | 407 ट्रक संख्या-JH-05AM-5631 | G.Case No. 465/2013 | 139/2013 |
| 14 | एम्बेसडर कार संख्या-BR-13-1881 | G.Case No. 455/2013 | 140/2013 |
| 15 | एम्बेसडर कार संख्या-JH-11A-0123 | G.Case No. 491/2013 | 143/2013 |
| 16 | ट्रक संख्या-HR-38K-9730 | G.Case No. 535/2013 | 156/2013 |
| 17 | टेम्पू संख्या-JH-02AD-2420 | G.Case No. 256/2015 | 73/2015 |
| 18 | टेम्पू संख्या-JH-02U-7099 | G.Case No. 256/2015 | 74/2015 |
| 19 | सवारी गाड़ी संख्या-JH-12A-0579 | G.Case No. 323/2015 | 100/2015 |
| 20 | पीकअप वैन संख्या-JH-01B-0280 | G.Case No. 397/2015 | 110/2015 |
| 21 | ट्रक संख्या-JH-02W-3855 | G.Case No. 21/2017 | 17/2017 |
| 22 | 2.5 टन कच्चा कोयला | G.Case No. 112/2017 | 19/2017 |
| 23 | ट्रैक्टर संख्या-अनिबंधित सह-टेलर | G.Case No. 80/2017 | 38/2017 |
| 24 | टेम्पू संख्या-JH-02V-6611 | G.Case No. 71/2017 | 43/2017 |
| 25 | टेम्पू संख्या-JH-02AE-1078 | G.Case No. 71/2017 | 44/2017 |
| 26 | 709 ट्रक संख्या-JH-02C-9215 | G.Case No. 78/2017 | 45/2017 |
| 27 | 03 साईकिल | G.Case No. 155/2017 | 106/2017 |
| 28 | टेम्पू संख्या-JH-02AC-7203 | G.Case No. 175/2017 | 111/2017 |
| 29 | टाटा मैजिक संख्या-JH-07E-5762 | G.Case No. 06/2018 | 5/2018 |
| 30 | मारूति वैन संख्या-BR-13C-0877 | G.Case No. 07/2018 | 6/2018 |
| 31 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-01L-5461 | G.Case No. 62/2018 | 14/2018 |
| 32 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-02F-2637 | G.Case No. 62/2018 | 15/2018 |
| 33 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-01V-5451 | G.Case No. 62/2018 | 16/2018 |
| 34 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-02K-6669 | G.Case No. 62/2018 | 17/2018 |
| 35 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-02V-7156 | G.Case No. 62/2018 | 18/2018 |
| 36 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-02D-9488 | G.Case No. 62/2018 | 19/2018 |
| 37 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-02J-1869 | G.Case No. 62/2018 | 20/2018 |
| 38 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-10M-3958 | G.Case No. 62/2018 | 21/2018 |
| 39 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-02D-2203 | G.Case No. 74/2018 | 52/2018 |
| 40 | मोटरसाईकिल संख्या-CG-14B-0821 | G.Case No. 80/2018 | 74/2018 |
| 41 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-01AT-9051 | G.Case No. 80/2018 | 75/2018 |
| 42 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-10N-2871 | G.Case No. 80/2018 | 76/2018 |
| 43 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-01CA-6208 | G.Case No. 80/2018 | 77/2018 |
| 44 | मोटरसाईकिल अनिबंधित | G.Case No. 80/2018 | 78/2018 |
| 45 | पीकअप भान संख्या-JH-01AR-1546 | G.Case No. 65/2018 | 80/2018 |
| 46 | लूना संख्या-अनिबंधित | G.Case No. 533/2018 | 178/2018 |
| 47 | ट्रैक्टर-सह-टेलर संख्या-अनिबंधित | G.Case No. 562/2018 | 179/2018 |
| 48 | ट्रैक्टर-सह-टेलर संख्या-अनिबंधित | G.Case No. 589/2018 | 180/2018 |
| 49 | ट्रैक्टर-सह-टेलर संख्या-अनिबंधित | G.Case No. 589/2018 | 181/2018 |
| 50 | मोटरसाईकिल संख्या-अनिबंधित | G.Case No. 529/2018 | 183/2018 |
| 51 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-02R-7002 | G.Case No. 624/2018 | 192/2018 |
| 52 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-02C-7788 | G.Case No. 624/2018 | 193/2018 |
| 53 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-02K-4331 | G.Case No. 624/2018 | 194/2018 |
| 54 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-02X-4134 | G.Case No. 636/2018 | 195/2018 |
| 55 | टेम्पू संख्या-अनिबंधित | G.Case No. 651/2018 | 197/2018 |
| 56 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-24C-4836 | G.Case No. 62/2019 | 33/2019 |
| 57 | दो (2) साईकिल | G.Case No. 203/2019 | 63/2019 |
| 58 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-02X-8689 | G.Case No. 1362/2019 | 98/2019 |
| 59 | ट्रैक्टर-सह-टेलर संख्या-अनिबंधित | G.Case No. 521/2018 | 150/2019 |
| 60 | टेम्पू संख्या-JH-02AB-1830 | G.Case No. 543/2019 | 152/2019 |
| 61 | ट्रैक्टर-सह-टेलर संख्या-JH-01BG-7628 | G.Case No. 772/2019 | 197/2019 |
| 62 | बोलेरो कैम्पर सवारी संख्या-अनिबंधित | G.Case No. 165/2020 | 90/2020 |
| 63 | ट्रैक्टर-सह-टेलर संख्या-JH-01D-0906 | G.Case No. 195/2020 | 173/2020 |
| 64 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-02T-5908 | G.Case No. 2302/2020 | 3/2021 |
| 65 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-24C-9072 | G.Case No. 2302/2020 | 4/2021 |
| 66 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-02K-2867 | G.Case No. 2302/2020 | 5/2021 |
| 67 | मोटरसाईकिल संख्या-MH-43S-3281 | G.Case No. 2302/2020 | 6/2021 |
| 68 | टेम्पू संख्या-JH-02AV-6398 | G.Case No. 331/2021 | 7/2021 |
| 69 | टेम्पू संख्या-अनिबंधित | G.Case No. 331/2021 | 8/2021 |
| 70 | टैक्टर अनिबंधित | G.Case No. 193/2021 | 10/2021 |
| 71 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-24E-3328 | G.Case No. 406/2021 | 23/2021 |
| 72 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-24E-9235 | G.Case No. 798/2021 | 01/2022 |
| 73 | ट्रैक्टर-सह-टेलर अनिबंधित | G.Case No. 794/2021 | 04/2021 |
| 74 | दो (2) साईकिल | G.Case No. 150/2022 | 12/2022 |
| 75 | टेम्पू संख्या-JH-02W-8375 | G.Case No. 354/2022 | 26/2022 |
| 76 | मोटरसाईकिल संख्या-अनिबंधित | G.Case No. 578/2022 | 32/2022 |
| 77 | साईकिल | G.Case No. 623/2022 | 55/2022 |
| 78 | साईकिल | G.Case No. 525/2022 | 56/2022 |
| 79 | 03 टन स्टीमकोयला | G.Case No. 149/2022 | 57/2022 |
| 80 | 407 मिनीट्रक संख्या-JH-06A-8285 | G.Case No. 3499/2022 | 39/2023 |
| 81 | सेन्ट्रोकार संख्या-JH-01T-1800 | G.Case No. 3142/2022 | 40/2023 |
| 82 | बोलेरो संख्या-JH-02Q-6737 | G.Case No. 108/2023 | 43/2023 |
| 83 | 69 पीस सालबोटा | G.Case No. 147/2023 | 54/2023 |
| 84 | ट्रक संख्या-JH-24J-7702 | G.Case No. 379/2023 | 63/2023 |
| 85 | मोटरसाईकिल संख्या-JH-02Y-4794 | G.Case No. 1169/2023 | 75/2023 |
| 86 | ट्रैक्टर संख्या-WB-41B-2051 | G.Case No. 1143/2023 | 76/2023 |
| 87 | ट्रैक्टर अनिबंधित | G.Case No. 537/2023 | 85/2023 |
| 88 | ट्रैक्टर अनिबंधित | G.Case No. 537/2023 | 86/2023 |
| 89 | मोटरसाईकिल अनिबंधित | G.Case No. 1290/2023 | 84/2023 |
| 90 | बोलेरो संख्या-JH-02B-3248 | G.Case No. 881/2023 | 89/2023 |
| 91 | मोटरसाईकिल अनिबंधित | G.Case No. 546/2023 | 90/2023 |
| 92 | पीकअप सवारी संख्या-BR-27-4852 | G.Case No. 1843/2023 | 97/2023 |
| 93 | ट्रक संख्या-JH-02AT-9806 | G.Case No. 1922/2023 | 101/2023 |
| 94 | मोटरसाईकिल अनिबंधित | G.Case No. 2087/2023 | 109/2023 |
| 95 | मोटरसाईकिल अनिबंधित | G.Case No. 2087/2023 | 110/2023 |
| 96 | टाटासुमो संख्या-JH-01AW-6520 | G.Case No. 278/2023 | 115/2023 |
| 97 | ट्रक संख्या-JH-02AA-7337 | G.Case No. 890/2023 | 118/2023 |
| 98 | 58 बोराकोयला | G.Case No. 891/2023 | 119/2023 |

ह0/-
प्राधिकृतपदाधिकारी,-सह-
वनप्रमंडलपदाधिकारी, रामगढ़।

PR 309166 (Forest, Environment and Climate Changes) 23-24 (D)

## अस्को में भाकपा माले का लोकल कमिटी सम्मेलन का आयोजन, पार्टी का किया गया विस्तार



**जमुआ(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** देवरी प्रखंड अंतर्गत असको गाँव में शनिवार को भाकपा माले का एक लोकल कमिटी सम्मेलन का आयोजन इन्क़लाबी नौजवान सभा के जिला सहसचिव अधिवक्त कुलदीप राय के अध्ययक्षता में करते हुए लोकल कमिटी गठन किया गया, जो कमिटी आगे स्थानिय स्तर पर ग्रामीणों के जनसमस्या को लेकर शासन-प्रशासन के खिलाफ संघर्षरत होकर निदान करने का काम करेगी। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के प्रखंड सचिव रामकिशुन यादव व बेडोडीह मूखिया अशोक सिन्हा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुनील दास व कमिटी गठन केलिए बतौर पर्यवेक्षक पंसस बलबीर कुमार ने भूमिका निभाया। उक्त सम्मेलन में सतरह सदस्य का एक लोकल कमिटी का चयन किया गया,जिसमें सर्व सहमति से लोकल कमिटी सचिव सुनील राय सहसचिव सुनील दास व कोषा अध्यथक्ष सुजीत राम को चयनित किया गया। मौके पर पार्टी के उपेन्द्र महथा,नरेश पासवान,सचिन राय,मनोज राम,सीताराम सर्व आदि दर्जनो ग्रामीण मौजुद थे।

## श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाने वाले को किया गया सम्मानित



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आदर्श ग्राम विकास सेवा समिति गिरिडीह के द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान चलाने वाले लोगो के बीच शनिवार को फैमली कीट देकर सम्मानित किया गया। यह किट का वितरण मुख्य अतिथि कृष्ण मुरारी शर्मा, डॉ विधाभुषण अम्बष्ठा एवं परियोजना निदेशक बासुदेव शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि हम सभी को संकल्प लेकर सप्ताह में एक दिन आवश्यक रूप से श्रमदान करना चाहिए इससे हमारे गांव मुहल्ला आसपास में सफाई होते रहेगी और गंदगी भी नही फैलेगी। परियोजना निदेशक बासुदेव शर्मा ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत 1 अक्टूबर को टीआई के द्वारा श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया था। श्रमदान के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी को फैमिली किट देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य बनता है कि अपने आसपास में सफाई बनाये रखने का। यदि सभी लोग इस तरह से श्रमदान करने लगेगें तो मलेरिया एवं डेंगू जैसे बीमारियों से हमलोगों का सामना करना नही पड़ेगा। आज कई तरह की बीमारी गंदगी के वजह से उतपन्न हो रही हैं जिसे की सिर्फ सफाई अभियान चला कर ही खत्म किया जा सकता है।

## डहरे सोहराय कार्यक्रम को सफल बनाने को ले बनी रणनीति



**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर स्टेडियम में सोहराय को लेकर एक एक बैठक की गई बैठक की अध्यक्षता सोहन महतो ने किया। वहीं बैठक सर्वसम्मिति यह निर्णय लिया गया की गुस्टी कार्यक्रम में बढ कर हिस्सा लेने की बात बनी । बगोदर से बरवड्डा तक 81गुस्टी 81किलोमीटर बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच द्वारा आयोजित किया गया है ।कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर बैठक में बगोदर क्षेत्र के दर्जनों कला संस्कृति प्रेमी उपस्थित शामिल हुए। बैठक में समाजिक आंदोलनकारी छोटन प्रसाद छात्र ने कहा कि सोहराय भीतिकला जहां विश्व स्तर पर पहचान बनाया है वह आज हमारे घरों के दीवारों से लुप्त हो गया है जिसे पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। सोहराय में बरदखुट्टा और चांचेर नटुवा जैसे कई नृत्य बिरले किसी गांव में दिखाई देता है। हमारे पर्व की पीठा और देवा- बूता की अपेक्षा हमलोग खुद छठ को अपनाकर किए हैं। सोहराय परब की व्यापक तैयारियां करने के लिए गांव -गांव में कमिटी बनाने का निर्णय लिया गया। दोंदलो पंचायत के लोकप्रिय मुखिया तुलसी कुमार तलवार ने कहा कि मेरा पंचायत में डहरे सोहराय पर अहम भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं।

## चोरी की घटना रोकने को लेकर जोड़ा फाटक कमिटी की बैठक

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शनिवार को चोरी की घटना की पुनरावृति रोकने को लेकर श्री श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर जोड़ा फाटक में कमिटी की एक बैठक हुई। बैठक में निर्णय हुआ कि मंदिर की सुरक्षा की निगरानी के लिए तीन सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। साथ ही बैंक मोड़ पुलिस से रात्रि गश्ती बढ़ाने की मांग होगी। बैठक में मंदिर के संस्थापक उमाकांत दुबे, मंदिर के पुजारी शालीग्राम तिवारी, कमिटी सहयोगी दिलीप सिंह, रोहित भगत, आर एन सिंह, सत्येंद्र मंडल, सतेन्द्र प्रसाद आदि उपस्थित थे। दिलीप सिंह ने बताया कि मंदिर में लाखों की चोरी हुई है। वह सभी सामग्री कमिटी आपसी सहयोग से खरीदकर मंदिर में पुनः स्थापित की जाएगी। संस्थापक उमाकांत दुबे ने बताया कि उन्होंने 1993 में मंदिर की स्थापना की थी जबकि मंदिर में चोरी की यह प्रथम घटना है। मंदिर में फिर से चोरी की घटना नही घटे इसके लिए भी हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। बताते चले की शुक्रवार की देर रात्रि को मंदिर के मुख्य द्वार का ताला काटकर चोर हनुमान जी पर सजी चांदी की मुकुट, छतरी, हाथ का कड़ा की चोरी कर ली थी।

### कंगालो बस्ती बचाओ संघर्ष समिति का रणधीर वर्मा चौक पर एकदिवसीय धरना

## कंगालो गांव को उजड़ने नहीं दिया जाएगा : सांसद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** कंगालो गांव को उजड़ने से बचाने एवं जमीन माफिया के खिलाफ कंगालो बस्ती बचाओ संघर्ष समिति ने शनिवार को रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया। ग्रामीणों के इस धरना में विभिन्न दलों के लोगों ने शामिल होकर समर्थन दिया। धरनार्थियों को संबोधित करते हुए सांसद पीएन सिंह ने कहा कि कंगालो गांव को उजड़ने नहीं दिया जाएगा। इस मामले में उनकी डीसी से वार्ता हुई है। डीसी इस गांव को बचाने को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने जमीन माफियाओं के खिलाफ ग्रामीणों से एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि 200 परिवारों को हर हाल में बचाया जाएगा। सांसद ने कहा कि वे पुनः डीसी से मिलकर वार्ता करेंगे। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष भाजपा नेता रतिरंजन गिरि एवं संचालन राजकिशोर गोप ने किया। झामुमो धरनीधर मंडल ने कहा कि गांव के 200 गरीब परिवारों को बचाने में उनका एवं पार्टी का पूरा योगदान रहेगा। भाजपा नेता धर्मजीत सिंह ने कहा कि कंगालों को बचाने के लिए आर पार की लड़ाई लड़ी जायेगी। शीघ्र ही वे इस सम्बंध में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मिलकर मामले से अवगत कराएंगे। भाजपा नेता रमेश राही ने कहा कि उन्होंने जमीन घोटालेबाज कई अफसर को जेल भिजवाया है तथा और लोग नंबर में हैं। झामुमो नेता एजाज अहमद ने कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से इस गांव को बचाया जाएगा। धरनाथियों को पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, महानगर जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह, सांसद प्रतिनिधि नितिन भट्ट, वीरेंद्र हांसदा, ओमप्रकाश बजाज, माथुर अंसारी, अनूप साव, नितेश गोप, विश्वनाथ गिरि, अजय मालाकार, संजीत तुरी, अजय दास, राजू राय, कुंती देवी, सारो देवी, रूमा मुखर्जी आदि ने संबोधित किया। इसमें 200 परिवारों के महिला पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया। बाद में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के नाम ज्ञापन सौपा।

## अवैध रूप से बालू तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 7 बालू लदे ट्रैक्टर को किया जब्त



**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरिया अंचल क्षेत्र में शनिवार की अहले सुबह 4 बजे से सरिया अंचलाधिकारी संतोष कुमार व थाना प्रभारी अनीश पाण्डेय द्वारा संयुक्त छापेमारी अभियान चलाकर 7 बालू लदे ट्रैक्टर जब्त किया गया ।इस बाबत सीओ संतोष कुमार ने बताया कि लगातार सरिया व आसपास के क्षेत्रों से अवैध ढंग से बालू तस्करी कर उच्चे दामों में बेचने की सूचना प्राप्त हो रही थी जबकि वर्तमान समय में 15 अक्टूबर तक झारखंड सरकार के द्वारा एनजीटी लागू कर नदियों से बालू के खनन पर रोक लगा हुआ है । एनजीटी के बावजूद इस धंधे से जुडे लोग इसका उल्लंघन खुलेआम कर रहे थे । इस सम्बंध में थाना प्रभारी अनीश पाण्डेय व सशस्त्र बलों के मदद से अंचल क्षेत्र के नावाडीह, निमाटाँड,बराकर घाट एंव सरिया चन्द्रमारनी रोड आदि विभिन्न स्थानों से सात बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया । इन्होंने आगे बताया कि वर्तमान समय में सरिया के कोई भी बालूघाट का विभाग के ओर से टेंडर नहीं निकाला गया है ऐसे में आगे भी अगर इस प्रकार अवैध बालू के उत्खनन का कार्य जारी रहा तो ऐसे लोगों पर कार्रवाई भी चलती रहेगी ।

## दुर्गोत्सव : नगर निगम, स्वास्थ्य व पेयजल विभाग ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर त्योहारों में स्वास्थ्य, पेयजल व अन्य नागरिक सुविधाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए नगर निगम, स्वास्थ्य एवं पेयजल विभाग ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। इन नंबर पर कोई भी आम नागरिक संबंधित सेवा के लिए संपर्क कर सकते हैं।

**धनबाद नगर निगम :-** धनबाद नगर निगम क्षेत्र में पेयजल की समस्या के लिए समीर कुमार, जुनियर इंजीनियर - 7004027219, माडा क्षेत्र में पेयजल की समस्या के लिए शिव शंकर राय, जुनियर इंजीनियर - 6202577681, **स्ट्रीट लाइट की समस्या के लिए** दीपक कुमार, जुनियर इंजीनियर - 7250126896

**स्वास्थ्य विभाग :-** सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानू प्रतापन - 9431711098, डीपीएम नीरज कुमार - 7004715475 तथा 9572078294

**सदर अस्पताल के नोडल पदाधिकारी** डॉ राजकुमार सिंह - 9471119220 तथा 8252708024, सदर अस्पताल प्रबंधक, ताजुद्दीन अंसारी - 6200715590

**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल संख्या - 1**

धनबाद नगर निगम अंतर्गत पाइप लाइन जलापूर्ति के लिए देवेन्द्र नाथ महतो, कनीय अभियंता - 9835900277, शार्गीर अहमद, परियोजना पदाधिकारी - 7909019575, टॉल फ्री कॉल सेंटर - 9234389777

**ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति, नलकूपों की मरम्मती के लिए नोडल पदाधिकारी**

**गोविंदपुर : कुमार आनंद, कनीय अभियंता - 9973032078**

एगारकुंड, निरसा व कलियासोल के लिए रतन खलको, कनीय अभियंता - 9431927174

## सरकारी व्यवस्था की खुली पोल : सामुदायिक भवन का छत गिरा जहां बाल बाल बचे लोग

**प्रभात मंत्र सवांददाता**

**धनबाद :** वासेपुर के कमर मकदूमी मटकुरिया रोड स्थित सामुदायिक भवन में आंगनबाड़ी केंद्र पर हर माह के दूसरे शनिवार को छोटे बच्चों का टिकाकरण किया जाता है। टिकाकरण के दौरान छत का एक बड़ा टुकड़ा गिर गया जिसके कारणवश थोड़ी देर के लिये अफरा तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। हालांकि कोई हताहत तो नहीं हुई लेकिन टिकाकरण कर रहीं रेखा कुमारी के पैर में थोड़ी चोट आई है।

सरकारी व्यवस्था की पोल खोलता यह सामुदायिक भवन जहां घटना स्थल पर दर्जनों अभिभावक



अपने बच्चों के साथ मौजुद थे, जो बाल बाल बचे। वहीं विभाग बड़ी दुघर्टना होने का इंतजार करता हुआ प्रतीत हो रहा है। जल्द ही इस भवन की मरम्मत न हुई तो कभी भी बड़ी दुघर्टना हो सकती है।

## जीटी रोड में खड़ी ट्रकों के कारण राहगीर रहते हैं परेशान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**राजगंज :** बरवाड़ा से तोपचांची तक सिक्स लेन और सर्विस रोड के दोनों ही तरफ ट्रकों को घंटो तक रोड में खड़ा कर दिया जाता है, कहीं कहीं तो कई दिनों तक रोड में ट्रके नजर आती है। ये खड़ी गाड़िययो के कारण छोटे गड़िया ऑटो, टोटो, बाइक, साइकिल, ट्रेक्टर कई तरह के गाड़ियों को बीच वाले लाइन में जाना पड़ता है जिससे की पिछे से आने वाले हाई स्पीड गाड़ियों से हमेशा खतरा बनी रहती है। साथ ही छोटी मोटी घटना कही ना कही हो जाती है। राजगंज और तोपचांची पुलिस द्वारा जप्त कि गई गड़िया भी कई महीने से रोड में ही रख दिया गया जाता हैं । जिससे कि आम पब्लिक को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## अवैध शराब के खिलाफ गिरिडीह पुलिस की बड़ी कार्रवाई घने जंगल में चल शराब फैक्ट्री को किया ध्वस्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिरिडीह :** गिरिडीह पुलिस ने शनिवार को अवैध शराब कारोबार के खिलाफ गिरिडीह एसपी को मिले गुप्त सूचना के आधार पर गिरिडीह मुफस्सिल थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। एसडीपीओ अनिल सिंह व मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान के नेतृत्व में मुफस्सिल थाना पुलिस और वन विभाग की टीम ने मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के छलछलवा में अवैध रूप से संचालित मिनी देसी शराब फैक्ट्री को ध्वस्त कर दिया गया।मौके से हजारों लीटर देसी शराब जावा महुवा और शराब तैयार करने वाली भट्ठियों को नष्ट करने के ससथ अवैध शराब निर्माण के लिए बनाए गए टेंट को भी पुलिस ने नष्ट कर दिया गया।इस बाबत एसडीपीओ सदर ने बताया कि गिरिडीह पुलिस कप्तान को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अवैध शराब कारोबार के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई की गई है। अवैध रूप से तैयार हजारों



लीटर जहरीली शराब को त्योहारों के मद्देनजर बाजार में पहुंचने की तैयारी थी अवैध रूप से संचालित इस जहरीली शराब की भट्टी को नष्ट कर दिया गया है यह जंगली इलाका है और यहां तक पहुंचना भी काफी है दुर्गम था अवैध शराब कारोबार के खिलाफ यह बड़ी कार्रवाई है और आगे भी इस तरीके की कार्रवाई जारी रहेगी।

## दशरथ टुडू को भारी बारिश ने किया बेघर वृक्ष के नीचे दिन गुजारने को विवश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टुंडी :** टुंडी प्रखंड के मछियारा पंचायत अंतर्गत चट्टान टोला निवासी दशरथ टुडू उम्र 50 वर्ष का लगातार भारी बारिश ने बेघर कर दिया । आज वृक्ष के नीचे दिन गुजारने पर मजबूर है। प्राप्त समाचार के अनुसार पश्चिमी टुंडी के मछियारा पंचायत के चट्टान टोला निवासी दशरथ टुडू जो कि कुछ माह पूर्व काम करने के दौरान चोटिल हो जाने से कमर का हड्डी टूट गया था। आज वह पैसों के अभाव में इलाज करने पर मजबूर है तथा टुंडी जैसे पहाड़ी इलाकों में लगातार मूसलाधार बारिश होने से



कच्चा मकान अचानक गिर गया दशरथ टुडू ने आगे कहा कि मैं स्वस्थ रहता तो मजदूरी कर परिवार चलाता पर मैं खुद अपाहिज होकर घर में बेकार बैठ गया हूं । इस समय मेरे पास गुर्जर बसर चलाना भी काफी मुश्किल सा हो गया है। कुछ दिन पूर्व जनहित मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष माना पाठक के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के टुंडी विधानसभा प्रभारी मुश्ताक अंसारी ने आकर मेरे इस दुख की घड़ी में 2500 रूपये की आर्थिक मदद किया एवं आगे भी हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। बताया जाता है कि दशरथ टुडू के पास रोजगार के नाम पर एकमात्र खेती किसानी है जो की अपाहिज होने से इस वर्ष खेती भी कर नहीं कर पाया जिससे परिवार के समक्ष भीषण संकट सामने आ खड़ा हो गया है ।

## जिप सदस्य राजेश राम का कांग्रेस में शामिल होने पर हुआ स्वागत

**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रधान कार्यालय कतरास में शुक्रवार को भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने पर जिला परिषद सदस्य राजेश राम को एक सादे समारोह आयोजित कर स्वागत किया गया। समारोह में वरिष्ठ कांग्रेसी रविन्द्र पाण्डेय, करमचंद बाउरी,



जिला कांग्रेस के महासचिव माधव सिंह, ममता देवी, बिनोद शर्मा, कुमारजोरी मंडल, अध्यक्ष अजय पासवान, जिला सचिव रोहित वाही, सेवा दल पूर पूर्व जिला संगठक राजा राम यादव, जोगेंद्र रजक, निचितपुर पंचायत के मुखिया करीम अंसारी, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य जियाउल हक, सुदेश दास, मंडल कोषाध्यक्ष नरेश कुमार, वरिष्ट कांग्रेस नेता रोबिन पाल, कतरास नगर सचिव ब्रजेश पाण्डेय, पंकज वर्मा, रणधीर सिंह, नगर सचिव दिगंबर सिंह, महिला नेत्री अनिता देवी, सुनीता कुमारी, सलीम अंसारी, सत्यदेव सिंह, रंजीत सोनी, राजेश, उमेश गोराई, कमलेश पाठक, मदन कुमार दास आदि कांग्रेसी उपस्थित थे।

## घूसखोर पदाधिकारियों को जेल भेजने वाले लोगों को आप करेगी सम्मानित : शर्मा

**पप्पु वर्मा@प्रभात मंत्र**

**गिरिडीह :** भ्रष्टाचार के खिलाफ लडने वाले नागरिकों को आम आदमी पार्टी सम्मानित करेगी। उक्त बातें आम आदमी पार्टी झारखंड के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने शनिवार को कही। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रही एसीबी-एंटी करप्शन ब्यूरो झारखंड में एक मात्र संस्था कार्यरत है । सूचना का अधिकार कानून, लोकायुक्त सहित अन्य



संस्थाओं को ठंढे बस्ते में डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भ्रष्टाचार चरम पर है लेकिन जिस अनुपात में भ्रष्टाचारियों को जेल जाना चाहिए उतना जा नहीं रहे हैं। जिसके कारण भ्रष्ट पदाधिकारी और कर्मचारी को तनिक भी डर नहीं है, खूलेआम घूस मांगने का वो काम करते हैं, गरीब असहाय लोगों को दौड़ा दौड़ा कर परेशान करते रहते हैं। जनता को छोटे छोटे कामों के लिए घूस देने के लिए मजबूर कर देते हैं। श्री शर्मा ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सूचना का अधिकार कानून लागू है लेकिन सरकार और विपक्ष दोनों के कारण सूचना का अधिकार कानून झारखंड में फेल है। 25000 हजार केस झारखंड राज्य सूचना आयोग में लम्बित है। पूर्व की सरकार में मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 181 जब चलता था तो उससे भी भ्रष्टाचार पर बहुत अंकुश लगा था लेकिन उसका भी कोई विकल्प वर्तमान सरकार ने नहीं निकाला। श्री शर्मा ने कहा कि आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार को कम नहीं खत्म करने के पक्ष में है। जनता भी यही चाहती है। लेकिन उनको सामने कोई रास्ता नजर नहीं आता इसलिए विवश लाचार होकर शार्टकट तरीका अपनाते हैं।

## जनसमस्याओं के विरोध में भाजयुमो का एक दिवसीय धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा धनबाद महानगर द्वारा भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमलेश सिंह की अध्यक्षता में धनबाद जिले में व्याप्त बिजली पानी ट्रैफिक जैसी मूलभूत समस्याओं के खिलाफ जिनके कारण आज धनबाद की जनता त्रस्त है और हाहाकार मचा हुआ है ऐसे जनसमस्याओं के विरोध में एक दिवसीय धरना देने का आयोजन धनबाद शहर के रणधीर वर्मा चौक में हुआ। सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने इस धरने में कहा कि आज जो सड़कों की जर्जर व्यवस्था बनी हुई है और मरम्मत के



लिए सरकार झारखंड की इन पर ध्यान नहीं दे रही है यह बहुत दयनीय बात है और झारखंड के धनबाद की जनता के लिए यह दुखद है अभी पूजा का समय है और प्रदूषण इस प्रकार जिले में व्याप्त है कि अगर पूजा के दौरान बारिश हो जाती है तो जो सड़कों का कीचड़ से हाल रहेगा उसमें यह नहीं लगता कि महिलाएं बच्चे नए कपड़े पहनकर अपने त्यौहार को हर्षोल्लास से मना पाएंगे शहर में आज बिजली की व्यवस्था ऐसी है कि एक घंटा बिजली अगर आती है तो अगले 10 घंटे बिजली गुल रहेगी नगर निगम पता नहीं किसी गहरी नींद में सोया है कि शहर में डेंगू की महामारी चल रही है और नगर निगम मच्छरों से निजात पाने के लिए ना फागिंग की व्यवस्था करवा रही है ना ही प्रदूषण के रोकथाम के लिए कोई कदम उठाए जा रहा है आज सड़कों को अगर देखा जाए तो सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगा हुआ आपको बहुत जगह पर दिख जाएगा लेकिन वह स्ट्रीट लाइट चलता है कि नहीं इसकी जानकारी आपको संबंधित पदाधिकारी के पास भी नहीं मिलेगी जब आप सड़क से गुजरेंगे और अंधेरा आपको मिलेगा तो जो आपको समस्याओं का सामना करना पड़ेगा वह बहुत विकट होगा इसीलिए धरने के माध्यम से जिला प्रशासन और झारखंड सरकार के ध्यान को आकृष्ट करना हमारा मकसद है।

# लोकसभा चुनाव में टीम इंडिया गठबंधन की होगी ऐतिहासिक जीत : मोजम्मिल अहमद

## आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटा झामुमो लोहरदगा जिला कमेटी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक कमेटी की बैठक जिलाध्यक्ष सतीम टोप्पो की अध्यक्षता में झामुमो जिला कार्यालय में संपन्न हुआ। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद,महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सरिता भगत उपस्थित थे। इस दौरान मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कार्यकर्ताओं में उर्जा डालते हुए कहा कि कार्यकर्ता अभी से ही आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जायें। उन्होंने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत तीन विधान सभा में अपना मजबूती के साथ प्रदर्शन कर दिखाया है। झामुमो जिलाध्यक्ष ने बताया कि लोकसभा चुनाव में टीम इंडिया गठबंधन सभी सीट पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ करने का कार्य करेगी। बैठक में उपस्थित सदस्यों को अपने संबोधन में जिलाध्यक्ष ने कहा कि अल्पसंख्यक विभाग की ओर से आहुत बैठक में लोहरदगा लोकसभा सीट पर झामुमो प्रत्याशी की मांग हेतु मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर प्रस्ताव रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि झामुमो लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बिशुनपुर विधान सभा,गुमला विधान सभा और सिसई विधान सभा में अपना विधायक जनता के बदौलत जीत हासिल कर विधान सभा में अपनी आवाज को मजबूती के साथ पटल पर रखने हेतु भेजी है। इससे यह साफ प्रतीत होता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में झामुमो लोहरदगा लोकसभा सीट पर ऐतिहासिक प्रदर्शन कर अपना सांसद लोकसभा में भेजने का कार्य कर दिखाएगी। झामुमो जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अहमद ने कहा कि ऐसे में लोहरदगा लोकसभा सीट पर झामुमो का प्रत्याशी होने से कार्यकर्ताओं के अंदर अत्यधिक उर्जा मिलेगा और पूरी निष्ठा के साथ हर एक कार्यकर्ता पार्टी के हित में तन मन से अपना उपस्थिति दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि इसे लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर लोहरदगा लोकसभा सीट पर अपना उम्मीदवार की मांग रखी जायेगी। आगे उन्होंने कहा कि लोहरदगा जिला में झामुमो के अन्य सभी विंग के साथ बैठक कर जल्द गठन कर पूरे दमखम के साथ आगामी लोकसभा चुनाव में टीम भावना के साथ चुनावी मैदान में उतरने का कार्य किया जायेगा।

## कैरो प्रखंड कांग्रेस कमिटी की हुई बैठक, पंचायत कमेटियों का शीघ्र होगा भौतिक सत्यापन : अनीश अहमद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 14 अक्टूबर शनिवार को स्व0 शिव प्रसाद साहू स्मृति भवन मे कैरो प्रखंड कांग्रेस कमिटी की बैठक प्रखंड कांग्रेस कमिटी सह प्रखंड 20-सुत्री अध्यक्ष अनीश अहमद खान के अध्यक्षता मे बैठक आहुत की गय उक्त बैठक मे सांगठनीक अनेक विन्दुओं पर चर्चा करते हुए प्रखंड अध्यक्ष अनीश अहमद खान ने कहा कि सभी लोगो के सहमति से प्रखंड एवं पंचायत कमिटीयों का भौतिक सत्यापन की जायेगी। बैठक मे राज्यसरकार के द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं जन जन तक पहुँचाने व जागरुकता करने की बात प्रखंड अध्यक्ष अनीश अहमद खान ने कही। आज के उक्त बैठक मे नईम अंसारी, मतलूब अंसारी, हुसैन खाँ, मोजाहिर अंसारी, यूथ प्रखंड अध्यक्ष तिला उराँव, पंचायत अध्यक्ष मनजन उराँव, नारायण उराँव, शिव उराँव, रशीद अंसारी, अफरोज आलम, निरंजन राम, नूरहसन खान, मिडिया प्रभारी जुबेर अंसारी इत्यादि कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक मे उपस्थित थे।

## उप विकास आयुक्त ने निर्माणाधीन पथों, पुल-पुलिया स्वीकृति हेतु भेजी गई योजनाओं की समीक्षा बैठक



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उप विकास आयुक्त जय ज्योति सामंता की अध्यक्षता में आज शनिवार को पथ निर्माण की बैठक आयोजित हुई। बैठक में ग्रामीण कार्य प्रमण्डल, लोहरदगा के निर्माणाधीन पथों, निर्माणाधीन पुल-पुलिया, प्रशासनिक स्वीकृति हेतु भेजी गई योजनाओं आदि की समीक्षा की गई। निर्माणाधीन पथों व पुल-पुलिया को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का निदेश दिया गया। ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल के तीन उच्च स्तरीय पुलों की अद्यतन स्थिति, राष्ट्रीय उच्च पथ के अंतर्गत कुड़ू-घाघरा पथ में निर्माणाधीन पुलों की स्थिति, भूमि अधिग्रहण से संबंधित भुगतान की स्थिति, पर्यटन, जिला योजना अंतर्गत अनाबद्ध निधि की योजनाएं, डीएमएफटी की योजनाएं, सीएम ग्राम सड़क योजना, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के आवास निर्माण,नीति आयोग अंतर्गत ली गई योजनाओं के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई और आवश्यक निदेश संबंधित विभागों के कार्यपालक अभियंताओं को दिये गये। आज की बैठक में नगर परिषद प्रशासक, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमण्डल, सहायक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग/ग्रामीण कार्य विशेष प्रमण्डल/राष्ट्रीय उच्च पथ समेत अन्य विभागों के अभियंता उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को पुलिस द्वारा अलग अलग जगहों से किया जब्त

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध बालू उठाव के विरुद्ध खनन विभाग के नेतृत्व में सेन्हा थाना क्षेत्र के दतरी एवं जोगना से पुलिस द्वारा दो ट्रैक्टर जप्त किया गया। क्षेत्र में अवैध बालू के विरुद्ध लगातार कारवाई के बाबजूद बालू उठाव कर परिचालन थमने को नाम नही ले रहा है। इस संदर्भ में खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद से जायजा लेने पर उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा आए दिन अवैध बालू खनन के विरुद्ध छापेमारी करते हुए ट्रैक्टर को जप्त कर कारवाई किया जा रहा है। सूत्रों से जानकारी के अनुसार बता दें कि खनन विभाग के नेतृत्व में थाना प्रभारी अभिनव कुमार की मौजूदगी में दो ट्रैक्टर को जपत कर थाना लाया गया। और अग्रतर कारवाई हेतु खनन पदाधिकारी को सूचनार्थ करते हुए जप्त ट्रैक्टर के बारे में अवगत कराया गया। विदित हो कि दतरी पथ से अवैध बालू लाद कर बिना रजिस्ट्रेशन नम्बर का एक ट्रैक्टर को जप्त किया गया है। जबकि दूसरा ट्रैक्टर को जोगना ग्राम का अखाड़ा के समीप से पकड़ा गया। जिसमें रजिस्ट्रेशन नम्बर जे एच 08 जी 8768 अंकित है। वही जब्त दोनों ट्रैक्टर के विरुद्ध राजस्व क्षति एवं राजसत्र के तहत खनन विभाग द्वारा कारवाई किया जाएगा साथ ही जिस ट्रैक्टर में रजिस्ट्रेशन नम्बर अंकित नही होने के कारण उस पर नियम संगत करवाई करने हेतु परिवहन विभाग को भी सूचनार्थ किया गया है।

## केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति लोहरदगा की एक महत्वपूर्ण बैठक गुदरी बाजार स्थित मुद्रिका पैलेस में केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत लकड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुए इस बैठक में मुख्य रूप से आने वाले नवरात्र पर्व को धूमधाम से मनाने हेतु चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से सभी संरक्षक पूजा पंडाल के अध्यक्ष, सचिव एवं केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।मौके पर संरक्षक प्रवीण कुमार सिंह ने दुर्गा पूजन उत्सव को उत्सव के रूप में मनाने को कहा जिससे अपने अंदर और समाज के अंदर भी खुशियली और समृद्धि आए वही ओम प्रकाश सिंह ने असत्य पर सत्य की जीत बताते हुए कहा हम सभी मिल कर समाज के अंदर के बुराई को मारते हुए समाजिक समरसता से भरा पुरा समाज का निर्माण करे जिससे सशक्त और मजबूत समाज का निर्माण हो वही केन्द्रीय दुर्गा पुजा समिति लोहरदगा के अध्यक्ष इंद्रजीत लकडा (संतोष) ने नव रात्र के प्रथम दिन होने वाले कलश शोभायात्रा (15/10/2023 दिन रविवार को सुबह 7.00 बजे) में आमंत्रित करते हुए लोगों को बतलाया कि यह शोभायात्रा पावरगंज देवी मंदिर प्रांगण से निकालकर अमला टोली थाना टोली शास्त्री चौक होते हुए ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण जाएगी जिसमें आप सभी माता रानी के भक्त गण एवं माताए बहने सादर आमंत्रित हैं। मौके पर मोहन दुबे,राजेंद्र खत्री, अजय मित्तल, प्रेम प्रजापति, कमल प्रसाद केसरी, सुरेश ठाकुर, रोहित साहू, संदीप पोद्दार, सरोज प्रजापति, अजय पंकज, सरोज प्रजापति, दीपक सर्राफ, गुप्तेश्वर गुप्ता, दुर्गा प्रजापति, सोमनाथ दत्त, अशोक चंद्र घोष, मनोज गुप्ता, आनंद केसरी, सरोज प्रजापति, नागेंद्र प्रजापति, जय प्रकाश शर्मा, निलेश गुप्ता, रोहित ओझा हिमांशु केसरी, पंकज महतो, प्रवीण तमेडा, संजय महतो शशांक बर्मन, दीक्षांत आर्य, विक्की कुमार, अशोक रजक, राजकुमार, चंदन, अजय शाह उदय दत्त, दिव्यांशु कुमार सहित अन्य माता रानी के भक्त गण उपस्थित थे।

## जलडेगा के टंगीया में एचजीआर क्लब की ओर से पांच दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता हुआ संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** प्रखंड के टांगिया में आयोजित एचजीआर क्लब के तत्वाधान में पांच दिवसीय हॉकी टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच लंबोई बनाम नारोडेगा के बीच में आयोजित हुई । जिसमें शानदार मुकाबला खेलते हुए लंबाई की टीम 1-0 से जीत की। वहीं बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट में सियारमुंडा बनाम पाइतोनो के बीच में हुई जिसमें दोनों ही टीम बराबरी पर रही पेनल्टी शूटआउट में पाइतोनो की टीम 02-1 से जीत दर्ज की। खेल की शुरुआत मुख्य अतिथि झारखंड पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का के द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त करते हुए किया। इस मौके पर उन्होंने विजेता एवं उपविजेता तथा तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 15000, 12000 एवं 5000 का नगद राशि देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार से खेल का रुझान क्षेत्र में बढ़ रहा है इससे आने वाले दिनों में यहां दर्जनों खिलाड़ी ओलंपिक का सफर तय करेंगे। वर्तमान समय में युवाओं को खेल के क्षेत्र में देश में सुनहरा अवसर मिल रहा है इस अवसर का लाभ अवश्य उठाएं ।खेल को खेल भावना के साथ-साथ अनुशासन को पूरी तरह से बरकरार रखें ताकि आगे तक बेहतर खेल सकें। मौके पर मुख्य रूप से बाबूराम लकड़ा, आशीष सिंह, रवि बड़ाईक, रसाल खलखो, संध्या डांग, मुखिया बालमुनि लुगुन, खेल अध्यक्ष बृजेश तोपनो, कोषाध्यक्ष फबीयन तोपनो, सचिव नरेश बड़ाईक, पंचायत समिति जयति देवी, कोच - दिव्या डूंगडूँग, संजय डांग, ऑलिवर लुगुन, जॉन तोपनो, रूबेन, खेल समिति के सदस्य सोसंति मिंज, विनोद तोपनो, जुलियानी तोपनो के अलावे काफ़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे ।

## सरना सनातन की एकता को देख विरोधियों में हुई घबराहट : अनिल उरांव



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड के चनकोपा गांव में जय श्रीराम समिति की बैठक दीपक साहू की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, जिला महामंत्री प्रदीप साहू, जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, नगर महामंत्री सुशील पटनायक उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से संगठन की मजबूती विस्तार एवं धर्म संस्कृति पर खास चर्चा की गई। जिला कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा सनातन समाज को मिटाने एवं षड्यंत्र करने वालों को हमारा सनातन समाज समय के साथ जवाब देगा। पूरे सनातन समाज को एकजुट होने का समय आ चुका है। जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा सरना सनातन की एकजुट को देखकर विरोधी घबराए हुए हैं इसलिए बरसाती मेंढक की तरह समय-समय पर कुछ लोग टर-टराते रहते है। आज नई बात नहीं बहुत पहले से सनातन समाज के प्रति लोग षड्यंत्र करते आ रहे हैं। यही कारण है धर्मांतरण एवं लवजिहाद का शिकार आए दिन लोग हो रहे हैं। सनातन समाज की एकजुटता से ही षड्यंत्र कार्यो का मंसूबा फेल होगा। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर सर्वसम्मति से संरक्षक उपेंद्र साहू, अरविंद साहू, प्रवीण साहू, सिकंदर साहू, नवीन साहू, सुमन साहू, रविंद्र साहू, संदीप साहू अध्यक्ष विकास कुमार कार्यकारी अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू महामंत्री गगन साहू, उपाध्यक्ष पंकज उरांव, सोनू कुमार, रोहित महतो, नितिन साहू, ओमप्रकाश कोषाध्यक्ष विवेक कुमार संगठन मंत्री ओम साहू, आनंद राम, शुभम कुमार, अभिषेक कुमार, लोकेश साहू मीडिया प्रभारी उत्तम कुमार प्रतिश कुमार को बनाया गया। बैठक में काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## दफादार चौकीदार संघ ने नव पदस्थापित अंचलाधिकारी से की शिष्टचार मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** दफादार चौकीदार संघ ने शनिवार को नव पदस्थापित अंचलाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात कर बुके प्रदान करते हुए अभिवादन किया। सेन्हा अंचलाधिकारी का स्थान्तरण के पश्चात नव पदस्थापित अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी से दफादार चौकीदार संघ जिला सचिव नेजावत अंसारी के नेतृत्व में प्रखंड दफादार चौकीदार संघ शिष्टचार पूर्वक मुलाकात करते हुए क्षेत्र की जमीन संबंधित लंबित मामला एवं दफादार चौकीदारों द्वारा अपनी समस्या को रखा जिसपर नवपदस्थापित अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने चौकीदारों की समस्या से अवगत हो हर संभव मदत करने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि किसी तरह की समस्या हो या कोई सूचना मिले तो तुरंत जानकारी साझा करें। जिसे समस्या का अबिलम्ब समाधान हो सके। वही चौकीदारों के द्वारा सेवा सम्पुष्टि के बारे बताते हुए सेवा सम्पुष्टि कार्य को निष्पादित करने का अनुरोध किया गया। अभिवादन के दौरान दफादार चौकीदार संघ के जिला उपाध्यक्ष दुर्गा महली, प्रखंड अध्यक्ष अनुरुद्ध महली के अलावे वीणा उराँव, प्रभुदयाल मिंज, सुजीत उराँव, प्रतिमा उराँव, परमेश्वर लोहरा सहित अन्य चौकीदार मौजूद थे।

## संगीत और किताबों से अच्छा कोई और मित्र नहीं होता : गणेश प्रसाद साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज मासिक गीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बच्चों के अंतर्गत गीत संगीत कला के विकास हेतु विद्या भारती योजना के अनुसार मासिक गीत जो राष्ट्रभक्ति संस्कृति बोध एवं समाज बोध पर आधारित गीत विद्यालय के भैया बहनों द्वारा गाए जाते हैं। भैया बहनों के अंतर्गत इस प्रतिभा का पूर्ण विकास हो जिसके निमित्त यह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा उदय से लेकर कक्षा पंचम तक के भैया बहनों की सहभागिता रही। जिसमें क्रमशः कक्षा उदय से भैया रौनक शर्मा, कक्षा प्रभात से भैया अक्षत तिवारी, कक्षा प्रथम से बहन योगिता भारती, कक्षा द्वितीय से बहन अमृता कुमारी, कक्षा तृतीय से बहन पायल कुमारी, कक्षा चतुर्थ से बहन हर्षिका सिंह एवं कक्षा पंचम से भैया दीपक कुमार केसरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के आचार्य श्री गणेश साहू एवं दीदी जी सुश्री सुनीता कुमारी निर्णायक की भूमिका में रहे। आज के इस कार्यक्रम में सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं भैया बहन उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय मीडिया कार्यशाला का आयोजन हुआ




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** लीड्स कार्यालय सिमडेगा में लिड्स संस्था के द्वारा प्रवासी मजदूर परियोजना के तहत् जिला स्तरीय मीडिया एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का शुभआरंभ लीड्स के प्रवासी मजदूर परियोजना के मार्गदर्शक रंजीत भेंगरा परियोजना प्रबंधक अनुराग रॉबर्ट कुजूर और मीडिया साथीगण के द्वारा किया गया और मीडिया के बंधुओं का स्वागत किया गया साथ ही लीड्स के कार्यक्षेत्र की जानकारी पी पी टी के माध्यम से दी गयी। इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए प्रवासी मजदूर परियोजना के प्रकाश कुमार और तिथि के द्वारा परियोजना की जानकारी और परियोजना के सफलताओं को बताया गया और साथ ही लीड्स संस्था के कार्यों की पूरी जानकारी दी। इस कार्यशाला मे प्रमुख रूप से प्रभात खबर, हिदुस्तान, प्रभात मन्त्र, साधना, सन्मार्ग, उत्कल मेल आदि न्यूज़ के मीडिया साथीगण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम मे सभी की भागीदारी सराहनीय रहा बिसेस धन्यवाद के पात्र लिड्स संस्था के डिस्ट्रिक्ट कोर्डिनेटर संजय ग्वाला और आसित करकेट्टा है और साथ ही अमीषा कुमारी भी धन्यवाद के पात्र है।

## खिलाड़ियों को दिया जा रहा है पुरा सम्मान : विधायक भूषण बाड़ा



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुरडेग के झरैन पारिस मैदान में शनिवार को हॉकी प्रतियोगिता का फाईनल मैच खेला गया। खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक भूषण बाड़ा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता के फाईनल मुकाबले में झरैन बड़काटोली ने पेनाल्टी शूट आउट में बाघचट्टा को 1-0 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। विजेता एवं उपविजेता टीम को विधायक एवं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि सिमडेगा की पहचान हॉकी की नर्सरी के रुप में बना है। इसे कायम रखना है। उन्होंने कहा कि हॉकी खेल के माध?यम से आज हमारे जिले के सैंकड़ों युवा विभिन्न क्षेत्र में नौकरी कर रही हैं। आप भी हॉकी खेल के माध्यम से अपना भविष्य बनाएं। महागठबंधन की सरकार खेल को आगे बढ़ाने एवं खिलाड़ियों को सीधी नौकरी देने का काम कर रहे हैं। आप भी एक बेहतर खिलाड़ी बन झारखंड सरकार की योजना का लाभ लें। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को पुरा सम्मान दिया जा रहा है। न सिर्फ हॉकी बल्कि फुटबॉल, एथलेटिक्स आदि खेलों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। **भविष्य बनाने का बेहतर विकल्प बन चुका है खेल : जोसिमा खाखा :** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि खेल से न सिर्फ शारिरीक और मानसिक विकास होता है। बल्कि खेल से रोजगार भी प्राप्त होता है। आज सिमडेगा के ज्यादातर युवा अपना भविष्य बनाने के लिए खेल को ही बेहतर विकल्प के रुप में देख रहे हैं।उन्होंने कहा कि आज खेल भविष्य बनाने का बेहतर विकल्प बन चुका है। विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से आने वाले दिनों में और अधिक खिलाड़ी खेल के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी करते हुए नजर आएंगे। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, रणधीर रंजन, अरसद हुसैन, सोनू नायक, नीला नाग, पुनम लकड़ा, जयवंत बरला, अजयदान कुजूर, विजय बेक, पल्ली पुरोहित फा क्लेमेंट कुल्लू, फा मुकूल केरकेट्टा, फा रफैल सोय, अंजू, सरिता, एनी, सीमा, माधुरी, सलमा, विनसेलास लकड़ा, अल्फोंस मिंज, हर्षित मिंज आदि उपस्थित थे।

## दुर्गा पुजा को लेकर मां अंबे की प्रतिमा को अंतिम रुप देता हुआ कारीगर, कलश स्थापन आज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत दुर्गा-पूजा का त्योहार के निमित तैयारियों का दौर इन दिनो अन्तिम चरण पर है। विदित है कि कैरो प्रखंड क्षेत्र मे प्रखंड के हनहट,कैरो व नगजुवा रेलवे स्टेशन के समीप दुर्गा पुजा का त्योहार धूम-धाम से विगत अनेको वर्षो से त्योहार मनाते आया जा रहा है। वही त्योहार के निमित्त माँ अंबे, माता लक्ष्मी, माँ सरस्वती, महराज कार्तिकेय, एवं श्री गणेश जी की प्रतिमा को अंतिम रूप सजाने सवारने मे कैरो मुख्यालय मे बंगाल के कारीगर जुट गये हैं। इस संबंध मे कैरो दुर्गा-पूजा समिति अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी ने बताया कि 15 अक्टूबर रविवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो रही है,इस अवसर पर कैरो माँ अंबे दुर्गा पूजा समिति की और से सैकड़ो माता के भक्तो के द्वारा पूर्वाह्न 7:00 बजे दुर्गाबाडी परिसर से कन्दनी नदी पर कलश मे आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी जी के द्वारा संकल्पित जल लेकर मातारानी की जयकारा लगाते हुए ग्राम भ्रमण कर कलशस्थापन की जायेगी इसके पाश्चात्य मातारानी के नौ रुपों मे प्रतिपदा पर प्रथम दिन दुर्गाबाडी मे माँ शैलपुत्री की प्रातःव साँय कालीन पुजा अर्चना व आरती वही 16 अक्टूबर दुसरे दिन माँ ब्रम्हचारिणी की पुजा अर्चना व आरती, 17 अक्टूबर को माँ चंद्रघंटा की 18 अक्टूबर को माता कूष्माण्डा की 19 अक्टूबर माँ स्कंदमाता की, 20 अक्टूबर षष्ठी माँ कात्यायनी 21 अक्टूबर सप्तमी माँ कालरात्रि 22 अक्टूबर महाअष्टमी को महागौरी की पुजा अर्चना 23 अक्टूबर महानवमी को सिद्धिदात्री की प्रातःएवं साँयकालीन पूजन व आरती के साथ 24 अक्टूबर मंगलवार को नवरात्रि पारण मातारानी के प्रतिमा विसर्जन व भव्य रावण दहन कार्यक्रम के साथ विजयादशमी दशहरा का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनायी जायेगी, इस निमित दुर्गा-पूजा के अवसर पर महाअष्टमी की रात्रि मे देवी भक्ति जागरण सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन समिति की और से आयोजित की गई है।

## मध्य एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में मनाया गया मानसिक स्वास्थ्य दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम के तहत जी.सी.ई.आर.टी. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के अगुवाई एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी लोहरदगा के मार्गदर्शन व सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज ($C_3$ ) के तकनीकी सहयोग से दिनांक 10-16 अक्टूबर 2023 तक मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह पूरे राज्य के सभी विद्यालय जहां वर्ग 6 या उससे ऊपर की पढ़ाई होती है में मनाया जा रहा है द्य इस जागरूकता सत्र के आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के ऊपर किशोर/किशोरियों को जागरूक करना एवं समय पर मानसिक अवस्था की पहचान कर हर संभव परामर्श सलाह एवं चार उपलब्ध कराना ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके। इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के विभिन्न विद्यालयों के लगभग 11000 छात्र/छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जानकारी देकर जागरूक किया गया विद्यालय आरोग्य दूतों ने मानसिक स्वास्थ्य के विषय प्रवेश एवं औचित्य के बारे में छात्रों को बताया कि वर्तमान समय में मानसिक स्वास्थ्य एक गंभीर विषय के रूप में सामने आया है जिससे हर उम्र के लोग प्रभावित हो रहे हैं कोविड संक्रमण काल के उपरांत एक डिजिटल साधनों का निरंतर उपयोग, डनिष्क्रियता, अनियंत्रित खान-पान एवं शारीरिक गतिविधियों के अभाव में हर उम्र के लोगों में मानसिक तनाव, चिड़चिड़ापन एवं उदासीनता का भाव व्याप्त है आगे चलकर गंभीर गैर संक्रामक रोगों का परिचायक बन सकता है साथ ही साथ आत्महत्या जैसे घटनाओं को बढ़ोतरी का कारण भी बन सकता है द्य संबोधन के दौरान गतिविधि आधारित माध्यमों एवं जीवन उदाहरणों के सहारे छात्रों को विस्तार पूर्वक मानसिक स्वास्थ्य क्या है मानसिक रूप से स्पष्ट व्यक्तियों की पहचान कैसे करें संबंधी मानक मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के क्या-क्या तरीका हो सकते हैं कार्य योजना बनाकर दैनिक कार्य करने पर्याप्त नींद लेने मानसिक तनाव होने पर पेशेवर परामर्शदाताओं से सलाह लेने, पौष्टिक भोजन एवं शारीरिक रूप से सक्रिय रहने जैसे योग आदि के बारे में विभिन्न बातों को साझा किया गया ताकि वह मानसिक रूप से सफल रहे और पूरा ध्यान अपने पढ़ाई पर लगे इसके सफल आयोजन में जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय लोहरदगा एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज ($C_3$) का सक्रिय व सराहनीय योगदान रहा।

## चलते चलते एक नजर

### रोजगार का सृजन करें ताकि लंबित आवास का निर्माण हो सके पूरा : चंद्रशेखर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर ने शनिवार को 15 सितंबर से 10 अक्टूबर 2023 तक चले 'चलो करें आवास पूरा' अभियान में सभी जिलों की उपलब्धि पर अनुसमर्थन दल के वरीय प्रभारी के साथ प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा की। प्रधानमंत्री आवास योजना( ग्रामीण) और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश दिए। सचिव ने कहा कि इसका विशेष ख्याल रखें कि ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजित किया जाएं , ताकि लंबित आवास योजना का क्रियान्वयन बड़े पैमाने पर हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं की जियो मैपिंग भी कराई जाए। सचिव ने कहा कि अभियान फेज टू के तहत योजनाओं का स्थल निरीक्षण किया जाएगा। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने प्रधानमंत्री आवास योजना को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार बेघरों को घर देनें की योजनाओं को लेकर भी उतनी ही संवेदनशील है और इसलिए आप कोशिश करें कि जरुरतमंदों को ससमय आवास का लाभ मिले।

### देश में कैंसर की समस्या बढ़ रही है और झारखंड भी इससे अछूता नहीं : राज्यपाल

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारे देश में कैंसर की समस्या बढ़ रही है और झारखंड भी इससे अछूता नहीं है। ऐसे में इस कैंसर कॉन्क्लेव का आयोजन करना एक सराहनीय प्रयास है, जिसमें टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई सहित देशभर से विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। उनके ज्ञान एवं विचारों के आदान-प्रदान से कैंसर के इलाज और मनोबल वृद्धि में सहायता मिलेगी। राज्यपाल शनिवार को महावीर मेडिका सुपर स्पेश्यलिटी हॉस्पिटल, रांची की ओर से होटल बीएनआर चाणक्या में आयोजित मेडिका कैंसर कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह कॉन्क्लेव शोधकर्ताओं और चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों को कैंसर की चुनौतियों पर चर्चा करने एवं अपने अनुभव को साझा करने की दृष्टि से उपयोगी मंच हो सकता है। इससे शीघ्र ही कैंसर का पता लगाने के नवीनतम तरीकों, बेहतर उपचार के साथ स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता को भी बढ़ावा मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि कैंसर से निजात पाने के लिए सबको एक साथ काम करना पड़ेगा। साथ ही अस्पताल को यह भी ध्यान रखना होगा कि कैंसर के मरीजों का अच्छे-से-अच्छा इलाज समुचित व्यय पर हो सके। राज्यपाल ने कहा कि हमारे देश में प्राचीन काल और सदियों से ही सेवा एवं विश्व बंधुत्व की भावना निहित है। साथ ही कहा कि स्वास्थ्य बीमा के संबंध में जागरुकता फैलाना आवश्यक है ताकि वक्त पर लोगों को इलाज में कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अस्पताल में ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए कि लोगों को वहां भी स्वास्थ्य बीमा की जानकारी प्राप्त हो सके।इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, राज्य के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह, डॉ राणा उदयन लहरी, डॉ मदन कुमार गुप्ता सहित अन्य मौजूद थे।

# एयर इंडिया ने रद्द की तेल अवीव के लिए सभी उड़ानें की रद्द

एजेंसी

**नई दिल्ली :** इजरायल और हमास के बीच जारी जंग के बीच एयर इंडिया ने एक बड़ा फैसला लिया है. विमानन कंपनी एयर इंडिया ने आगामी 18 अक्टूबर तक के लिए तेल अवीव की सभी फ्लाइटों को रद्द कर दिया है. एयर इंडिया के अधिकारी ने बताया कि वह कैरियर आवश्यकताओं के आधार पर भारतीय नागरितों को वापस लाने के लिए चार्टर्ड उड़ानें ऑपरेट करेगा.इससे पहले एयर इंडिया ने 14 अक्टूबर तक इजरायल के आर्थिक केंद्र तेल अवीव से संचालित होने वाली उड़ानों को निलंबित कर दिया था. गौरतलब है कि आम तौर पर एयर इंडिया राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से तेल अवीव के लिए हफ्ते में पांच उड़ानें संचालित करती है. यह सेवा सोमवार, मंगलवार, गुरुवार, शनिवार और रविवार को चलती हैं. इजरायल से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिए शुरू किए गए ऑपरेशन अजय के तहत भी एयरलाइन ने दो उड़ानें संचालित की हैं.ऑपरेशन अजय के तहत इजरायल से अब तक 400 से ज्यादा भारतीयों की वतन वापसी हो चुकी है. शुक्रवार को 235 भारतीय नागरिकों को लेकर विशेष विमान दिल्ली पहुंचा. इस दौरान विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया.इससे एक दिन पहले ही 212 भारतीयों को विशेष विमान के जरिए भारत लाया गया था. भारत ने गुरुवार (12 अक्टूबर) को ऑपरेशन अजय का ऐलान किया था. इस ऑपरेशन के जरिए सिर्फ उन्हीं लोगों को इजरायल से लाया जा रहा है, जो वहां से भारत आने को इच्छुक हैं.



## युवा परिवर्तन का वाहक बनें : सुदेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि वर्तमान स्थिति में परिवर्तन राज्य की आवश्यकता है और युवा परिवर्तन का वाहक बनें। राज्य के नव निर्माण के लिए युवाओं को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। पार्टी के हर कार्यकर्ता जनता के आम राय को एक राय बनाने में अहम भूमिका सुनिश्चित करें। सुदेश कुमार महतो हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में शनिवार को आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में सरकार ने पदाधिकारियों की भूमिका को बदल दिया है। उनके कार्य प्रणाली के साथ आचरण भी बदल गया है। इनको मूल जिम्मेदारी से हटाकर दूसरे कार्यों में लगाया दिया गया है। इसका सीधा असर आम जनता पर हो रहा है, लोग इससे परेशान है। मिलन समारोह में बड़कागांव विधानसभा से आए जेएमएम के पूर्व पंचायत अध्यक्ष बिजेंद्र कुमार और गढ़वा के सामाजिक कार्यकर्ता शैलेंद्र कुमार सिंह उर्फ छोटन की अगुवाई में विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ली। पार्टी में शामिल जेएमएम के पूर्व पंचायत अध्यक्ष विजेंद्र कुमार ने कहा कि कई वर्षो से जेएमएम के साथ काम किया लेकिन उनके काम करने के तरीके से संतुष्टि नहीं मिली। इसी वजह से आज आजसू पार्टी में शामिल हो रहा हूँ। आजसू पार्टी से जुड़ कर क्षेत्र के लोगों की सेवा करूंगा। गढ़वा के सामाजिक कार्यकर्ता शैलेंद्र सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी के नीति-सिद्धांत एवं राज्य के विकास के प्रति पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो के दूरदर्शी सोच और काम करने के जज्बे से प्रभावित हो कर आजसू पार्टी की सदस्यता ले रहा हूं।

## झामुमो कार्यालय घेरने निकले पंचायत स्वयं सेवकों को पुलिस ने रोका

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यालय का घेराव करने जा रहे पंचायत स्वयं सेवक संघ के सदस्यों को शनिवार को हरमू चौक के पास ही पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रोक दिया।

इससे पूर्व सरकार से अपनी मांग मनवाने के लिए कई सदस्य हरमू मैदान में जमा हुए। इनका कहना था कि वे लोग दो बार मुख्यमंत्री आवास का घेराव कर चुके हैं। इसके बावजूद सरकार उनकी बात नहीं सुन रही है।

प्रदेश अध्यक्ष चंद्र दीप कुमार ने कहा कि हेमंत सरकार हमारी बात सुने। बातचीत के लिए बुलाये। हमलोगों की बात को अनदेखा किया जा रहा है। आने वाले समय में संघ विधानसभा और लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करेगा। सरकार अपने वादे से मुकर रही है। 100 दिनों से हमलोगों को ठगने का काम कर रही है।

जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती, आंदोलन करते रहेंगे। अब सांसद-विधायक के आवास के सामने नंग-धड़ंग प्रदर्शन किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उनकी प्रमुख मांगों में पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वार्ता करें, स्वयं सेवकों की सेवा स्थायी करने, नियमित मानदेय लागू किया करने, स्वयं सेवकों का समायोजन करने और संघ का नाम बदलकर पंचायत सहायक करना शामिल हैं।

इस मौके पर सूर्य मोहन, रामसागर, सुनिता, रेखा, उमेश चंद्र तिरिया, दिलीप कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### पर्यावरणविद ने गया पितृपक्ष मेला में देश-विदेश से आये लोगों को पढ़ाया पर्यावरण धर्म का पाठ

## पितरों के आत्मा की शांति के लिए सभी को करना होगा पौधरोपण : कौशल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** गढ़वा जिले के केतार प्रखंड के ग्राम गोपला में दिवंगत बैकुंठ नारायण जायसवाल व धर्मपत्नी स्वर्गीय रामसखी देवी के गया श्राद्धकर्म के बाद आयोजित भंडारा में शामिल होकर विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के तहत मृतक के नाम उनकी आत्मा की शांति के लिए पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ बरगद और पीपल का पौधा लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बिहार के गया श्राद्ध पितृपक्ष मेले में देश-विदेश से आए लोगों को पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा जब घर में माता-पिता या कोइ भी बड़े बुजुर्गो का साया सर से हट जाए तो पर्यावरण धर्म के तहत मृतक के नाम लगाए गए पौधे में जल देने से मृतक की आत्मा के शांति के साथ धरती मां के धधकती आत्मा को शांति मिलेगी। जिससे भूकंप व प्राकृतिक आपदा से भी बचा जा सकता है।वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले कई जीवो को अनेकों लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं । इसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में भी उल्लेखित है। पितृपक्ष श्राद्ध में शामिल छतरपुर पूर्वी से जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल, प्रो अरुण कुमार जायसवाल,संस्था के प्रधान सचिव सह पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल संस्था के सचिव अरविंद कुमार माधुरी देवी, उर्मिला देवी, आशा देवी, बृज किशोर पत्नीश्रीमती जानकी देवी, अवध किशोर, पत्नी मीरा देवी, कार्तिक प्रसाद पत्नी शांति देवी, ओम प्रकाश जायसवाल पत्नी लीला देवी, उमाकांत जायसवाल , चंद्रसेन जायसवाल,मणिकांत जायसवाल, कोमल जासवाल, शिल्पा जायसवाल, पंडित मिथिलेश बैध, गोपाल बैठा, राजेंद्र ठाकुर, राकेश जायसवाल,सुनील कुमार, जयप्रकाश , संतोष प्रसाद , उपेंद्र प्रसाद , संजय प्रसाद , पूनम देवी, रीता देवी, किरण देवी, रेणु देवी, अनीता देवी, उषा देवी, आराध्या, आशिविका, आद्रिका अनुषा आदि शामिल थी।



# जेसीआई रांची के एक्सपो उत्सव का तीसरा दिन फैशन शो का रहा जलवा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** जेसीआई राँची के द्वारा आयोजित एक्सपो उत्सव 2023 जो कि 12-16 अक्टूबर तक मोराबादी मैदान में लगा है। दूसरे दिन एक्सपो में लोगों की भारी भीड़ और उत्साह दिखा। एक्सपो में लोगों ने खरीदारी के साथ साथ स्वादिस्ट खाने एवं झूला का भी खूब आनंद उठाया। इस वर्ष एक्सपो का 26 वाँ वर्ष है और लोगों के बीच में उत्साह भी बहुत है। इस वर्ष 300 से अधिक स्टॉल आए है और सभी में अच्छी भीड़ है। ऑटो जोन लोगो के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है यहां हर प्रकार की गाड़ी और मोटरबाइक उपलब्ध है । इस वर्ष इलेक्ट्रिक स्कूटर एवं बाइक के भी स्टॉल है और लोग इलेक्ट्रिक गाड़ी की पूरी जानकारी ले रहे है। स्टार्टअप जोन में लोगो को कुछ नया देखने को मिल रहा है। आज कई स्कूल के बच्चे भी एक्सपो आए थे और उन्होंने एक्सपो घूमे और फिर एम्यूजमेंट पार्क में झूलो का पूरा आनंद लिया।



**एक्सपो परिसर डॉग शो के विजेता:** डॉग शो और ट्रेजर हंट का भी आयोजन किया गया । डॉग शो के विजेता रॉटविलर ब्रीड के जैकलिन जिसके ओनर नंदिनी बांगड़, फर्स्ट रनर अप गोल्डन रिट्रीवर ब्रीड की मोमो जिसकी ओनर सोनम अग्रवाल एवं सेकंड रनर अप शितजु ब्रीड की मिंटी जिसके ओनर अभिनव चौधरी है। ट्रेजर हंट के विजेता टीम ब्राउन अभिनव भाला, सुधीर शर्मा, वत्सल एवं यश झुनझुनवाला, फर्स्ट रनर अप टीम ब्लू प्रिया लखोटिया, प्रीति मुंद्रा, भूमि मुंद्रा, वान्या लखोटिया एवं सेकंड रनर अप टीम ऑरेंज दीपा, तानी, नेहा एवं श्वेता है। शनिवार को वक्ता राजीव कुमार गुप्ता ञ्दृस्र ङ्क, नीरज कुमार एवं विष्णु जालान हैं उसके साथ ही साथ सुबह 11:30 बजे हेल्थी बेबी एंड मॉम शो , शाम 3 बजे वॉइस ऑफ एक्सपो एवं शाम 7:00 बजे फैशन शो का आयोजन हुआ । एक्सपो उत्सव के सभी इवेंट के संयोजक मोहित वर्मा है। एक्सपो मिडनाइट कार्निवाल का आयोजन किया गया है। यह जानकारी एक्सपो मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ चौधरी एवं जेसीआई राँची के प्रवक्ता प्रवीण अग्रवाल ने दी।

### आदिवासी सरना धर्म कोड जनसभा आठ नवम्बर को मोरहाबादी में

**रांची :** आदिवासी सेंगल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने कहा कि आगामी आठ नवम्बर को रांची की मोरहाबादी मैदान में आदिवासी सरना धर्म कोड जनसभा आयोजित की जाएगी, जहां देश विदेश से लाखों आदिवासी सरना समुदाय के लोग जुटेंगे। उन्होंने कहा कि सेंगल का नारा है सरना कोड दो, आदिवासी वोट लो। मुर्मू शनिवार को धुर्वा स्थित पुराने विधानसभा सभागार में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में आदिवासियों को उनकी धार्मिक आजादी नहीं मिल रही। आजादी से वंचित रखने में कांग्रेस और भाजपा दोनों की सरकारें दोषी हैं। कांग्रेस ने कॉलम हटाया वही दूसरी ओर भाजपा की सरकार और संघ जबरन आदिवासी समुदाय को हिन्दू का ठप्पा लगाने पर आतुर हैं। जबकि दुनिया जानती है आदिवासी प्रकृति पूजक है न कि मूर्ति पूजक।

# भारत की सड़कों पर सरपट दौड़ेंगे इलेक्ट्रिक व्हीकल्स

* बड़ा रोड मैप बना रहा नीति आयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दुनिया भर में तेजी से बढ़ते कार्बन उत्सर्जन की वजह से जहरीले होते जा रहे धरती के पर्यावरण के संरक्षण की दिशा में भारत के नीति आयोग ने भी महत्वपूर्ण कदम उठाना शुरू किया है. आयोग ने भारत के कार्बन पदचिह्न को कम करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को अधिकतम संख्या में चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने की कवायद शुरू की है. इसके लिए एक दिन पहले ÷महारत्नों÷ के साथ एक बैठक की है.नीति आयोग के सलाहकार सुधेंदु सिन्हा ने मीटिंग की अध्यक्षता की. उन्होंने कहा,जहां तक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का सवाल है, यह राष्ट्रीय हित में है और इसीलिए इस पर जोर दिया गया है. वे (महारत्न) अपने तरीके से इस पर काम करने की कोशिश कर रहे हैं और हम सिर्फ ये समझना चाहते थे कि वे क्या योजना बना रहे हैं और किस प्रकार आगे बढ़ रहे हैं. महारत्नों के पास बहुत अच्छी संख्या में बेड़े (ईवी) हैं और इसलिए हम जानना चाहते थे कि वे इसे कैसे आगे बढ़ाने का प्रस्ताव रखते हैं.



बैठक सकारात्मक रही.नरेंद्र मोदी सरकार का लक्ष्य है कि 2030 तक नए निजी वाहन पंजीकरण में 30 फीसदी ईवी शामिल हों. अगर यह लक्ष्य हासिल होता है तो 2030 तक 8 करोड़ इलेक्ट्रिक वाहन भारत की सड़कों पर चलेंगे, जो कार्बन उत्सर्जन कम करने में बड़ा प्रभावी होगा.सड़कों पर बैटरी की चार्ज खत्म हो जाने के बाद बिना रुके ये वाहन गंतव्य की और बढ़ते रहें, इसके लिए भारत को कुल 39 लाख सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन की आवश्यकता होगी. प्रति 20 वाहनों पर 1 स्टेशन के अनुपात में देश को कुल 46,000 चार्जिंग स्टेशनों की आवश्यकता होगी. वर्तमान अनुपात, प्रति 135 ईवी पर लगभग 1 चार्जिंग स्टेशन है. यह प्रति 6 से 20 ईवी पर 1 चार्जिंग स्टेशन के वैश्विक अनुपात से काफी कम है.

## झारखंड में हमास का सपोर्ट करने बांग्लादेशी और रोहिंग्या : बाबूलाल मरांडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड में हमास का समर्थन करने वालों को बांग्लादेशी और रोहिंग्या हैं। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पर के माध्यम से कहा कि कांग्रेस शासित झारखंड, कर्नाटक सहित कई अन्य राज्यों में हमास आतंकवादियों के समर्थन में रैली निकाली जा रही है।

इजरायल पर फिलिस्तीन समर्थित हमास द्वारा किए जा रहे कायराना आतंकी हमले की भर्त्सना पूरा विश्व जगत कर रहा है। हाफिज सईद और ओसामा बिन लादेन के प्रति सम्मान जताने वाली और 2008 मुंबई हमलों के बहाने हिन्दुओं को बदनाम करने वाली कांग्रेस का आतंक के प्रेम भाव सर्वविदित है। बाबूलाल ने सवाल उठाते कहा कि झारखंड समेत हमारे देश की प्रबुद्ध जनता ये तय करे कि आतंकियों के साथ खड़ा होने वाले ये लोग आखिर कौन हैं? इनकी मंशा क्या है? ये लोग या तो बंग्लादेशी-रोहिंग्या हैं या उनके समर्थक।

बाबूलाल मरांडी ने स्वास्थ्य विभाग, झारखंड को मृतप्राय बताया है। सोशल मीडिया पर इस संबंध में सूचना साझा करते कहा कि जमशेदपुर में लगातार 33 बार फोन करने के बाद भी एंबुलेंस नहीं पहुंची। इससे अंततः दो गरीब महिलाएं जिंदगी की जंग हार गयीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने महज कुछ करोड़ रुपये कमीशन के चलते पहले से एम्बुलेंस का संचालन कर रही कंपनी को टर्मिनेट कर नई कंपनी को एंबुलेंस सेवा के लिए अनुबंधित किया लेकिन यह कुछ करोड़ रुपये ही झारखंड की गरीब जनता के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं। हेमंत को चाहिए कि पैसों का मोह छोड़ कर जनता की सेवा के लिए ऐसी अक्षम कंपनी का अनुबन्ध तुरंत समाप्त करें।

बाबूलाल ने साहिबगंज जिले में एक गर्भवती महिला को एम्बुलेंस नहीं मिल पाने के कारण उसे बहंगी में लादकर अस्पताल तक पहुंचाने के मसले पर कहा कि एम्बुलेंस अनुपलब्धता के कारण मरीजों को हुई परेशानी की खबरें लगातार आते रहती हैं लेकिन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और उनका विभाग कोई संज्ञान नहीं लेता। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जिस जिले का प्रतिनिधित्व करते हों, वहां बुनियादी स्वास्थ्य व्यवस्था की यह दयनीय हालत हेमंत के लिए भी 'चुल्लू भर पानी में डूब मरने वाली' स्थिति है। इन लोगों ने झारखंड की गरीब आदिवासी जनता के जीवन को नर्क बना दिया है।


### झारखंड का कैबिनेट ही घोटाला करने में पूरी तरह लिप्त : अविनेश

**रांची :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने शनिवार को कहा कि राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के विधानसभा क्षेत्र से ही जन वितरण प्रणाली में बहुत बड़े घोटाले की बात सामने आई है। इतना ही नहीं इसमें राज्य के मंत्री भी शक के दायरे में हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के जिस जिले की आधी से अधिक आबादी गरीबी रेखा से नीचे निवास करती हो उनके खाने का निवाला भी इस भ्रष्ट निकम्मी सरकार ने छीनने का कार्य किया है, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। जिस राज्य का मुख्यमंत्री ही ईडी के बार-बार बुलाए जाने पर इधर-उधर भागा चल रहा हो, उस राज्य की पूरी व्यवस्थाएं चौपट होना स्वाभाविक है। राज्य की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है द्य उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जब भाजपा की सरकार आएगी तब पाई-पाई का हिसाब भी लिया जाएगा और भ्रष्टाचारियों को सजा दिलाने का भी कार्य किया जाएगा।

# नेतन्याहू ने हमास को पूरी तरह से नष्ट करने का जताया संकल्प

एजेंसी

**येरूशलम :** गाजा पट्टी पर इजरायली सेना के संभावित जमीनी हमले की तैयारियों के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास को पूरी तरह से नष्ट करने का संकल्प जताया है. नेतन्याहू ने शुक्रवार देर रात राष्ट्रीय टेलीविजन पर संबोधन के दौरान यह चेतावनी दी. इजरायल पिछले शनिवार को हमास आतंकवादियों द्वारा किए गए सीमा पार हमले के बाद से गाजा पर हवाई हमले कर रहा है. हमास के हमले में 1,300 से अधिक लोग मारे गए थे. इजरायल ने शुक्रवार तड़के गाजा की आधी आबादी को अपने घर खाली करने का आदेश दिया था. नेतन्याहू ने कहा कि %यह सिर्फ शुरुआत है.हम इस युद्ध को पहले से भी अधिक मजबूती से खत्म करेंगे. हम हमास को खत्म कर देंगे.वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास आतंकवादी संगठन अलकायदा से भी बदतर है. बाइडेन ने फिलाडेल्फिया में 'हाइड्रोजन हब्स' में कहा कि 'हमें जितना अधिक इस हमले के बारे में पता चलता है वह उतना और अधिक भयावह प्रतीत होता है.



इजरायल ने हमास की हवाई सेना के चीफ को किया ढेर

एक हजार से अधिक निर्दोष लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें 27 अमेरिकी भी शामिल हैं.' उन्होंने कहा कि 'इनके मुकाबले तो अलकायदा भी कुछ ठीक लगता है. ये शैतान हैं. जैसा मैं शुरुआत से कहता आ रहा हूं कि अमेरिका इसे लेकर गलती नहीं कर रहा, वह इजराइल के साथ है. इजराइल-हमास जंग के मद्देनजर हिंसा भड़कने की आशंका के बीच अमेरिका के न्यूयॉर्क, लॉस एंजिलिस और अन्य शहरों में पुलिस ने गश्त बढ़ा दी, संसद भवन के चारों ओर सुरक्षा कड़ी कर दी और कुछ स्कूलों को बंद कर दिया. हालांकि कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने कहा कि अमेरिका में खतरे की कोई पुष्ट सूचना नहीं है. हमास के एक पूर्व नेता के 'आक्रोश का दिन' की घोषणा से अमेरिका का यहूदी समुदाय भयभीत है और उनके प्रार्थना स्थलों, स्कूलों तथा सांस्कृतिक संस्थानों के आसपास सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है. यह घबराहट इस बात का संकेत है कि इजराइल और हमास के बीच युद्ध की गूंज पूरी दुनिया में किस कदर सुनायी दे रही है जिससे यहूदी समुदाय कोई विश्वसनीय खतरा न होने के बावजूद डरा हुआ है.